सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-312 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 07 मई 2025
08 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## न्यूज डायरी

### पाकिस्तान सीमा के पास हवाई अभ्यास करेगी भारतीय वायु सेना



**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना 7 मई से भारत-पाकिस्तान सीमा पर रेगिस्तानी क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में अभ्यास करेगी। इस अभ्यास में राफेल, मिराज 2000 और सुखोई-30 सहित सभी अग्रणी विमान भाग लेंगे। इसको लेकर भारत की ओर नोटम जारी किया गया है। केंद्र के गृह मंत्रालय ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पत्र भेजा। जिसमें कहा गया कि वे 7 मई को मॉक ड्रिल (अभ्यास) करें, ताकि किसी भी दुश्मन देश के हमले की स्थिति में तैयारी पूरी रहे। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को देखते हुए उठाया गया है।

### वीरान नजर आ रही धर्मनगरी



**श्रीनगर।** दो सप्ताह पहले पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के बाद देशभर में युद्ध जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। इस हमले ने ना केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाई है बल्कि देश के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही पर भी गहरा असर डाला है। विशेष रूप से मां वैष्णो देवी की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। मौजूदा समय में हर दिन औसतन 12 से 13 हजार श्रद्धालु मां के भवन के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। मंगलवार शाम छह बजे तक 12 हजार 600 श्रद्धालु मां के दरबार के लिए रवाना हुए। इनमें लगभग 70 प्रतिशत श्रद्धालु जम्मू-कश्मीर से ही संबंधित थे। पहले गर्मी के इस मौसम में हजारों श्रद्धालुओं से गुलजार रहने वाली धर्मनगरी अब वीरान नजर आ रही है। स्थानीय दुकानदारों, होटल व्यवसायियों और तीर्थ यात्रा से जुड़े लोगों की आमदनी पर इसका सीधा असर पड़ा है।

## योगी कैबिनेट : नई स्थानांतरण नीति सहित 11 महत्वपूर्ण फैसले लिए गए

# अडानी से बिजली खरीदेगा यूपी

- नई तबादला नीति पर मुहर
- दुधवा महोत्सव कराएगी प्रदेश सरकार
- प्राइवेट बसों के लिए बनेंगे बस स्टैंड

**लखनऊ।** यूपी कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक आज हुई। बैठक के बाद हुई पत्रकार वार्ता में मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बैठक के महत्वपूर्ण फैसलों के बारे में जानकारी दी। कैबिनेट के फैसलों में प्रदेश में पार्किंग का स्थान तय करने पर चर्चा हुई।

कैबिनेट ने फैसला लिया कि उत्तर प्रदेश के सभी नगर निगमों में एक समान पार्किंग नियम लागू किए जाएंगे। इसके साथ ही साथ प्रदेश में कर्मचारियों के तबादलों की नई नियमों की घोषणा की गई। इसी बैठक में तबादले की नई नीति पर मुहर लगी। अब प्रदेश के सभी कर्मचारियों के तबादले 15 मई से 15 जून के बीच होगी। उसके पहले संबंधित विभाग में इसकी पूरी प्रक्रिया कर ली जाएगी। योगी सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी स्थित दुधवा टाइगर रिजर्व में दुधवा महोत्सव कराने का निर्णय लिया है। दुधवा महोत्सव नवंबर में होगा। यह प्रदेश का पहला आवासीय सांस्कृतिक एवं वन्यजीव महोत्सव है। तीन दिवसीय महोत्सव-25 न सिर्फ प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और जैविक समृद्धि का उत्सव होगा, बल्कि यह पर्यटकों को जंगल की गोद में प्रकृति से जुड़ने और थारू संस्कृति को करीब से जानने का मौका भी देगा। साथ ही देश की जानी मानी हस्तियों द्वारा परफॉर्मेंस भी दी जाएगी।यूपी में बिजली की खरीद अडानी पॉवर लिमिटेड से होगी। लगभग 5 रूपए 38 पैसे प्रति यूनिट की दर से यह बिजली खरीदी जाएगी। एक अनुमान के मुताबिक इससे 2958 करोड़ की बजत होगी। बिजली आपूर्ति की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सरकार 1600 मेगावाट की परियोजना से 1500 मेगावाट बिजली खरीदने का प्रस्ताव पारित करेगी। यह खरीद प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग के आधार पर होगी, जिससे राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इससे प्रदेश में बिजली व्यवस्था बेहतर होगी। यूपी में निजी बसों के संचालन को व्यवस्थित करने के लिए सरकार उत्तर प्रदेश स्टेट कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापना एवं विनियमन) नीति 2025 लागू करेगी।

### कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले



- राज्य कर्मचारियों की तबादला नीति को मंजूरी, 15 मई से 15 जून के बीच होंगे तबादले
- शहरों में नई पार्किंग नीति को मंजूरी, पीपीपी मॉडल पर बनेगी पार्किंग।
- पहले चरण में 17 नगर निगमों में पार्किंग नीति की होगी शुरूआत।
- पार्किंग के लिए पांच साल के लिए दिया जाएगा लाइसेंस।
- पार्किंग का किराया नगर निगम तय करेंगे।
- राज्य कर विभाग का दर्जा, व्यवसायिक से बदलकर सेवारत विभाग किया गया
- उत्तर प्रदेश स्टेट कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क( स्थापना व विनियमन) नीति 2025 प्रस्ताव को मंजूरी।



### सुप्रीम कोर्ट के 21 न्यायाधीशों ने सार्वजनिक की अपनी संपत्ति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना समेत अधिकतर न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक कर दिया है। शीर्ष अदालत की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर 33 न्यायाधीशों में से 21 ने सोमवार को अपनी संपत्ति घोषित की। न्यायाधीशों अपने खुद के अलावा जीवनसाथी की संपत्ति भी सार्वजनिक कर दी। न्यायाधीशों ने एक अप्रैल को पूर्ण न्यायालय के फैसले पर अमल करते हुए सोमवार रात शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपनी-अपनी संपत्तियों का पूरा ब्यौरा घोषित किया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले मुख्य न्यायाधीश खन्ना के पास दक्षिण दिल्ली में तीन बेडरूम का डीडीए फ्लैट, दिल्ली के कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज में दो पार्किंग स्पेस के साथ चार बेडरूम का फ्लैट/अपार्टमेंट है।

## भारत, ब्रिटेन के बीच ‘ऐतिहासिक’ मुक्त व्यापार समझौता पूरा

### 99 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क हटेगा, पीएम मोदी ने की घोषणा



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और दोगुना योगदान संधि (डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन) को अंतिम रूप दे दिया है। यह समझौता दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देगा और कई क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टार्मर से बातचीत के बाद मंगलवार को इसकी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक ऐतिहासिक मील के पत्थर के रूप में भारत और ब्रिटेन ने दोगुने योगदान समझौते के साथ-साथ एक महत्वकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। ये ऐतिहासिक समझौते हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे और हमारी दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार एव नवोन्मेषण को बढ़ावा देंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह जल्द ही भारत में स्टार्मर का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि ब्रिटेन के साथ एफटीए एक आधुनिक, व्यापक और ऐतिहासिक समझौता है, जो व्यापार उदारीकरण और शुल्क रियायतों के साथ गहन आर्थिक एकीकरण भी हासिल करना चाहता है। मंत्रालय ने कहा कि भारत को लगभग 99 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों पर शुल्क हटने से लाभ होगा, जो लगभग 100 प्रतिशत व्यापार मूल्य को कवर करता है। दोनों नेताओं ने इसे द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी में ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया, जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, नवोन्मेषण और रोजगार सृजन को बढ़ा देगा।

## सेना के दो जवान शहीद

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास मंगलवार को एक वाहन के खाई में गिरने से दो जवान बलिदान हो गए, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हालांकि सेना की ओर से देर शाम तक औपचारिक पुष्टि नहीं की गई थी। सूत्रों के अनुसार, वाहन करनाह के टीटवाल इलाके में रेयाला मुरचाना रोड पर खाई में गिर गया। इस दौरान दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले आज ही के दिन जम्मू संभाग के मेंढर उपजिले के मनकोट तहसील के गांव घानी से मेंढर आ रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में दो लोग मारे गए और 30 से अधिक गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मेजर सहित छह जवानों की मौत

**इस्लामाबाद।** अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना के वाहन पर बड़ा हमला हुआ है। इस हमले में पाकिस्तानी सेना की फ्रंटियर कोर (एफसी) के सात जवान मारे गए हैं। जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट प्रांत के बोलान इलाके में आमिर पोस्ट और अली खान बेस के बीच हुआ। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हमले में पाकिस्तानी सेना के मेजर तारिक इमरान, नायक आसिफ, सुबेदार फारूक, नायक मशकूर, सिपाही वाजिद, सिपाही काशिफ की मौत हुई है।

## यूपी में छह और अवैध मदरसों पर गरजा बुलडोजर, 18 को किया सील

### लखीमपुर, श्रावस्ती और बहराइच में प्रशासन ने की कार्रवाई



**लखनऊ।** अवैध व बिना मान्यता के संचालित मदरसों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। मंगलवार को श्रावस्ती, लखीमपुर और बहराइच में सरकारी जमीनों पर बने दो-दो मदरसों पर बुलडोजर चलाया गया। श्रावस्ती में बिना मान्यता के संचालित 18 मदरसों को सील कर दिया गया। श्रावस्ती में अब तक 100 अवैध मदरसों को सील किया जा चुका है।

लखीमपुर के थारू बाहुल्य क्षेत्र चंदनचौकी में नेपाल बार्डर के समीप गांवों में बिना मान्यता के चलते मिले दो मदरसों को प्रशासन ने सील कर दिया है। दोनों मदरसों में 57 बच्चे पढ़ रहे थे। बच्चों का प्रवेश निकट के प्राथमिक विद्यालयों में कराने के निर्देश दिए गए हैं। उधर बहराइच में भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाके में दो मदरसों पर मंगलवार को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया गया। जांच के दौरान दोनों मदरसे अवैध मिले थे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि मदरसे के वैध दस्तावेज मांगे गए थे, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस पर मदरसा अनियमित तरीके से संचालित मिलने पर सील कर दिया था।

## पीएम के पास था हमले का इनपुट: खड़गे

- पहलगाम हमले से 3 दिन पहले भेजी गई थी खुफिया रिपोर्ट, रद्द कर दिया था अपना दौरा



**रांची।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को दावा किया कि गत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले से तीन दिन पहले खुफिया रिपोर्ट के आधार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना जम्मू-कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने यहां कांग्रेस की ‘संविधान बचाओ रैली’ को संबोधित करते हुए यह सवाल भी किया कि इसी खुफिया रिपोर्ट के आधार पर लोगों की सुरक्षा क्यों नहीं की गई? उन्होंने कहा कि सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर खुफिया विफलता की बात स्वीकार की है और ऐसे में उसे 26 लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। खरगे ने इस बात को दोहराया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए हर कदम का कांग्रेस समर्थन करेगी तथा सरकार के साथ खड़ी होगी।

बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने कम से कम 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। इनमें ज्यादातर पर्यटक थे। भारत ने इस भयावह घटना के लिए पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी समूहों को जिम्मेदार बताया है। खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा, ‘‘22 अप्रैल को देश में एक बहुत बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 बेगुनाह लोग मारे गए। सरकार ने यह माना कि ये खुफिया विफलता है और इसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने सवाल किया, ‘‘जब आपको यह (खुफिया विफलता) मालूम है तो पहले ही अच्छी व्यवस्था क्यों नहीं की गई?’ खरगे ने इस बात पर जोर दिया, ‘‘जब आप चूक को मान रहे हैं तो इतने लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी आपको लेनी चाहिए।’’ उनका कहना था, ‘‘पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों के खिलाफ लड़ने के लिए सरकार जो भी कदम उठाएगी, हम उसका पूरा समर्थन करेंगे। उन्होंने दावा किया, ‘‘मुझे यह भी सूचना मिली है, अखबारों में भी यह आया है कि हमले के तीन दिन पहले वहां से खुफिया रिपोर्ट मोदी जी को भेजी गई थी। इसी कारण मोदी जी ने कश्मीर जाने का कार्यक्रम रद्द किया था।’’ कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया कि जब खुफिया तंत्र के लोगों का कहना था कि प्रधानमंत्री का जाना मुनासिब नहीं है तो यही बात अपनी खुफिया एजेंसियों के लोगों को, सुरक्षा के लोगों को, पुलिस और वहां सीमा सुरक्षा बल को क्यों नहीं बताई गई और लोगों की सुरक्षा क्यों नहीं की गई? प्रधानमंत्री मोदी की जम्मू-कश्मीर यात्रा 19 अप्रैल को निर्धारित थी, लेकिन प्रतिकूल मौसम पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दी गई थी। प्रधानमंत्री को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे पुल का उद्घाटन करना था और कटरा से श्रीनगर के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखानी थी। खरगे ने कहा, ‘‘देश सबसे बड़ा है। इसके बाद ही पार्टी, धर्म और जाति आती है। हमने देश के लिए अपनी जान दी है।

## भारत का पानी भारत के हक में बहेगा पाकिस्तान को पीएम मोदी की दो टूक

- हम राष्ट्र को सबसे पहले रखते हैं
- भारत ने सिंधु जल संधि रोकने का किया फैसला



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को खत्म कर दिया है। वहीं इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार सार्वजनिक तौर बयान दिया है।

पीएम मोदी ने कहा- भारत का पानी पहले बाहर जाता था, अब वह भारत के हितों के लिए रुकेगा और देश के काम आएगा। यानि जो पानी पहले भारत की सीमा से बाहर जा रहा था (खासकर पाकिस्तान या बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में बहने वाले नदी जल के संदर्भ में), अब भारत सरकार उस पानी को देश के हित में रोकने और उपयोग में लाने की योजना बना रही है। पीएम मोदी ने आगे कहा, %एक समय था जब कोई भी जरूरी कदम उठाने से पहले लोग सोचते थे कि दुनिया क्या सोचेगी... वे सोचते थे कि उन्हें वोट मिलेगा या नहीं, उनकी सीट सुरक्षित रहेगी या नहीं। इन कारणों से बड़े सुधारों में देरी हुई। कोई भी देश इस तरह आगे नहीं बढ़ सकता। देश तभी आगे बढ़ता है जब हम राष्ट्र को सबसे पहले रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब लोग अब देश को देखते हैं, तो वे गर्व से कह सकते हैं कि लोकतंत्र काम कर सकता है और इस बात पर जोर दिया कि सरकार जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से सकल जन सशक्तिकरण (जीईपी) पर आधारित प्रगति की ओर बढ़ रही है। सिंधु जल संधि को रोकने का फैसला कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) ने लिया, जो राष्ट्रीय सुरक्षा पर सरकार की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। भारत ने स्पष्ट किया है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना बंद नहीं कर देता, तब तक यह निलंबन प्रभावी रहेगा। ये इस संधि की शुरुआत के बाद से यह पहली बार है कि भारत ने आधिकारिक तौर पर इस पर रोक लगाई है - यह उसके कूटनीतिक रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। लगातार तनाव के कारण वर्षों से समीक्षा के लिए समय-समय पर आह्वान के बावजूद, संधि अब तक अछूती रही है। सिंधु जल संधि के तहत भारत 1960 से पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों के पानी का बड़ा हिस्सा देता रहा है, जबकि सतलुज, रावी और ब्यास नदियों का जल भारत इस्तेमाल करता है। लेकिन हाल के वर्षों में यह बहस तेज हुई है कि भारत को अपने हिस्से के पानी का पूरा उपयोग करना चाहिए ताकि खेती, पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए देश में जल उपलब्धता बढ़ सके।

## तनाव के बीच तैयारी

### देश के सभी राज्यों में आज होगी मॉक ड्रिल

# बजेंगे सायरन, होगा ब्लैक आउट

- बुलंदशहर सबसे संवेदनशील
- शाम 4 बजे और 7 बजे मॉक ड्रिल के आयोजन की तैयारी



**नई दिल्ली/लखनऊ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए हैं। भारत के एक्शन से पाकिस्तान में हलचल मच गई है। इस बीच भारत सरकार ने बुधवार को देश के सभी राज्यों में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल कराने का एलान किया है।

सोमवार को इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से नोटिस जारी किया गया था। बताया गया कि देश भर के 244 चिह्नित जिलों में 7 मई को बड़े पैमाने पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के आयोजन का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में नागरिक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी 244 जिलों में बधवार यह अभ्यास शुरू होगा और 5 घंटे तक चल सकता है। इसी क्रम में कल उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मॉक ड्रिल की जाएगी। प्रदेश सरकार ने इसको लेकर तैयारियां कर ली हैं। प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा, 7 मई को सिविल डिफेंस के मॉक ड्रिल के संबंध में भारत सरकार से निर्देश प्राप्त हुए हैं। नागरिक सुरक्षा संगठन के नेतृत्व में होने वाली इस कवायद में जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन सेवा, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ आदि सहयोग करेंगे। डीजी नागरिक सुरक्षा अभय कुमार प्रसाद ने बताया कि बुधवार को शाम 4 बजे और 7 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन करने की तैयारी है। बता दें कि केंद्र सरकार ने प्रदेश के 19 जिलों में मॉक ड्रिल कराने का निर्देश दिया है, जिसमें बुलंदशहर सबसे संवेदनशील है। इसकी वजह बुलंदशहर के नरौरा का परमाणु विद्युत संयंत्र है। इसके अलावा आगरा, प्रयागराज, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, वाराणसी, बख्शी का तालाब, मुगलसराय, सरसवां, बागपत और मुजफ्फरनगर में मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि डीजीपी ने वर्तमान हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी जिलों में इसे आयोजित करने का निर्देश दिया है।

### पब्लिक एड्रेस सिस्टम किया दुरुस्त

बता दें कि बीते दिनों सीएम योगी के निर्देश पर सभी जिलों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम को दुरुस्त किया गया था, जिसका फायदा मॉक ड्रिल में देखने को मिल सकता है। प्रदेश के सभी चौराहों पर लाउडस्पीकर के जरिये जनता को संभावित हमले के खतरों के बारे में आसानी से आगाह किया जा सकेगा, जिससे लोग तत्काल सुरक्षित स्थानों पर जा सकेंगे।

## पीएम मोदी से मिले डोभाल तैयारियों की दी जानकारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें मौजूदा तैयारियों और स्थिति से अवगत कराया। डोभाल की प्रधानमंत्री मोदी के साथ यह दूसरी बैठक करीब 40 मिनट तक चली। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों को हमले की स्थिति में प्रभावी रक्षा उपायों के लिए मॉक सुरक्षा अभ्यास आयोजित करने के निर्देश देने के एक दिन बाद हुई इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डोभाल और केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने सोमवार को भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा स्थिति के बारे में उन्हें जानकारी दी थी। इस हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे। प्रधानमंत्री ने पिछले कुछ दिनों में सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों के साथ कई बैठकें की हैं। उन्होंने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति के सदस्यों के साथ भी बैठकें की हैं।

## चिनाब नदी का पानी रोकने से पाकिस्तान में जलसंकट

- सिंधु जल संधि का उल्लंघन कर रहा भारत
- भारत ने दो बांध बंद किए, पाक के 24 शहरों में तीन करोड़ लोगों पर असर

**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोके जाने के बाद नदी का जलस्तर कई गुना कम हो गया है, जिससे इस्लामाबाद में पानी की काफी किल्लत हो गयी है। पाकिस्तान ने भारत पर पहलगाम आतंकी हमले के बाद ‘जल युद्ध’ में शामिल होने का आरोप लगाया है। भारत ने सोमवार को इस्लामाबाद को सूचित किए बिना जम्मू के बगलिहार और सलाल पनबिजली बांधों के माध्यम से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोक दिया, जिससे पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहा देश दहशत में आ गया। चिनाब के लगातार सूखने के बाद चार दिन में पंजाब के 24 अहम शहरों में 3 करोड़ से ज्यादा लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ सकता है। पाकिस्तान में पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। पाकिस्तान के फैसलाबाद और हाफिजाबाद जैसे घनी आबादी वाले शहरों में पानी की किल्लत हो सकती है, जहां 80 प्रतिशत आबादी पेयजल के लिए चिनाब के सतही पानी पर ही निर्भर रहती है। डॉन ने पाकिस्तानी अधिकारियों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान में पंजाब के सियालकोट स्थित मारला हेडवर्क्स में दर्ज चिनाब का जलस्तर रविवार को 35,000 क्यूसेक से घटकर सोमवार सुबह लगभग 3,100 क्यूसेक हो गया, जो 11 गुना से अधिक की कमी दर्शाता है। पंजाब सिंचाई विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की और कहा, रविवार को निर्णय लेने के बाद उन्होंने चिनाब नदी के बहाव को पाकिस्तान की ओर लगभग रोक दिया है।

CMYK

# कलेक्ट्रेट में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी** केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण के लिए जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट में खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा %मधुर% की अध्यक्षता और धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुयी। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।बैठक में मुख्य रूप से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, डीएफओ सौरीस सहाय, एडीएम संजय कुमार सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, एमएलसी प्रतिनिधि रानू गुप्ता, समिति के नामित सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि सभी अधिकारियों ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जरूरी जानकारी उपलब्ध कराते हुए जिले के उल्लेखनीय कार्यों को भी रेखांकित किया। सभी अधिकारी टीम भावना से केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को जमीन पर साकार करते हुए जिले को सभी फ्लैगशिप योजना में प्रथम स्थान पर लाने हेतु संकल्पित होने होकर काम करें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियो को धन्यवाद भी कहा। सांसद आनंद भदौरिया ने कहा कि शासन की योजनाओं का गुणवत्तापरक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाए। जिले के अभिनव कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने रिवैंप योजना के तहत ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि व जर्जर लाइनों के सुधार की प्रगति भी जानी स्वास्थ्य समीक्षा में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि जननी सुरक्षा योजना में 59,899 महिलाओं को 8.38 करोड़ रुपये, और निक्षय पोषण योजना में 11,170 क्षय रोगियों को 7.96 करोड़ रुपये दिए गए। सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा पांच केंद्रों पर उपलब्ध है। 167 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित कर ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया पीडी एसएन चौरसिया ने बताया कि पीएम आवास (ग्रामीण) योजना में 2465 लक्ष्य के सापेक्ष सभी आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से 1937 पूरे हो चुके हैं। आवास प्लस सर्वे 2.0 में अब तक 1,83,881 लोगों का सर्वे हुआ है, जिसकी समय सीमा 15 मई तक बढ़ा दी गई है। डीएसडब्ल्यूओ तेजस्वी मिश्रा ने बताया कि 69,619 बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन मिल रही है और 1989 नए आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। पीओ डूडा डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि पीएम आवास (शहरी 2.0) योजना के तहत अब तक 37,434 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका सत्यापन जारी है। अभी तक 2,793 लाभार्थियों को आवास स्वीकृत किए गए हैं समीक्षा के दौरान डीडी कृषि ने बताया कि कृषि यंत्रों का वितरण ई-लॉटरी से सीडीओ की निगरानी में पारदर्शी रूप से किया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड व विशेष अभियान की जानकारी दी गई। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2024-25 में 1,579 किसानों को 132.97 लाख रुपये का लाभ मिला। रबी फसल के लिए अब तक 19,559 किसानों ने बीमा कराया है। खरीफ 2025-26 के लिए बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने अवैध खनन परिवहन मामलों में प्रवर्तन कार्यों और घरौनी वितरण की प्रगति बताई। बैठक में केंद्र सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

## सीडीओ ने प्रस्तुत किया योजनाओं का ब्यौरा

बैठक का संचालन करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना (एनआरएलएम), पीएम ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, पीएम आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन-ग्रा, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, पीएम कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू-रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, एनआरयूएम, राष्ट्रीय विरासत शहर विकास वृद्धि योजना, पीएम फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, मिड-डे-मिल, पीएम उज्ज्वला आदि योजनाओं की कार्यप्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# द्वाराचार के समय उड़ाए जा रहे नोट झपटने के दौरान दो पक्षों में विवाद

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** भीरा में एक रिसोर्ट में सोमवार की रात द्वाराचार के समय उड़ाए जा रहे नोट झपटने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया सूचना पर पहुंचे दो सिपाहियों ने जब विवाद शांत कराने की कोशिश की तो ऐसे में लोगों ने सिपाहियों पर हमला कर दिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। पथराव शुरू कर दिया। इससे समारोह में भगदड़ मच गई हमलावरों की पिटाई और पथराव से एक सिपाही का सिर फूट गया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। जबकि दूसरे सिपाही को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सिपाही को स्थानीय वन बीट अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी है कस्बा भीरा में स्थित औजला रिसोर्ट में सोमवार की रात एक वैवाहिक समारोह चल रहा था। रात करीब 11 बजे द्वाराचार में बराती पक्ष के लोग नोट उड़ा रहे थे। इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोग रुपये उठाने लगे जिसका बारातियों ने विरोध किया। इसको लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया है। बताते हैं कि आरोपी नशे की हालत में थे। विवाद बढ़ने पर किसी ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पाकर सिपाही प्रदीप चीमा एक साथी सिपाही के साथ मौके पर पहुंचा। सिपाही दोनों पक्षों को समझा रहे थे। इसी बीच दबंगों ने सिपाहियों पर हमला कर दिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी।

इस दौरान पथराव भी किया गया। इससे समारोह में भगदड़ मच गई। घराती और बाराती पक्ष ने रिसोर्ट के कमरों में छिपकर किसी तरह से जान बचाई। हमले में सिपाही प्रदीप चीमा का सिर फूट गया और वह लहूलुहान हो गया। सिपाहियों ने घटना की जानकारी एसओ को दी सूचना पर एसओ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस के आते ही हमलावर मौके से खिसक गए। पुलिस आनन-फानन में दोनों सिपाहियों को लेकर कस्बे के वनबीट अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल सिपाही प्रदीप चीमा को भर्ती कर लिया है। वहीं चोटिल सिपाही को उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। कराया गया जिससे उनका इलाज चल रहा है।

# मांगों को लेकर दूसरे दिन भी नगर पालिका परिसर में धरने पर बैठे रहे सभासद

**लखीमपुर खीरी।** अपनी मांगों को लेकर दूसरे दिन भी नगर पालिका परिसर में सभासद धरने पर बैठे रहे मंगलवार को खीरी नगर पंचायत के सभासद भी धरने में शामिल हुए इस दौरान नगर पालिका की अध्यक्ष डॉ.इरा श्रीवास्तव भी धरने पर बैठीं सभासदों ने सरकार से मांग की है कि नगर पालिका, नगर पंचायतों में जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को भी विधायक और सांसदों की तरह मानदेय व पेंशन दिया जाए डॉ. इरा श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी दिया जा चुका है। विधायकों को भी ज्ञापन देकर कहा है कि विधानसभा में कानून बनाने के लिए प्रस्ताव लाएं ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि पालिका, नगर पंचायत के सभासद, क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत सदस्य, पंच व जिला पंचायत सदस्य जो जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि होते हैं, जिनके पास ऐसा कोई मद नहीं होता है, जिससे जन समस्याओं का निराकरण करा सके। जबकि जनता द्वारा चुने गए सांसद, विधायकों को विकास निधि, वेतन और पेंशन तक उपलब्ध कराई जाती है।धरना प्रदर्शन में शांतिनगर की सभासद श्वेता यादव, बरकत अली, शमशुल हसन, महबूब अली, ब्रजेश पाल, निर्मला देवी, श्वेता शर्मा, पूर्व सभासद शिव किशोर अवस्थी, दीपक रस्तोगी, अनूप शुक्ला, किशोरी लाल, राजेश काका, खीरी के सभासदहाजी मो.इमरान, सईद, मकसूद, मो.शकील, अदनान मौजूद रहे।

# जिला कारागार का भ्रमण करने पहुंचे विधि छात्र-छात्राएं, लिया व्यवहारिक ज्ञान



**बदायूँ।** उझानी के बांके बिहारी कॉलेज ऑफ़ लॉ के विद्यार्थियों द्वारा जिला कारागार का भ्रमण किया गया। विद्यार्थी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अरुण प्रकाश सिंह के नेतृत्व में यहां पहुंचे थे मंगलवार को बांके बिहारी कॉलेज ऑफ लॉ, के विधि विभाग के छात्रों द्वारा जेल परिसर का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को दण्ड प्रक्रिया, जेल प्रशासन, कारावास में सुधारात्मक नीतियों तथा कैदियों के अधिकारों की व्यवहारिक जानकारी देना रहा।कारागार परिसर में विद्यार्थियों को जेल की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की दिनचर्या, पुनर्वास योजनाओं एवं जेल मैन्युअल की जानकारी दी गई।भ्रमण के दौरान जेल अधीक्षक राजेंद्र कुमार,जेलर कुंवर रणंजय सिंह,एवं उप जेलर मो खालिद खान द्वारा विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें जेल प्रशासन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण प्रकाश सिंह ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विधि विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध करते हैं और उन्हें न्याय प्रणाली को गहराई से समझने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस दौरान जेल अधिकारियों सहित डॉ अरुण प्रकाश सिंह,डॉ पंकज,डॉ विक्रम सक्सेना,मिस रोमा तथा अंतरिक्ष कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएम साहिबा ने किया प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर** - जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आज शाम 4:00 बजे तहसील नजीबाबाद में हरिद्वार रोड स्थित प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती कौर का दिव्यांग बच्चों ने बैंड और सलामी देकर स्वागत किया तथा आश्रम के मुख्य संचालक पादरी श्री शिब्बू एवं श्री बिन्नी द्वारा बुके देकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेम धाम आश्रम में जिस प्रकार मानवीय मूल्यों पर आधारित आत्मिकता, करूणा और दया भाव से दिव्यांग जनों की निःस्वार्थ रूप से सेवा की जा रही है, वह प्रशंसनीय, सराहनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होंने आश्रम के प्रबंधन तंत्र को आश्वस्त करते हुए कहा कि उक्त संबंध में किसी भी समस्या के समाधान और सहयोग के लिए जिला प्रशासन सदैव



तत्पर रहेगा। उन्होंने आश्रम में हर स्थान पर पाई जाने वाली स्वच्छता, प्रबंधन एवं व्यवस्था की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए संचालकों को बधाई दी। जिलाधिकारी ने प्रेम धाम आश्रम की तीन मंजिला इमारत में दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए स्थापित की गई नई लिफ्ट का फीता काट कर उद्घाटन किया और लिफ्ट द्वारा प्रथम तल पर अति दिव्यांग जनों को फल, कोल्ड ड्रिंक, बिस्कुट आदि पौष्टिक सामग्री पर आधारित किट का वितरण किया। आश्रम के संचालकों द्वारा इस अवसर पर जिलाधिकारी को दिव्यांग जनों के लिए बनाए गए आईसीयू यूनिट, किचन, मैस, बेड रूम्स की भ्रमण कराते हुए स्कूल कक्षाओं में दिव्यांग जनों को दी जाने वाली शिक्षा पद्धति तथा दिव्यांग जनों द्वारा उत्पादित फुटवियर, मेट्स, सजावट सामग्री का भी अवलोकन कराया गया। उन्होंने दिव्यांग जनों द्वारा उत्पादित सुंदर और आकर्षक उत्पादों की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा प्रेम धाम आश्रम की स्थापना और उसके आय स्रोतों के बारे में पूछे जाने पर पादरी श्री शिबू ने बताया कि आश्रम का भवन सेंट मेरी स्कूलों द्वारा बनवाया गया है तथा आश्रम का खर्च दान प्रक्रिया पर आधारित है। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग जनों द्वारा बहुत ही सुंदर गीत और आकर्षक नृत्य पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# सदर विधायक ने लाभार्थियों को वितरित की निःशुल्क दोना-पत्तल मेकिंग मशीन

**बदायूँ।** जिला ग्राम उद्योग कार्यालय परिसर में सदर विधायक द्वारा लाभार्थियों को निशुल्क टूलकिट वितरित की गई। मंगलवार को उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क टूलकिट्स योजना के अन्तर्गत जिला ग्रामोद्योग कार्यालय परिसर में निःशुल्क दोना-पत्तल मेकिंग मशीन का वितरण सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में दोना-पत्तल मेकिंग मशीन से सम्बन्धित लाभार्थियो को मशीन के रखरखाव व चलाने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये।इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार, तथा कार्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी ।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 238/2025 धारा 137(2)/87/65(1)/351(2) बीएनएस व 3(ग)/4 पाक्सो एक्ट में वांछित 01 नफर अभियुक्त तबरेज पुत्र साबिर अली निवासी ग्राम सुन्दरवल थाना फूलबेहड़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

## 09 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगो में 09 नफर वारण्टी अभियुक्तों श्रीराम पुत्र स्व0 मोहनलाल बाबू पुत्र लक्ष्मण ओमकार पुत्र रामस्वरूप संदीप पुत्र कामता प्रसाद बृजमोहन पुत्र भगवती मुनीम पुत्र द्वारिका लालबहादुर पुत्र मंगूलाल प्रमोद पुत्र रामदुलारे राजेश पुत्र रामदुलारे को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तो के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 10 मई (द्वितीय शनिवार) को जनपद न्यायालय लखीमपुर एवं तहसील स्तर पर किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखीमपुर-खीरी सैयद माऊज बिन आसिम के निर्देशन में संपन्न होगा इस तैयारी के अंतर्गत नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों की पहचान करें और उनका निस्तारण सुनिश्चित करें।

# एसपी सिटी ने ली परेड की सलामी,निरीक्षण कर दिए निर्देश



**बदायूॅं।** पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण एसपी सिटी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित परेड की सलामी लेने के उपरांत एसपी सिटी अमित श्रीवास्तव द्वारा परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्न आउट चेक करते हुए उन्हें ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने तथा जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। एसपी सिटी द्वारा लाइन में स्थित सभी शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उन्होंने आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जिले के सभी नगर निकाय अधिशासी अधिकारी अवैध कब्जे वाले स्थान की सूची एक सप्ताह के भीतर कराए उपलब्धः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर** - जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों में संचालित कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देश दिए कि अपने-अपने निकायों में सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों वाले स्थानों की सूची एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराएं तथा सभी निकाय क्षेत्रों में आय के स्रोतों का सृजन करते हुए राजस्व उपार्जन में वृद्धि करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी निकायों के अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि राजस्व वसूली का कार्य निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत रूप से पूरा होना चाहिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निकाय क्षेत्रों



में स्थापित गोशालाओं में संरक्षित गोवंशों के लिए सूखे चारे की व्यवस्था के अंतर्गत भूसा की खरीद उचित दामों पर ही करें और उसके सुरक्षित भण्डारण का पुख्ता इंतजाम करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने बरसात के दृष्टिगत सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित किया कि नगर के मुख्य नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दें तथा जो भी नाले टूटी अथवा जर्जर अवस्था में पाए जाते हैं उनको तत्काल ठीक करना सुनिश्चित करे। साथ ही उन्होंने सभी निकायों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत निरीक्षण कर ऐसे मार्गों का चिन्हांकन करें जहां बरसात में पानी भर जाता है, की सूची बनाकर उनको उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे जल भराव की समस्या को तत्काल दुरुस्त किया जा सके। उन्होंने निकायों के मुख्य मार्गो पर कूड़ा डालने की समस्या पर संबंधित को निर्देशित किया कि निकायों के मुख्य मार्गो की निरंतर मॉनिटरिंग करें तथा कूड़ा डालने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देशित किया कि निकायों के मुख्य मार्गो को चिन्हित करते हुए कूड़ा डालने की समस्या का तत्काल निस्तारण करें तथा निकायों के सीमावर्ती मार्गो की सफाई पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा पवन कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजनौर विकास कुमार सहित सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे!

## आज पहुंचेंगे सांसद चंद्रशेखर आजाद नजीबाबाद मेधावी छात्र - छात्र-छात्राओं को करेंगे सम्मानित

**नजीबाबाद** - आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद नजीबाबाद पहुंचेंगे! वह नजीबाबाद पहुंचकर आजाद समाज पार्टी कार्यालय विधानसभा 17 का शुभारंभ कर उत्तीर्ण हुए हाई स्कूल, इंटर और स्कूली बच्चों को सम्मानित करें! विधानसभा 17 के प्रत्याशी एवं आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी ने कहा कि सांसद के आने की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

# डीएम ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा एसबीडी जिला चिकित्सालय का बारीकी से औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय के ई0एन0टी0 ओ0टी0, सर्जरी ओ0टी0 का भी निरीक्षण किया जिसमें आपरेशन सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की। उन्होने ऑपरेशन थिएटर में आपरेशन काउन्टर स्थापित करने हेतु निर्देशित किया। चिकित्सकों द्वारा किये जाने वाले मरीजों के आपरेशन पंजीकरण पंजिका को देखा। सर्जरी करने वाले चिकित्सको को आदेशित किया गया की वे मरीजों की एक पंजिका तैयार करें जिसमें भर्ती होने वाले मरीजों का फॉलोअप इत्यादि की जानकारी दर्ज की जा सके। उन्होने मरीजों से वार्ता कर चिकित्सालय में मुहैया कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता एवं चिकित्सकों के व्यवहार के बारे में जाना। उन्होने सीएमएस कक्ष में लगे एलईडी डिस्प्ले पर सीसीटीवी कैमरों के संचालन की स्थिति को देखा। मनीष बंसल ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को आदेशित किया कि कोई भी चिकित्सक किसी भी मरीज को शासन द्वारा प्राप्त 287 औषधि के अतिरिक्त बाहर की औषधि न लिखे। उन्होंने निर्देश दिए कि हीट वेव से बचाव के लिए तैनात कर्मचारियों को ब्रीफिंग किया जाए ताकि वो अपने जिम्मेदारियों को अच्छे से पूर्ण कर सकें। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित रजिस्टर एवं अन्य रजिस्टरों को भी चेक किया। उन्होने निर्देश दिए कि उपस्थिति रजिस्टर में संबंधित अपने पूर्ण और स्पष्ट हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भर्ती मरीजों का बेहतर इलाज किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि सभी चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर समय से उपस्थित होकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें ताकि रोगियों को चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ मिल सके। चिकित्सकीय परामर्श, पैथोलॉजी जांच, औषधियों का वितरण एवं देखरेख में किसी प्रकार की लापरवाही व कोताही न बरती जाए। मरीजों से मृदु व्यवहार किया जाए। पैरामेडिकल स्टाफ एवं सफाई कार्मिकों का मरीजों एवं तीमारदारों से अच्छा आचरण बर्ताव सुनिश्चित हो।

# जिलाधिकारी ने संभावित बाढ से बचाव के दृष्टिगत की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि बाढ़ चैकियों को समय से क्रियाशील कर लिया जाए। गोताखोरों को चिन्हित करते हुए उनकी सूची अपडेट की जाए। प्रत्येक बाढ़ प्रभावित ग्राम में बाढ़ सुरक्षा समिति का गठन कर लिया जाए। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में संभावित बाढ के दृष्टिगत आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डीएसओ ड्राई राशन खरीदने संबंधी सभी तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नालों की सफाई समय से की जाए। ढमोला और पांवधोई नदी के तलों की सफाई के साथ संभावित बाढ़ क्षेत्रों में नदियों के किनारे ऊंचे बनाए जाएं। उन्होंने आपदा कंट्रोल रूम को 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए। बाढ़ के समय प्रयोग होने वाले उपकरणों की क्रियाशीलता की जांच कर लें। सिंचाई विभाग की योजनाओं के अंतर्गत चल रहे निर्माणों कार्यों के लिए संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर निरीक्षण करें। जिला पंचायत राज अधिकारी और अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मच्छरों की रोकथाम के उपायों की व्यवस्था करें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि भूसा और हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था रखें। लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि स्कूलों में बिजली गिरते समय किए जाने वाले बचाव के उपाय की जानकारी बच्चों को दी जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# 200 लोगों ने उठाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ

*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** नगर के मोहल्ला बेगम सराय में स्थित मेम्बर कलवा कुरैशी के आवास पर उजाला हॉस्पिटल काशीपुर के संयुक्त तत्वाधान मे एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर कैम्प का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ चेयरपर्सन पति जावेद विकार,पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी व मेम्बर कलवा कुरैशी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। जिसमें हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सा द्वारा लगभग 200 मरीज का परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। मंगलवार को नगर के मोहल्ला बेगम सराय में स्थित मेम्बर कलवा कुरैशी के आवास पर उजाला हॉस्पिटल काशीपुर के संयुक्त तत्वाधान मे एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी व मेम्बर कलवा कुरैशी द्वारा फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ हृदय रोग विशेषज्ञ नाक कान गला रोग विशेषज्ञ



त्वचा रोग विशेषज्ञ सामान्य फिजिशियन स्त्री रोग विशेषज्ञ दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा लगभग 200 मरीजों को परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर में मोहल्ले वासियों तथा नगरवासियों ने अपना परीक्षण कराया तथा दवाइयां प्राप्त की। वही उजाला हॉस्पिटल के यूनिट मार्केटिंग मैनेजर मोहम्मद रमीज ने बताया कि शिविर में मरीजों के बीपी, शुगर, वजन, आंखों और बीएमआई की जांच की गई। उन्होंने कहा कि आज के समय में असंतुलित खानपान और दिनचर्या में तनाव के कारण लोग अनेक प्रकार के रोगों का शिकार हो रहे हैं इनसे बचाव के लिए लोगों को खानपान और दिनचर्या में सावधानी बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी करना चाहिए। मेम्बर कलवा कुरैशी ने उजाला हॉस्पिटल काशीपुर यूनिट की टीम सहित कैम्प में पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी के आलावा भाजपा नेता वसीम अंसारी, प्रधान पति रईस एडवोकेट, मेम्बर दिलशाद ठेकेदार,डॉ अमित, डॉक्टर सौरभ शर्मा, डॉ राघव कुमार, मार्केटिंग मैनेजर मोहम्मद रमीज, साहिल रजा, संजीव शर्मा, राजकुमार, इरफान कुरेशी, इदरीश कुरैशी, सलीम कुरैशी, जरीफ कप्तान, फईम कुरैशी, जुनैद कुरैशी तथा शहज़ाद कुरैशी आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

# एम्स गोरखपुर के सहयोग से दृष्टिबाधित बच्चों को मिला सेहत का वरदान

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग ने दृष्टि बाधित बच्चों को सेहत के साथ साथ स्वस्थ आंखों का वरदान देने की पहल की है। इसी कड़ी में बसंतपुर के लालडिग्गी स्थित स्पर्श दृष्टि बाधित इंटर कॉलेज में एम्स गोरखपुर, सौ बेड टीबी अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की मदद से मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में इक्यावन बच्चों के आंखों की जांच और इक्यावन बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने स्वास्थ्य शिविर का दौरा किया।




उन्होंने कहा कि आंखों की स्क्रिनिंग के आधार पर जिन बच्चों में दृष्टि संबंधित उपचार की संभावना होगी उन्हें उच्च चिकित्सा सुविधा दिलाई जाएगी। जुलाई माह में एक बार पुनः इसी कॉलेज में शिविर लगाया जाएगा। सीएमओ डॉ झा ने बताया कि बच्चों के नेत्र जांच के दौरान कटरैक्ट, ग्लूकोमा, कार्निया ओपिसिटी जैसी बीमारियों के नौ मरीज चिन्हित किये गये हैं, जिन्हें अग्रिम इलाज दिया जाएगा। एम्स गोरखपुर के नेत्र विभाग के डॉ रामप्रकाश सिंह, डॉ शादमान परवीन, डॉ अखिल कुमार, डॉ विनोद शर्मा और नेत्र सर्जन डॉ विपिन जनार्दन राय की टीम ने सेवा दी। डिप्टी सीएमओ डॉ अश्विनी चौरसिया और बसंतपुर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मेघा की देखरेख में सौ बेड टीबी अस्पताल और केंद्र के स्वास्थ्यकर्मियों ने शिविर में योगदान दिया। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लक्ष्मी शंकर जायसवाल ने बताया कि पहली बार एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के चिकित्सा विशेषज्ञों ने कॉलेज में आकर सेवा दी। यह स्वास्थ्य विभाग की पहल के कारण संभव हो सका। इसके लिए सीएमओ डॉ राजेश झा और उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है। इस अवसर पर फार्मासिस्ट ओंकार नाथ मौर्या, एलटी अजय कुमार, स्टॉफ नर्स आशीष कुमार और वार्ड ब्वॉय शानु ने विशेष योगदान दिया। सीएमओ गोरखपुर डॉ राजेश झा ने एनेक्सी भवन में चल रहे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में सीएचओ प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। सीएमओ ने कहा कि सीएचओ को स्वास्थ्य सेवाओं में अनुकरणीय मॉडल पेश करना होगा। सभी सीएचओ गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच करें और साथ ही गर्भवती व प्रसूता को अच्छा परामर्श दें। मातृ शिशु मृत्यु दर रोकने में सीएचओ की अहम भूमिका है। उन्होंने सीएचओ को प्रत्येक स्वास्थ्य सेवा में बॉस्केट ऑफ च्वाइस देने की सलाह दी।

## बीईओ ने किया अकाल कक्षा कक्ष और दिव्यांग शौचालय का लोकार्पण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय केशोपुर में



नवनिर्मित अकाल कक्षा कक्ष और दिव्यांग शौचालय का लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएससी गोरखपुर की लखनऊ परियोजना में मीटिंग के कारण शिक्षा अधिकारी सहजनवा यज्ञ नारायण वर्मा के द्वारा किया गया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुरारी इंटरमीडिएट कॉलेज के प्राचार्य मेजर साकेत जी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सहजनवा के सहायक अध्यापक यादवेन्द्र कुमार यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेश शुक्ला, जिला के उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्रा महामंत्री अच्युतानंद त्रिपाठी अटेवा के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे मुरारी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता तथा अटेवा के जिला महामंत्री ज्ञान प्रकाश सिंह ने अपने विचार रखें।खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा की प्राथमिक विद्यालय केशवपुर निपुण विद्यालय है यहां के सभी शिक्षक प्रधानाध्यापिका तूलिका त्रिपाठी के साथ मिलकर पढ़ाई लिखाई का एक बेहतर माहौल लगातार बनाए रखे हुए हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेंद्र कुमार यादव जितेंद्र मिश्रा रीता त्रिपाठी अर्चना गुप्ता दिलीप कुमार त्रिपाठी सुरभि चौरसिया सलिला बुनकर सिंधुजा सिंह राजेंद्र सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में अध्यापक और अभिभावक उपस्थित रहे।

## कोतवाली पुलिस ने दो जालसाजों को किया गिरफ्तार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** अवैध व कूटरचित फिंगर प्रिंट क्लोन, मार्कशीट व अन्य प्रमाण पत्र बनाने के आरोप में 02 अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध व कूटरचित प्रमाण पत्र, प्रिंटिंग करने की सामग्री व अन्य सामान बरामद किया गया। इस सम्बंध में मुखबिर की सूचना और सुरागसी के बाद प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में, उ0नि0 आशीष कुमार पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा छापेमारी के दौरान अभियुक्त इमरान खान व श्याम बिहारी गुप्ता उर्फ गंगाराम को अंगूठे का क्लोन तैयार करने, कूटरचित अंकपत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र व अन्य अवैध/कूटरचित प्रमाण पत्र बनाने वाले उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया।

## डीसी मनरेगा ने किया मनरेगा कार्यो का निरीक्षण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह विकास खंड के ग्राम रिनियां पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चकरोड निर्माण कार्य की प्रगति देखी और मौके पर मौजूद मजदूरों के हित में जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी मनरेगा ने निर्माणाधीन चकरोड की गुणवत्ता और मापदंडों की जांच की। जब उन्हें पता चला कि चकरोड का विधिवत चिन्हांकन नहीं हुआ है, तो उन्होंने तत्काल राजस्व टीम से समन्वय कराकर चकरोड का चिन्हांकन कराया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर कार्य की पारदर्शिता और मजदूरी भुगतान के विषय में भी जानकारी ली। सबसे अहम बात यह रही कि तेज धूप और गर्मी के बीच कार्यस्थल पर मजदूरों के लिए बुनियादी सुविधाओं की कमी देखकर डीसी मनरेगा ने नाराजगी जताई। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को निर्देश दिए कि सभी कार्यस्थलों पर मजदूरों के लिए छाया और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जाए। डीसी रामेंद्र सिंह ने कहा, गर्मी के इस मौसम में मजदूरों के लिए कार्यस्थल पर छाया और पानी की व्यवस्था अनिवार्य है। यह न केवल मानवीय दृष्टिकोण से जरूरी है, बल्कि शासन की भी प्राथमिकता है।

## उम्मीद फाउंडेशन एवं आईएमसीएस ग्रुप में ऑपरेशन जागृति 4.0

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** एसपी क्राइम द्वारा उम्मीद फाउंडेशन एवम आईएमसीएस ग्रुप में ऑपरेशन जागृति 4.0 के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स को जागरुक किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक क्राइम ममता कुरील द्वारा थाना क्वार्सी अन्तर्गत उम्मीद फाउंडेशन एवम आईएमसीएस ग्रुप में ऑपरेशन जागृति 4.0 अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में ऑपरेशन जागृति अभियान 4.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई । महिलाओं/बालिकाओं हेतु शासन एवं पुलिस द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन- 1090, महिला हेल्पलाइन- 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा- 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि की जानकारी दी गई।

## होटल में छात्रा और ट्यूटर ने जहर खाकर किया सुसाइड

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ में एक शिक्षक और नाबालिग छात्रा की बेमेल प्रेम कहानी का बेहद दर्दनाक अंत हो गया। थाना रोरावर क्षेत्र के हाईवे पर स्थित होटल में सोमवार को दोनों का शव कमरे में संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। जांच में पता चला कि दोनों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। कमरे से सल्फास के दो पाउच भी बरामद किए गए हैं। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है। मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। खबर के मुताबिक मृतक 25 साल के टीचर चंद्रभान ने मथुरा से बीटेक की थी जिसके बाद वो अलीगढ़ के सारसौल इलाके में कोचिंग सेंटर मे पढ़ाता था। इसी कोचिंग सेंटर में एक आठवीं क्लास की छात्रा भी पढ़ने आती थी। इस दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और दोस्ती के बाद यह रिश्ता प्रेम में बदल गया। युवक के पिता का कहना है कि वो रोजाना की तरह सुबह घर से निकला था लेकिन फिर लौटकर वापस नहीं आया. उन्हें इस रिश्ते की जानकारी नहीं थी। होटल मालिक ने बताया कि नाबालिग छात्रा ने अपने असली नाम की जगह मुस्कान नाम से फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर होटल में एंट्री ली थी। होटल के रजिस्टर में यही नाम दर्ज है। युवक और किशोरी ने सोमवार की सुबह करीब 8 बजे होटल के कमरे नंबर 204 में प्रवेश किया। दोनों खुद ही अंदर चले गए थे लेकिन, जब शाम छह बजे तक दोनों कमरे से बाहर नहीं निकले, तो होटल संचालक को संदेह हुआ। होटल कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाया लेकिन, भीतर से कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद कमरे को मास्टर चाबी से खोला तो कमरे में जो दिखा वो भयावह था।

## हवाई हमले से बचने की मॉकड्रिल आज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से सीमा पर बढ़ते तनाव के चलते भारत सरकार ने हमले से पूर्व मार्क ड्रिल का आयोजन करने का निर्देश सीमावर्ती राज्यों को दिया है । इसी क्रम में नागरिक सुरक्षा द्वारा आज लोग को हमले को लेकर सजग किया जाएगा। इस सम्बंध में सरकार द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। मार्क ड्रिल के ज़रिए हवाई हमले से पहले और हमले के बाद क्या करना है क्या नहीं करना है इस बारे में जानकारी दी जाएगी। आईए जानते हैं कि हवाई हमले के दौरान और उसके बाद हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना है। **अलर्ट और सतर्कता-** एयर रैड सायरन की आवाज़ पहचानें, मोबाइल या रेडियो पर सरकारी अलर्ट सुनें, अफवाहों पर विश्वास न करें, केवल आधिकारिक सूचना पर ध्यान दें। **सुरक्षित स्थान (शरणस्थल)-** निकटतम बंकर या शरणस्थल की जानकारी रखें, अपने घर में मजबूत, बिना खिड़की वाला कमरा तैयार रखें, शरणस्थल तक जल्दी पहुँचने का रास्ता पहले से तय करें। **जरूरी वस्तुएँ तैयार रखें-** पीने का पानी (कम से कम 3 दिन का) सूखा भोजन (बिस्किट, ड्राई फ्रूट्स आदि) प्राथमिक चिकित्सा किट, टॉर्च और एक्स्ट्रा सेल, पोर्टेबल रेडियो, जरूरी दस्तावेज़ (आईडी, मेडिकल रिपोर्ट, बैंक डिटेल्स), मोबाइल चार्जर / पावर बैंक, अंधेरा और सुरक्षा, रात में सभी लाइटें बंद रखें (ब्लैकआउट) खिड़कियों पर मोटे पर्दे, काले कागज़ या ब्लाइंड लगाएँ, शीशे से दूर रहें, ज़मीन पर लेट जाएँ। **अभ्यास और तैयारी-** परिवार के साथ हवाई हमले की ड्रिल करें, बच्चों को सुरक्षित स्थान और प्रक्रिया सिखाएँ, पड़ोसियों के साथ आपसी सहयोग सुनिश्चित करें, **हमले के बाद क्या करें-** बाहर तभी निकलें जब सरकारी निर्देश मिले, घायल हों तो प्राथमिक उपचार करें, संदिग्ध वस्तु या बम दिखे तो छुए नहीं पुलिस को सूचित करें।

## स्कूटी चालक के खिलाफ केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** थाना रामगढ़ताल के मिर्जापुर निवासी रीना देवी पत्नी राम नगीना जो एकड़ंगा में 23 अप्रैल को रिश्तेदार के मौत की सूचना पर पहुंची थी। और फोरलेन के किनारे खड़ी थी। उसी दौरान एक स्कूटी चालक ने आकर उन्हें ठोकर मार दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिनको मेडिकल से लखनऊ के लिए रेफर किया गया था। इलाज के दौरान 24 अप्रैल को उनकी मौत हो गई थी। मृतिका के बेटे अंगद कुमार की तहरीर पर पुलिस ने स्कूटी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## जनपद में 7 मई को होगी मॉक ड्रिल

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर 7 मई को देशभर में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखना और आमजन को नागरिक सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ प्रदान करना है। इस संबंध में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों को मॉक ड्रिल के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले के चेतावनी सायरन बजाए जाएंगे, ब्लैकआउट की व्यवस्था की जाएगी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियो को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्क्षयता में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया की जनपद की आपातकालीन रेस्पॉन्स टीम को क्रियाशील रखे, सभी महत्त्वपूर्ण जगह का चिन्हांकन करा लिया जाए, सभी अस्पताल अग्निशमन केंद्र फायर हाइड्रेंट को चिन्हित कर लिया जाये, नगर क्षेत्रो मे लगे सभी पब्लिक एड्रेस सिस्टम को क्रियाशील किया जाये, एन0सी0सी0 एन0एस0एस0,नेहरू युवा केंद्र, स्काउट गाइड के माध्यम से स्कूल व कॉलेज में बच्चों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाये, ब्लैक आउट क्या होता है और इसमें क्या करना होता है इसके बारे में जनता को जागरूक किया जाये।

## तीन के खिलाफ दर्ज हुआ गैर इरादतन हत्या व मारपीट का केस

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र बड़गहन निवासी सुनील पासवान पुत्र स्व बगेदु जो भोजन बनाने का काम करता है। रविवार को पत्नी और बेटी घर पर थी। इसी दिन शाम 6 बजे के करीब बेटी पड़ोस की घर चली गई थी। उसे बुलाने गई तो बेटी आने को तैयार नहीं हो रही थी।

इसके बाद आरोपी युवक महिला को गाली गुप्ता देने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी की मांग बहन मिलकर पीड़ित की पत्नी को लाठी, डंडे, ईट, पत्थर से मारपीट कर घायल कर दिए। जिससे पत्नी बेहोश हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी महेंद्र,बहन खुशबू पासवान, मां मीरा देवी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या,मारपीट,जान मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## लोहे का चैनल चुराकर भाग रहे चोर को पकड़ा केस दर्ज

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के वसुधा निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र हरीराम सिंह के मकान में एक लोहे का चैनल रखा हुआ था।रविवार अपराह्न 2 बजे के करीब एक चोर लोहे का चैनल चुरा कर भाग रहा था। गांव का एक व्यक्ति ने उसे के जाते देख लिया। जिसकी जानकारी मिलने पर चोर को पकड़ लिया। जिसकी पहचान मनीष शर्मा पुत्र निवास शर्मा निवासी सिसवा थाना हरपुर बुदहट के रूप में हुई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर भाजपा भू माफिया के द्वारा चलाई गई गोलियों का शिकार हुए घायल को देखने पहुंचे अस्पताल

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद की विधानसभा कायमगंज सुरक्षित



क्षेत्र से पूर्व सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर अपने साथियों के साथ सैफई- करहल विधानसभा क्षेत्र के गांव मक्खन पुर में भाजपाई भू माफिया द्वारा जबर सिंह जाटव की जमीन हड़पने के लिए जानलेवा कई राउंड फायरिंग की। जिससे जबर सिंह जाटव की दाहिनी बाजू में गोली लगी। उन्हें देखने सैफई पीजीआई पहुंच शीघ्र स्वस्थ होने की हिम्मत दी। करहल तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजने का आग्रह किया। इस अवसर पर पीड़ित परिजनों के अलावा जाटव समाज के दर्जनों लोग साथ रहे। प्रमुख मदद कर्ता पूर्व विधायक अनिल यादव, महेश बाबू गौतम, नईम खान चेयरमैन, इरशाद मंसूरी, बाबा साहब वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष विजय जाटव, राष्ट्रीय सचिव अशोक अम्बेडकर, वरिष्ठ नेता भाई सुरेश भारती आदि लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में त्रैमासिक बैठक संपन्न

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग की जिलास्तरीय समिति की त्रेमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पिछली बैठक में दिये गये निर्देशो के अनुपालन की समीक्षा की गई,सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में पिछली तिमाही में 71 प्रतिष्ठानों से नमूने एकत्र किये गये है,13 विद्यालयों से मिड डे मील के 27 नमूने एकत्र किये गये है, 05 अस्पतालों की कैंटीन का निरीक्षण किया गया है,58 मीट विक्रेताओं के चालान किये गये है, जनपद के 43 रेस्टोरेंट व ढाबो का निरीक्षण किया गया है,154 नये पंजीकरण कराये गये है, औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि पिछले वित्तीय वर्ष में मेडिकल स्टोरों के कुल 414 निरीक्षण किये गये है,13 मुकद्दमे दर्ज कराये गये है, ब्लड बैंको के 11 निरीक्षण किये गये है।

## कार्यालय- खण्ड शिक्षा अधिकारी जोगिया, सिद्धार्थनगर

पत्राँक/ 30-32 /2025-26/ दिनांक : 06/05/2025

### कार्यालय ज्ञाप/प्रेस-विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचति किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सिद्धार्थनगर के पत्र पत्रांकः- समग्र शि0/नि0का0/9975-78/2024-25 दिनांक 19 फरवरी, 2025 के अनुसार विकास खण्ड-जोगिया के निम्नलिखित जर्जर भवनों की निलामी होनी है-

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | विद्यालय का नाम | जर्जर भवन का प्रकार | ध्वस्तीकरण उपरान्त प्राप्त होने वाली धनराशि रूपये में (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कडजहवा | पू0मा0वि0 कडजहवा | पू0मा0वि0 कडजहवा के परिसर में स्थित प्रा0वि0 मूल भवन | 29000.00 |
| 2 | कटहना | प्रा0वि0 कटहना | 1 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 16000.00 |
| 3 | सबुई-सबुआ | प्रा0वि0 सबुई | पुराना मूल भवन | 60000.00 |
| 4 | हरनी बुजुर्ग | प्रा0वि0 हरनी बुजुर्ग | 1 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 22000.00 |
| 5 | मजिगवा | प्रा0वि0 मजिगवा | 4 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 81000.00 |
| 6 | बंगरा | कं0पू0मा0वि0 बंगरा | मूल भवन प्राथमिक | 67000.00 |
| 7 | गायघाट | कं0पू0मा0वि0 गायघाट | मूल भवन प्राथमिक | 67000.00 |
| 8 | जखौलिया | पू0मा0वि0 जखौलिया | मूल भवन (03 कक्षा-कक्ष) | 75000.00 |
| 9 | फत्तेपुर | प्रा0वि0 फत्तेपुर | मूल भवन प्राथमिक | 85000.00 |
| 10 | मधवापुर | प्रा0वि0 मधवापुर | मूल भवन प्राथमिक | 63000.00 |
| 11 | टडिया बाजार | कं0पू0मा0वि0 टडिया बाजार | मूल भवन पू0मा0वि0 | 76000.00 |
| | | | 4 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 77000.00 |
| 12 | केवटलिया | प्रा0वि0 केवटलिया 1 | मूल भवन प्राथमिक | 69000.00 |
| 13 | करौंदा मसिना | प्रा0वि0 करौंदा मसिना | मूल भवन प्राथमिक | 68000.00 |
| 14 | जम्हिरिया | पू0मा0वि0 पहडवा | मूल भवन | 1,45000.00 |
| 15 | कटहना | कं0पू0मा0वि0 कटहना | 1 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 69000.00 |
| 16 | अमरिया | प्रा0वि0 अमरिया | 2 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 19000.00+17000.00 कुल योग-36000.00 |
| 17 | अमरिया | पू0मा0वि0 अमरिया | मूल भवन | 177000.00 |
| 18 | सेहुडा | प्रा0वि0 सेहुडा | मूल भवन प्राथमिक व 1 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 73000.00 |
| 19 | सेखुइया | प्रा0वि0 कुलंगवापुर | मूल भवन प्राथमिक | 77000.00 |

निलामी प्रकिया में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों/फर्मो/संस्था को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.05.2025 दिन मंगलवार समय प्रातः 10:00 बजे कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, जोगिया में नीलामी हेतु निर्धारित धनराशि का 25 प्रतिशत नकद रुप में नीलामी समिति के पास जमा कर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था/फर्म के पक्ष में भवन नीलामी के लिए अधिकृत होगा। शेष व्यक्ति/संस्था/फर्म को उनके द्वारा जमा धनराशि उसी दिनं वापस कर दी जायेगी। निलामी के लिए अधिकृत पाये गये व्यक्ति/संस्था/फर्म को तीन दिवस में सम्पूर्ण धनराशि जमा करने के उपरान्त 07 दिवस में मलवा हटाना अनिवार्य होगा। विस्तृत विवरण बी0आर0सी0 जोगिया पर उपलब्ध है।

(कमला प्रसाद)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
जोगिया-सिद्धार्थनगर।

## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना सं. कार./इज्जत/इलै./ओ.टी./02/25-26 दिनांक 03.05.2025**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कारखाना/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **क्र. सं. 1.; कार्य का नामः** मैकेनिकल वर्कशॉप/इज्जतनगर में वर्तमान अन्डर-ग्राउंड केबल द्वारा अलग-अलग विद्युत आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिए इरेक्टिंग शेड 1, 2, 3 और 4 के निर्माण की मौजूदा ओवर हेड लाइन का बदलाव का प्रावधान।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹1,02,67,316.50; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹2,01,400/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य; **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः** 28.05.2025 को 15:00 बजे तक; **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 120 दिन। **क्र.सं. 2.; कार्य का नामः** मैकेनिकल वर्कशॉप/इज्जतनगर में डिजाइन, डवलपमन्ट, सप्लाई, फिक्सिंग, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग ऑफ एल.एच.बी. के लिए स्विच बोर्ड कैबिनेट और परीक्षण बेंच एवं ए.सी. आर.एम.पी.यू. यूनिट कूलिंग क्षमता परीक्षण सुविधाओं का प्रावधान; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹26,39,846.14; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹52,800/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य; **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः** 28.05.2025 को 15:00 बजे तक; **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 120 दिन। • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/(का.)/ इज्जतनगर**
**मुजाधि/विद्युत-21**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2002, अनुक्रमांक -1450080 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष-2004 अनुक्रमांक- 0678925 का अंक सह प्रमाण- पत्र वास्तव में खो गया है।

**नाम अशरफ अली, पुत्र गुलाब नबी ग्राम -पगारे, पोस्ट- दलदला, जनपद- सिद्धार्थनगर**

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/थर्मिट पोर्शन प्लांट उ.रे. चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई.-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | **1.** 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>**2.** 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. प्रीफैब्रिकेटेड थ्री पीस मोल्ड, लूटिंग सैंड और ए.टी. वेल्डिंग से संबंधित विभिन्न मदों की नमी मुक्त पैकिंग हेतु प्लेन पॉलीथिन का थर्मिट पोर्शन प्लान्ट,उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ के स्पेशिफिकेशन/डिजाइन/ड्राइंग/नमूना के अनुसार उत्पादन और आपूर्ति।<br>2. "थर्मिट पोर्शन प्लांट/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अनुमोदित डिजाइन और विनिर्देश के अनुसार एस.के.वी. तकनीक द्वारा 25 मिमी अंतर के लिए 52/60 किलोग्राम रेल के ए.टी. वेल्डिंग जोड़ों की सुविधा के लिए वस्तुओं का निर्माण और आपूर्ति" |
| 2 | **अनुमानित लागत**<br>**1.** 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>**2.** 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. रू. 8,57,86,628.75 (रू आठ करोड़ सत्तावन लाख छियासी हजार छः सौ अठाइस और पचहत्तर पैसा मात्र)<br>2. रू. 9,16,93,399.28 (रू नौ करोड़ सोलह लाख तिरानबे हजार तीन सौ निन्यानवे और अठाइस पैसा मात्र) |
| 3 | **धरोहर राशि**<br>**1.** 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>**2.** 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. रू. 578900.00<br>2. रू. 608500.00 |
| 4 | **कार्य की समापन अवधि**<br>**1.** 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>**2.** 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह।<br>2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। |
| 5 | **निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि**<br>**1.** 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>**2.** 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. 12.05.2025<br>2. 12.05.2025 |
| 6 | **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय**<br>**1.** 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>**2.** 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. निविदा 26.05.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन समय 15:30 बजे खोली जायेगी।<br>2. निविदा 26.05.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन समय 15:30 बजे खोली जायेगी। |
| 7 | | **न्यूनतम पात्रता की शर्तें:** |
| अ | **तकनीकी** (दोनों निविदाओं के लिए **1.** 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 **2.** 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा।<br>तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या<br>दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या<br>एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | **वित्तीय** (दोनों निविदाओं के लिए **1.** 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 **2.** 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन-पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | **एक समान कार्य**<br>**1.** 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>**2.** 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. "प्रीफैब्रिकेटेड मोल्ड/क्रुसिबल चार्ज/ए.टी. वेल्डिंग थिम्बल का उत्पादन और आपूर्ति" या "स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य"<br>2. ए.टी. वेल्डिंग से संबंधित विभिन्न उपकरणों और संयंत्रों का निर्माण और आपूर्ति या स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य |
| 9 | **वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है** | **www.ireps.gov.in,** कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/थर्मिट पोर्शन प्लान्ट उ.रे. चारबाग, लखनऊ |

**नोट :- 1.** कोई भी निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए ठेकेदारों द्वारा भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। **2.** समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। **3.** मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। **4.** निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी। **निविदा सू0सं0-02&03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 दिनांक 29.03.2025 1320/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-BSB-Gen-39-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.05.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.05.2025 समय 13:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-43-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2025 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-42-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2025 समय 10:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-36-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-34-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 समय 10:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-35-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1332/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा 07 से 494 परीक्षा केन्द्रों पर स्नातक के 431451 परीक्षार्थी होंगे शामिल




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से आच्छादित स्नातक द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सम सेमेस्टर परीक्षाएं 07 मई बुधवार से शुरू हो रही है। उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर मंगलवार दोपहर कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में प्राचार्यो एवं केन्द्राध्यक्षों के साथ ऑफलाइन व आनलाइन बैठक हुई। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा 07 मई से शुरू होकर 14 जून, 2025 तक चलेगी। इस तीन पालियों की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सात जनपदों में 494 केन्द्र बनाये गए है जिसमें 4 लाख 31 हजार 451 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सीसीटीवी कैमरे व सचलदल की निगरानी में परीक्षा कराई जायेगी। उन्होंने प्राचार्यों व केन्द्राध्यक्षों से कहा कि पारदर्शीपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने में आप सभी अनुभवी हैं। आपके बहुमूल्य सहयोग से ही नकलविहीन परीक्षा होनी है। पहले की भांति सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने में सहयोग अपेक्षित है।विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 07 मई से तीन पालियों में प्रारम्भ होगी। परीक्षा की शुचिता एवं पवित्रता के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिए 19 नोडल केन्द्र बनाये गए है और छह सचलदल नियुक्त किए गए है। इनके द्वारा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के परीक्षा कंट्रोल रूम से केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे की निगरानी की जायेगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 07 से 09 बजे तक, द्वितीय पाली की परीक्षा 10 से दोपहर 12 बजे तक व तृतीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03 से सायं 05 बजे तक सम्पन्न होगी। तीन पालियों की स्नातक सेमेस्टर परीक्षा में 431451 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## जनौरा व कल्याण सिंह वार्ड में कल महापौर जानेंगे समस्याएं



**अयोध्या।** जनौरा व कल्याण सिंह वार्ड में गुरुवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी नगर निगम की टीम के साथ भ्रमण कर नगर की सफाई, पेयजल, नालियों एवं गलियों की स्थिति देखेंगे। इस टीम में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा और क्षेत्रीय पार्षद भी शामिल होंगे। यह पहल महापौर ने जनसमस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण के लिए की है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत 08 मई को महापौर वार्ड में भ्रमण कर लोगों की शिकायतें और समस्याएं संकलित करेंगे और उसका यथासंभव समाधान कराएंगे। जन समस्याओं के निराकरण की तैयारी को लेकर नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा ने सभी विभागों के मुखिया को आवश्यक टीमों सहित मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। सुबह सात बजे होने वाले भ्रमण में जलकल, स्वास्थ्य, प्रकाश एवं निर्माण विभाग से जुड़ी टीमें मौजूद रहेंगी।

## शाने अवध होटल पर समाजसेवी सुदामा जी का फूटा गुस्सा

**अयोध्या।** जनपद के प्रतिष्ठित होटल शाने अवध पर भारतीय संस्कृति और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए समाजसेवी और भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा जी ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी, मंडलायुक्त, मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव को भेजे शिकायती पत्र में उन्होंने होटल प्रबंधन द्वारा पारंपरिक पहनावे का अपमान और विवाह बुकिंग की धनराशि न लौटाने की शिकायत दर्ज कराई है। सुदामा जी ने बताया कि उनके रिश्तेदार ने आगामी 22 नवम्बर को अपनी पुत्री के विवाह हेतु शाने अवध होटल में बुकिंग की थी, जिसके एवज में 30,000 रुपये अग्रिम राशि यूपी आई से अदा की गई थी। किन्हीं कारणों से दो दिन बाद बुकिंग निरस्त कर दी गई और धन वापसी की मांग की गई।

# हैदर बने आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** आजाद समाज पार्टी के तेज तर्रार नेता व नवजवान अधिवक्ता वसीह हैदर को पार्टी का जिला प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओ। में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और अधिवक्ताओं ने नवागत जिला प्रभारी का जोरदार स्वागत किया। ज्ञात हो की आजाद समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा श्री हैदर पार्टी के जिलाध्यक्ष भी रहे चुके थे आज उन्होंने पार्टी की तरफ से नई जिम्मेदारी जिला प्रभारी के रूप में दी जिससे पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी खुशी और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला प्रभारी ने बताया कि पार्टी ने जो हमे नही ज़िम्मेदारी दी है उसे मैं पूरी मेहनत के साथ काम करूंगा और दलित व पिछड़े समाज के न्याय के लिये लड़कर उन्हें इंसाफ दिलाऊंगा। उन्होंने आगे बताया कि पार्टी को मजबूत करने का हर संभव प्रयास करेंगे और साथ ही पार्टी की विचारधारा के अनुसार काम करता रहूँगा। इस मौके पर पिंकी यादव एडवोकेट, आरती एडवोकेट ने बुके देकर स्वागत किया।और तनवीर हसन एडवोकेट, वासिल किदवई एडवोकेट,आदित्य कुमार कश्यप एडवोकेट, हरिनंदन सिंह गौतम एडवोकेट,विपिन बहुजन सहित दर्जनों वकीलों ने फूलों की माला पहना कर स्वागत किया।

## अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लीड डिस्ट्रीक्ट मैनेजर, केनरा बैंक के साथ समीक्षा बैठक



**आगरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशानिर्देश पर जनपद न्यायाधीश विवेक संगल के मार्गदर्शन में जनपद में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसके परिपेक्ष में मंगलवार को अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिव्यानंद द्विवेदी द्वारा लीड डिस्ट्रीक्ट मैनेजर, केनरा बैंक आगरा के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। उपस्थित सभी बैंक प्रबंधकगण को यह दिशा निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक लोन/ऋण के वादों के निस्तारण करने एवं लाभ दिए जाने पर शिथिलता बरते जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि वादकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लाभ दिए जाने के लिए दोनों पक्षों के साथ बैठक निस्तारण करें, जिससे अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जा सके। साथ ही यह भी समझाएं कि समझौते से किए हुए वाद के निस्तारण में किसी भी पक्ष की हार व जीत नहीं होती है। इसमें दोनों ही पक्ष की जीत होती है, इसमें दोनों ही पक्ष का निर्णय सर्वोपरि होता है। इसके अतिरिक्त डॉ दिव्यानंद द्विवेदी, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के द्वारा आगरा प्रशासन से यह अपील की गई है कि वादकारियो को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लाभ दिए जाने का प्रयास करें।

# देवा पुलिस और अपराधी के बीच हुई मुड़भेड़ में नेपाल का अपराधी सहित तीन गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत पुलिस मुठभेड़ में नेपाल का शातिर अपराधी सहित तीन अपराधियों को टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की तीन घटनाओं का किया गया सफल अनावरण किया। जानकारी के मुताबिक देवा क्षेत्र में बीती रात मुखबिर की सूचना रेंदुआ पल्हरी मोड़ के पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की होने की सूचना मिली। जिसके बाद स्वाट टीम निरीक्षक ब्रजकिशोर सिंह, उ0नि0 मिथिलेश चौहान, अजीजुल हसन और देवा कोतवाली प्रभारी अजय त्रिपाठी, उ0नि0 मिथिलेश यादव, जितेन्द्र प्रताप सिंह अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर चेकिंग करते हुए संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का इशारा किया गया। मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देख कर भागने लगे तथा फिसल कर गिर गये, तत्पश्चात संदिग्ध व्यक्ति द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त तिलक थापा उर्फ टीलू पहाड़ी उर्फ सोनू उर्फ विवेक थापा पुत्र नरेश निवासी पुरवा खरीफाट थाना टीकापुर जनपद दुर्गोली, नेपाल हालपता मोहल्ला त्रिवेणी नगर, निकट गौरव पब्लिक स्कूल थाना अलीगंज जनपद लखनऊ, व मो0 साजिद अंसारी पुत्र मो0 नसीर अंसारी निवासी ग्राम मीरपुर, सुढ़ियामऊ थाना रामनगर हालपता नई बस्ती उत्तर टोला, बंकी थाना कोतवाली नगर एवं मो0 खुर्शीद पुत्र मो0 कुद्दूस निवासी ग्राम पहौसरा थाना रानीगंज जनपद अररिया, बिहार हालपता ग्राम माती निकट पेट्रोल पम्प थाना देवा को गिरफ्तार किया गया।

# आगरा पुलिस ने लूट के बाद ज्वेलर की हत्या मामले में आरोपी को किया ढेर, एक गिरफ्तार


*अवधनामा संवाददाता*



**आगरा।** आगरा पुलिस की मंगलवार तड़के ज्वैलर योगेश चौधरी की हत्या और ज्वैलरी लूटपाट करने वाले दो बदमाशों से भिड़ंत हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश को ढेर कर दिया और एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगरा पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के अनुसार बीती दो मई को सिकंदरा थाना क्षेत्र के सिकंदरा-बोदला रोड पर कारगिल चौराहा के पास स्थित बालाजी ज्वैलरी शोरूम में दो बदमाश ग्राहक बनकर गए थे। बदमाशों ने स्टाफ को गन प्वॉइंट पर सेल्सगर्ल और एक ग्राहक को बंधक बना लिया। इसके बाद शोरूम से 20 लाख रुपये की सोने-चांदी की ज्वैलरी लूट ली थी। शोरूम से बाहर निकलने के दौरान ज्वैलर रामा एन्क्लेव निवासी योगेश चौधरी (58) आ गए। उन्होंने बदमाशों को ललकारा तो एक बदमाश ने योगेश चौधरी की गोली मार हत्या कर दी थी। इसके बाद दोनों बदमाश बाइक पर खड़े तीसरे साथी के फरार हो गए थे। ज्वैलरी शोरूम और अन्य सीसीटीवी फुटेज के सहारे बदमाशों की शिनाख्त की गई थी।


पुलिस कमिश्नर के मुताबिक मंगलवार तड़के सूचना मिलने ज्वैलर योगेश चौधरी की हत्या और ज्वैलरी शोरूम से लूटपाट करने वाले बदमाशों की घेराबंदी की गई। पुलिस टीम देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी थी। जवाबी फायरिंग में एक गोली बदमाश के लग गई। इसके बाद घेराबंदी कर दो बदमाशों अमन और सुमित को गिरफ्तार कर लिया गया। गोली लगने से घायल अमन को उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। अमन ज्वैलरी शोरूम में लूटपाट और ज्वेलर योगेश चौधरी की हत्या में शामिल था। अन्य फरार बदमाश फारुख की तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई हैं। फरार फारुख पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इसके अलावा घटना का खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये नगद इनाम दिया जाएगा। एनकाउंटर के दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। जानकारी अनुसार अमन और सुमित के साथ वारदात में फारूख भी शामिल था।

# पीडीए की ताकत के सामने भाजपा टिक नही पायेगी: गौरव



**बाराबंकी।** विधानसभा चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। भाजपा साजिशों और षडयंत्र का तानाबाना बुन रही है लेकिन पीडीए की ताकत के सामने भाजपा टिक नहीं पाएगी। जाति जनगणना का निर्णय लेने के लिए केन्द्र सरकार पीडीए की ताकत से ही मजबूर हुई है। उक्त विचार आज विधानसभा जैदपुर के अंतर्गत विकासखंड सिद्धौर के ग्राम मुकखीपुर मजरे मचौची में अपनी पूर्वांचल विकास नीधी द्वारा निर्मित इंटरलॉकिंग रोड का लोकार्पण करने के पश्चात विधायक गौरव कुमार रावत ने उपस्थित लोगों के बीच व्यक्त किये। श्री रावत ने आगे कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों से बुरी तरह घबराई हुई है। वह यूपी की हार को पचा नहीं पा रही है। जातीय जनगणना में भाजपा कोई गड़बड़ी न कर पाए इसके लिए सतर्क रहना है। भाजपा सरकार में सबका साथ और विकास कही नज़र नहीं आता है। महंगाई, भ्रष्टाचार पर भाजपा सरकारें नियंत्रण नहीं कर पा रही है। अस्पताल में इलाज नहीं है। मरीज मजबूर है। किसान को भाजपा ने धोखा दिया है। नौजवानों का भविष्य अंधकार में है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर महिलाओं का सम्मान होगा और रोजगार के ज्यादा अवसर मिलेंगे। प्रशासन भ्रष्टाचार से मुक्त होगा। किसान फले फूलेगा तो प्रदेश मेंखुशहाली आएगी।भाजपा सरकार में पीडीए के लोगों का उत्पीड़न हो रहा है। उन्हें अपमानित किया जा रहा है।

# बीजेपी सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत को राहत: उनके विरुद्ध दायर वाद स्पेशल कोर्ट ने किया खारिज




*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** एमपी-एमएलए कोर्ट आगरा के न्यायाधीश अनुज कुमार सिंह ने मंगलवार को अभिनेत्री व भाजपा सांसद कंगना रनौत से जुड़े वाद को खारिज कर दिया। आगरा के वरिष्ठ अधिवक्ता अधिवक्ता रमाकांत शर्मा ने वाद दायर किया था जिसकी करीब नौ माह से लगातार सुनवाई हो रही थी। वादी अधिवक्ता रमाकांत शर्मा ने बताया कि वाद खारिज किए जाने के आदेश के विरुद्ध वह एमपी-एमएलए कोर्ट सेशन में रिवीजन डालेंगे। मैं चुप नहीं बैठूंगा जरूरत पड़ी तो हाईकोर्ट तक जाऊंगा। वही इस बारे में भाजपा सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत की ओर से पैरवी कर रहीं सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता अनसूया चौधरी ने बताया कि मामले में कुछ नहीं था। वाद खारिज किए जाने को लेकर तमाम रूलिंग और अपने तर्क दिए थे जिस पर ही कोर्ट ने इसे खारिज किया है। बता दें कि वादी वरिष्ठ कांग्रेस नेता व अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने आगरा के विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट में कंगना राणावत के विरुद्ध देशद्रोह व राष्ट्र अपमान की धाराओं में 11 सितंबर 2024 को वाद दायर किया था। आरोप लगाया था कि भाजपा सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत ने 26 अगस्त 2024 को एक साक्षात्कार में केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन करने वाले किसानों को हत्यारा बताया था। इसके साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर भी आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया था। इसलिए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की थी। तब से ही कोर्ट में इस केस में सुनवाई चल रही थी।

### अभ्युदय योजनान्तर्गत सिविल सर्विस, जे0ई0ई0, नीट, एन0डी0ए0, सी0डी0एस0, परीक्षा की तैयारी कराने हेतु पात्र शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित

**आगरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जीआर प्रजापति ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अभ्युदय योजनान्तर्गत सिविल सर्विस, जे0ई0ई0, नीट, एन0डी0ए0, सी0डी0एस0, एक दिवसीय परीक्षाएं इत्यादि की परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु जनपद आगरा में निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है। उक्त के क्रम में इच्छुक अध्यापन कार्य हेतु योग्य, अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवाएं अतिथि व्याख्याताओं के रूप में ली जाएंगी। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि व्याख्यान के लिए आमंत्रित किये जाने वाले व्याख्याताओं/विषय विशेषज्ञों को प्रति व्याख्यान की अवधि निर्धारित 90 मिनट होगी तथा प्रति व्याख्यान दर रू0 02 हजार/- शासनादेश में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जायेगा। योग्य एवं अनुभवी व्याख्याताओं को जिला स्तर पर चयन समिति की अनुशंसा से परीक्षण व्याख्यान/ट्रायल लेक्चर के उपरान्त कोचिंग केन्द्र में इम्पैनेलमेन्ट निम्न शर्तों के अधीन किया जायेगा। उपरोक्त सेवाओं से सम्बन्धित परीक्षा पाठ्यक्रम की समुचित जानकारी होनी चाहिए। सिविल सेवा के लिए विश्वविद्यालय, राजकीय डिग्री कालेजो के शिक्षक तथा आई0ए0एस0 (मुख्य) परीक्षा अथवा पी0सी0एस0 (साक्षात्कार) अथवा दो बार पी0सी0एस0 (मुख्य) परीक्षा में शामिल आवेदक आवेदन कर सकते है एवं नीट के लिए सम्बन्धित विषय में एम0एस0सी0 (प्रथम श्रेणी) अथवा एम0बी0बी0एस0 तथा जे0ई0ई0 के लिए सम्बन्धित विषय में एम0एस0सी0 (प्रथम श्रेणी) अथवा एम0टेक0 की डिग्री धारित आवेदक आवेदन कर सकते हैं।

# क्राइम मीटिंग में एसपी ने मातहतों को दिया निर्देश



**महराजगंज।** पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन की शुरुआत में विभिन्न थानों से आए पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की मासिक समीक्षा की गई। थानों पर लंबित विवेचनाओं, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, अपहृत व्यक्तियों की बरामदगी, महिला उत्पीड़न, एससी/एसटी संबंधी अपराधों और मिशन मोड पर चिन्हित अभियोगों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा हुई। इसके अतिरिक्त ऑपरेशन दृष्टिगय/त्रिनेत्र के तहत भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाने, ऑपरेशन शिकंजा व एंटी चीयर्स के प्रभावी संचालन, बीपीओ के साथ साप्ताहिक मीटिंग, आईजीआरएस और एफआईआर मामलों के गंभीर निस्तारण जैसे बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। त्यौहारों के मद्देनज़र सतर्कता बरतने, ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने व पब्लिक ग्रीवेंस पोर्टल पर लंबित मामलों को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह समेत जिले के समस्त अधिकारी एवं प्रभारीगण उपस्थित रहे।

# सांसद तनुज ने टाटा 1 एम.जी. लैब्स का किया उद्धघाटन

**बाराबंकी।** स्वस्थ समाज ही सशक्त समाज की नींव है। और हमारा प्रयास है कि, लोकसभा क्षेत्र की आवाम को बेहतर स्वास्थ सुविधायें सुलभ हो सकें। उक्त बातें स्थानीय सांसद तनुज पुनिया ने आज अपने ओबरी आवास पर अपने अथक प्रयासों से आयोजित ''टाटा 1 एम.जी. लैब्स' द्वारा लगाये गये निशुल्क स्वास्थ जाँच शिविर का उद्घघाटन करते हुये आये हुये नागरिकों एवं कांग्रेसजनों के बीच कही। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 6 मई 2025 को स्थानीय सांसद तनुज पुनिया के सौजन्य से उनके ओबरी आवास पर बस स्टेसन रोड सब्जी मण्डी निकट देसियान रेस्टारेंट बाराबंकी पर स्थित ''टाटा 1 एम.जी. लैब्स' द्वारा निःशुल्क स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया।

## कम सोलर पैनल लगने पर डीएम बिफरे, दिया निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** विद्युत विभाग और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के कार्यों की प्रगति को लेकर मंगलवार को समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी अनुनय झा ने अबतक सिर्फ 371 सोलर पैनल लगाए जाने पर नाराजगी व्यक्त व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर योजना हेतु वेंडर्स की संख्या बढ़ाने और प्रत्येक वेंडर प्रति माह लक्ष्य निर्धारित करते हुए सोलर प्लांट की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी वेंडर्स को सोलर प्लांट की क्षमतवार सूची तैयार कर उपभोक्ताओं को पीएम सूर्यघर लगवाने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया। कहा कि पीएम सूर्यघर शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजना है और इसके क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान मासिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए विद्युत वसूली को बढ़ाने का निर्देश दिया। सभी एक्सईएन को हॉटस्पॉट क्षेत्रों और उनमें स्थित ग्राम पंचायतों की सूची उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। डिफेक्टिव दोषपूर्ण मीटरों को स्मार्ट मीटरों से प्रतिस्थापित करने का निर्देश दिया। शत-प्रतिशत % वितरण ट्रांसफार्मर पर मीटर स्थापना का कार्य मई माह के अंत तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत शैलेंद्र गौतम , पीओ नेडा गोविंद तिवारी सहित विद्युत विभाग और नेडा के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आने वाली पीढ़ी भी योग के महत्व को समझ रही: संजय चौबे

*अवधनामा संवाददाता*



**मिठौरा(महराजगंज)।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित निःशुल्क त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर डॉ आंबेडकर स्मारक एवं श्रीमती राज किशोरी देवी महिला महाविद्यालय मिठौरा में योगाभ्यास हुआ।योग प्रशिक्षक संजय चौबे ने लोगों को पद्मासन मुद्रासन अर्ध मत्स्येंद्रासन मंडूक आसन वज्रासन भुजंगासन ताड़ासन स्वसन कपालभाति ब्राह्मणी प्राणायाम सहित विभिन्न आसन का अभ्यास करते हुए लोगों से कराया। इस अवसर पर उन्होंने योग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग हमारे प्राचीन विज्ञान और परंपराओं को जीवित रखने का एक तरीका है यह हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ता है और अपने आने वाली पीढ़ियों को भी इस धरोहर के महत्व को समझाना है। योग हमारे संस्कृत धरोहर का संरक्षण करता है योग एक प्राचीन विज्ञान है जो अपने आप में संपूर्णता का प्रतीक है इसके अभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्राप्त होता है योग दिवस का उद्देश्य इसी संतुलन और शांति को विश्व भर में फैलाना है। यदि हम इसे सही दिशा में ले जाने का प्रयास करें तो योग दिवस वास्तव में विश्व को एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दे सकता है योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है यह आत्मविश्वास का एक साधन भी है यह आत्मा की शांति और संतुलन को प्राप्त करने में मदद करता है। उन्होंने विभिन्न योग क्रिया का संपादन भी कराया योग समापन के पूर्व महाविद्यालय के प्रचार्य डॉक्टर अशोक कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके एवं मां सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक अमरेंद्र मणि एवं महाविद्यालय के अध्यापक एवं समस्त छात्र उपस्थित रहे।

## एएनएम की गैरहाज़री पर सख्त एसीएमओ, वेतन कटौती के निर्देश

**महराजगंज।** एसीएमओ डॉ. राकेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. केपी सिंह और डॉ. अखिलेश यादव ने चार वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण किया। मंगलवार दोपहर 12:15 बजे सदर ब्लॉक के बैजनाथपुर केंद्र पर एएनएम अनुपस्थित पाई गई, जबकि सीएचओ निशि गुप्ता मरीज देखती मिलीं। उन्होंने 13 मरीजों का उपचार किया था। दोपहर 1 बजे पिपरिया गुरुगोविंद केंद्र पर भी एएनएम अनुपस्थित मिलीं। मिठौरा के खोस्टा केंद्र में सीएचओ अंबरिश मौजूद रहे और 21 मरीजों को देखा। वहीं सेखुइ केंद्र में पूनम भारती मरीजों का इलाज कर रही थीं और 9 मरीजों का इलाज कर चुकी थीं। वहां की एएनएम नीलम यादव पारिवारिक शोक के कारण छुट्टी पर थीं। एएनएम की अनुपस्थिति पर एसीएमओ ने वेतन काटने के निर्देश दिए और सभी सीएचओ को नियमित एनसीडी स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिए।

# एनसीसी कैंडेटों को दिया गया शारीरिक प्रशिक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** परमहंस पाल पीजी कॉलेज गुरली में चल रहे एनसीसी के 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन प्रातः काल में शारीरिक क्षमताओं को ध्यान मे रखते हुए कैडेटों को शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे उन्हें लांग मार्च, दौड़ और संगठित मार्च के संदर्भ में में बताया गया। तत्पाश्चात् गोरखपुर से आए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन की टीम ने आपदा से बचने और उसके प्रति हमारा कर्तव्यों के बारें में बताया और सी पी आर सहित विभिन्न तरीकों से आपदा के समय अपने आपको और किसी अन्य व्यक्ति को कैसे बताया जाए उसके बारे मे जानकारी दी गयी। डेप्युटी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने अंत में पूरी टीम को पुरस्कृत और सम्मानित किया । तदुपरांत बच्चों को फील्ड क्राफ्ट और बैटलक्राफ्ट की जानकारी और ट्रेनिंग दिया गया सभी पी आई स्टाफ द्वारा । साँस्कृतिक संध्या में विश्वभर नाथ जनता इंटर कॉलेज रतनपुर नौतनवा महराजगंज की शानदार प्रस्तुति दी जिसका मूल्यांकन कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मानसिंह और डेप्युटी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक

# सभी शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरुक कर बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालय में कराए : डीएम





**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा स्कूल चलो अभियान 2025 -26 की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। स्कूल चलो अभियान 2025-26 में अब तक 18178 का नामांकन हुआ है। जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी शिक्षक घर घर जाकर अभिभावकों को जागरुक कर बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालय में कराए। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में सभी व्यवस्थाओं को ठीक करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। पी0एम0 श्री फज-1 स्कूलो में गैप्स का पैरामीटर की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने स्कूलो में एमडीएम शेड, बाउन्ड्रीवॉल, टाइलीकरण आदि का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। कम्प्यूटर लैब, एमडीएम शेड, टाइलीकरण, छत मरम्मत आदि कार्यो को समय से पूर्ण कराना का निर्देश दिया। साप्ताहिक वेस्ट परफार्मेन्स, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, खेल प्रतियोगिता आदि आयोजित कराया जाये। जिन बच्चो का आधार कार्ड नही बना है कैम्प लगाकर उनका आधार कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। इसके अलावा रसोइया के मानदेय का भुगतान कराने का निर्देश दिया। एम डी एम योजना अंतर्गत लाभांवित बच्चो की समीक्षा, यू डायस पोर्टल की समीक्षा की गयी। अच्छे कार्य के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है। सभी शिक्षक अच्छा कार्य कर शिक्षा में सुधार लाये। टीम द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इस बैठक में उपरोक्त अतिरिक्त ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, पी डी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# उद्यान विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संगोष्ठी

**अवधनामा संवाददाता**



- राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने विभिन्न परियोजना का किया लोकार्पण

**सिद्धार्थनगर।** उद्यान के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को उद्यान विभाग एवं राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद बस्ती/सिद्धार्थनगर की परियोजना का लोकार्पण/शिलान्यास एवं हाईटेक नर्सरी का राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उप्र सरकार दिनेश प्रताप सिंह द्वारा सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह की उपस्थिति में लोहिया कलाभवन से किया गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह एवं अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। अन्य जनप्रतिनिधिगण को पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद के युवाओं को दुनिया में किस फसल की खेती की जा रही है और उसके उपज का क्या मूल्य मिल रहा है। हमे अपने युवाओ को छूट देना है कि युवा अपने तरीके से आधुनिक तकनीक से खेती करे और अधिक लाभ प्राप्त करे। दुनिया के बाजार में अपनी उपज पहुँचाने का मन बना ले। दुनिया के बाजार में कम्पटीशन है जिसके लिए उपज गुणवत्तापूर्ण होना आवश्यक है। निर्यात के माध्यम से अच्छा मूल्य प्राप्त होगा। पारम्परिक खेती से हटकर नगदी फसलो की खेती करने की आवश्यकता है। जमीन धीरे-धीरे कम होती जा रही है। मसाले, फूलो, सब्जी की खेती करने से अच्छी आय प्राप्त होगी। भारत में 10 प्रतिशत भूमि पर औद्यानिक खेती तथा 90 प्रतिशत भूमि पर पारम्परिक खेती होती है। विभाग द्वारा औद्यानिक खेती पर अनुदान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजनान्तर्गत कृषकों द्वारा अपने प्रक्षेत्रों पर ड्रिप/स्प्रिंकलर सिचाई संयत्रों को स्थापित कराया जाता है। ड्रिप/माईक्रो/मिनी संयत्र की स्थापना कराये जाने हेतु योजनान्तर्गत लघु/सीमान्त कृषकों को 90 प्रतिशत तथा सामान्य कृषकों द्वारा 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। इसी प्रकार पोर्टेबल एवं रेनगन की स्थापना कराये जाने पर लघु/सीमान्त कृषकों को 75 प्रतिशत एवं सामान्य कृषकों को 65 प्रतिशन अनुदान दिया जाता है। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत कृषकों के प्रक्षेत्रों पर नवीन उद्यान रोपण कार्यक्रम (आम, लीची, अमरुद, पपीता, केला), हाइब्रिड शाकभाजी उत्पादन, फूलों की खेती, मसालें की खेती (लहसुन एवं प्याज) मधुमक्खी पालन कार्यक्रम के साथ-साथ संरक्षित खेती कार्यक्रम जैसे पालीहाउस/शेडनेट हाउस, मशीनीकरण कार्यक्रम जैसे ट्रैक्टर 20 बीएचपी तक, पॉवर टिलर, आन फार्म कलेक्शन यूनिट जैसे पैक हाउस, लोकास्ट प्रिजर्वेशन यूनिट आदि कार्यक्रम कराये जाते हैं। किसानो की सेवा करने के लिए डबल इंजन की सरकार दृढ़ संकल्पित है। रवी/खरीफ गोष्ठी कर तरह हर तीन महीने पर औद्यानिक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

## एमएलसी ने विशेषाधिकार हनन का लगाया आरोप



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को लोहिया कला भवन में जिला उद्यान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान कृषि विपणन दिनेश सिंह का आगमन हुआ था। लोहिया कला भवन में जिला उद्यान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लगे बैनर पर एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी का चित्र और नाम अंकित नही था। इस कार्यक्रम में मंत्री दिनेश सिंह और प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी आमंत्रित किया गया थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी बैनर पर अपना नाम अंकित न देख कर दुखी हुए और रोष भी प्रकट किया और वापस चले आए। उन्होंने मंगलवार की शाम को उसका कस्बा में स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता के माध्यम से इसके लिए प्रशासन के जिम्मेदारों को दोषी बताया साथ जन प्रतिनिधि के अवमानना का आरोप लगाया है। एमएलसी ने इसे सदन में उठाने की बात कही है।

## डीएम की उपस्थिति में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली लड़कियों ने किया पीएचसी के नए भवन का लोकार्पण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरियागंज के नए भवन का पूँजीगत विकास योजना (क्रिटिकल गैप्स योजना) के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2025 में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली आस्था पटेल पुत्री रामधनी चौधरी, तथा इन्टर मीडिएट में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली अनुष्का पटेल पुत्री आत्मा प्रसाद द्वारा जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की उपस्थिति में फीता काटकर लोकार्पण किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणएपति आर0 द्वारा आस्था पटेल व अनुष्का पटेल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, उपजिलाधिकारी डुमरियागंज संजीव दीक्षित, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा के अधीक्षक डॉ.विकास चौधरी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारीगण समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नवागत अधिशासी अधिकारी ने संभाला कार्यभार



**जलालपुर अंबेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** नवागत अधिशासी अधिकारी द्वारा पदभार ग्रहण करने के साथ ही कई महीनो से खाली चल रही कुर्सी आबाद हो गई। झांसी जनपद से आए अरविंद कुमार ने मंगलवार दोपहर को अपना पदभार ग्रहण करने के साथ ही नगर के चौमुखी विकास का अपना संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि पूरा प्रयास रहेगा कि नगर वासियों को बिजली, पेय जल,साफ सफाई आदि मूलभूत व्यवस्थाएं आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराई जायेगी इसके अतिरिक्त नगर वासियों को अन्य सुविधाएं व अन्य आवश्यकता की चीज समय पर उपलब्ध कराई जाएगी समस्याओं का निस्तारण भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि नगर वासियों को सुविधाजनक तरीके से समस्याओं का निपटारा किया जाए। सभासदों व प्रमुख लोगों से संपर्क कर समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा उन्होंने नगर वासियों से सहयोग की अपील किया।

# वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिमों को करेगा मजबूत : डा. सतीश द्विवेदी

**एजाज़ सिद्दीक़ी**






- वक्फ बोर्ड और उनके द्वारा नियंत्रित संपत्तियां भारत में इस्लामिक जीवन के महत्वपूर्ण अंगः पूर्व मंत्री
- वक्फ सुधार : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के संवाद में पूर्व मंत्री ने दी जानकारी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने वक्फ सुधार जनजागरण को लेकर मंगलवार की दोपहर नगर पंचायत कार्यालय इटवा पर अल्पसंख्यकों के साथ संवाद किया। अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को वक्फ बिल में हुए सुधार के बारे में जानकारी भी दी गई।

संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी ने किया। मंगलवार को संवाद के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रुप से मजबूत करने में सहायक साबित होगा। वक्फ बोर्ड और उनके द्वारा नियंत्रित संपत्तियां भारत में इस्लामिक जीवन के महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने ने कहा यूपीए सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ संशोधन अधिनियम 2013 ने वक्फ बोर्ड की शक्तियों का विस्तार करके मनमाने ढंग से भूमि अधिग्रहण को सक्षम करके संपत्ति के अधिकारों को कमजोर कर दिया। इसमें पारदर्शिता की कमी और हितधारकों की चिंताओं को नजर अंदाज करने के साथ ही बिना किसी नियम कानून के फैसले किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हरिशंकर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जयसावाल, नगर पंचायत अध्यक्ष विस्कोहर अजय गुप्ता, ज़िला पंचायत सदस्य प्रदीप कसौधन, ज़िला मंत्री कृष्ण मिश्रा, गुलाम हुसैन, मुस्ताक अहमद, मोहम्मद इरफान, नसीम, सलीम खान, इजहार अहमद जिपंस, हाकिमुलाह, गुलाम मोहिउद्दीन, इसरारुल मुस्तफा, मौलाना अब्दुरहमान नूरी, प्रधान मारूफ चौधरी, प्रधान डा0अब्दुल हुसैन, रिजवान अहमद सिद्दीकी, प्रधान जमीरुल्ला, अब्दुर्रहीम आदि मौजूद रहे।

**क्या कहते हैं प्रबुद्ध मुसलमान-** पिछले साल जब अगस्त महीने में वक्फ बिल संसद में पेश किया गया था, तो खूब हंगामा हुआ था।उस वक्त कई प्रबुद्ध मुसलमानों से बात की थी और उनका यह मानना था कि मोदी सरकार के नीयत में खोट है और वे मुसलमानों के हित के लिए यह विधेयक लेकर नहीं आई है।धार्मिक लोगों ने यह शंका जताई थी कि सरकार वक्फ बोर्ड पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहती है और हमारा यह मानना है कि वक्फ मुसलमानों का निजी और धार्मिक मसला है, जिसमें सरकार को दखल नहीं देना चाहिए। गैर मुसलमानों को भी बोर्ड में शामिल करने के वे खिलाफ थे और उनका यह तर्क था कि क्या राममंदिर के ट्रस्ट में किसी मुसलमान को जगह दी जाएगी? अगर दी जाएगी तो हम भी वक्फ बोर्ड में गैर मुसलमान को जगह देने के लिए तैयार हैं।

## लोगों का सवाल मुख्य अतिथि का संवाद

**सवालः** वक्फ बिल पास हुआ तो मुसलमानों के जीवन में क्या होगा बदलाव? सरकार की नीयत पर भी उठ रहे सवाल

**(अब्दुल मुहैमिन बिस्कोहर प्रबंधक आशिया गर्ल्स स्कूल)**

**संवादः** पूर्व मंत्री डा. सतीश द्विवेदी दुनिया में जितनी भी वक्फ संपत्ति है उसमें सबसे ज्यादा संपत्ति भारत में है, बावजूद इसके भारत का मुसलमान पिछड़ा और अल्पशिक्षित है। पिछड़े मुसलमानों को उनका हक दिलाने और वक्फ का सही इस्तेमाल हो इसकी व्यवस्था के लिए वक्फ संशोधन विधेयक लाया गया है, नरेंद्र मोदी सरकार इसकी चिंता कर रही है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरन रिजीजू ने लोकसभा में कहा है कि 1995 में यूपीए सरकार ने वक्फ अधिनियम के जरिये इसे अन्य कानूनों से ऊपर कर दिया था,यही वजह है कि इसमें नये संशोधनों की जरूरत पड़ी। सरकार किसी भी सूरत में धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप का इरादा नहीं रखती है और उसका इससे कोई लेना-देना भी नहीं है। बस सरकार यह चाहती है कि वक्फ बोर्ड मनमानी ना करे। लेकिन मुस्लिम समाज और सरकार के विरोधी यह कह रहे हैं कि सरकार की नीयत में खोट है जो कि गलत है।

**सवालः** वक्फ धर्म से जुड़ा मामला है इसमे सिर्फ मुस्लिम को रखा जाये अन्य को क्यो रखा जा रहा जो धर्म के बारे में जानकार नहीं है वो क्या करेंगे। इस वक्फ की आमदनी को गरीबों व असहाय लोगों की मदद होनी चाहिए।

**(मौलाना हमीदुद्दीन नदवी बिस्कोहर मदरसा मोहम्मदिया प्रबंधक)**

**संवाद :** डा. सतीश द्विवेदी- वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति में बड़ा परिवर्तन लेकर आएगा। पार्टी यह दावा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि विश्व में सबसे ज्यादा वक्फ प्रोपरिटी भारत में है लाखों एकड़ जमीन और लाखों की संपत्ति है, जिनसे करोड़ो की कमाई है। सरकार वक्फ प्रोपरिटी का सही इस्तेमाल कर उनका उपयोग गरीब मुसलमानों के लिए करना चाहती है। पसमांदा मुसमानों का जीवन स्तर सुधरेगा और महिलाओं और बच्चों को फायदा मिलेगा।हालांकि वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने वाले यह कह रहे हैं कि यह बिल मुसलमानों को नियंत्रित करने और उनका हक मारने के लिए लाया जा रहा है।

**सवालः** हम सबको इसको पढ़ने समझने की जरूरत है आप समझायें अगर फायदा हुआ तो हिमायत करेंगे वर्ना अपने अधिकारों का हनन नही होने देंगे।

**(मौलाना अब्दुर्रहमान नूरी फैजाने मुस्तफा बलुआ प्रबंधक)**

**संवाद :** मुख्य अतिथि डा. द्विवेदी - सरकार ने बिल पेश करते हुए यह स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य यह कतई नहीं है कि वह मुसलमानों के धार्मिक मामले में हस्तक्षेप करे, सरकार तो पिछड़े मुसलमानों की स्थिति सुधारने और उनके कल्याण के लिए वक्फ की संपत्ति का इस्तेमाल हो, इस नजरिए से वक्फ बिल लेकर आई है।

### क्या है वक्फ बोर्ड

अल्लाह के नाम पर दान की गई वस्तु, जिसका उद्देश्य परोपकार हो उसे वक्फ कहते हैं। वक्फ बोर्ड उन चीजों की निगरानी करता है जो अल्लाह के नाम पर दान की गई हो। वक्फ बोर्ड के पास असीमित अधिकार और संपत्ति हैं, जिसकी वजह से वक्फ बोर्ड हमेशा चर्चा में रहता है। वक्फ बोर्ड दान में मिली चल-अचल संपत्ति का सही इस्तेमाल हो इसकी व्यवस्था देखता है। इस्लाम के अनुसार वह इसके उपयोग भी करता है। जैसे मस्जिद बनवाना, शिक्षा की व्यवस्था करवाना और हास्पिटल, यतीम खाना, मुसाफिर खाना अन्य धार्मिक काम करवाना। लोगों ने माना कि वक्फ की संम्पत्तियों व राजनैतिक बल पर धनवान बन बैठे है वक्फ बोर्ड के कुछ लोग जो कि गलत है।

## टांडा पालिका बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आज




**टाण्डा अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद टाण्डा की अध्यक्ष शबाना नाज ने नगर पालिका टाण्डा में सम्बंधित कर्मचारियों व अधिकारियों की तैनाती के लिए निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय उ0प्र0, गोमतीनगर विस्तार, सेक्टर-7 लखनऊ को पत्र लिखा। अवगत कराया कि नगर पालिका परिषद, टाण्डा में राजस्व निरीक्षक एवं कर निर्धारण अधिकारी की तैनाती किये जाने की जरूरत है। पूर्व में भी तत्सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि कार्यरत कर निर्धारण अधिकारी दिनांक 29.02.2024 को सेवानिवृत्त हो गये है, जिसके फलस्वरूप कर निर्धारण अधिकारी का पद रिक्त हो गया है । निकाय में गृहकर जलकर अधिरोपण के सम्बन्ध में नवीन नियमावली अन्तर्गत गृहकर जलकर आरोपित किये जाने हेतु कार्यवाही किया जा रहा हैऐसे में नगर पालिका परिषद, टाण्डा में एक कर निर्धारण अधिकारी एवं एक राजस्व निरीक्षक की तैनाती की मांग निदेशालय से चेयरमैन ने की है।

## चाय की दुकान पर कोयला तोड़ रहे दम्पति की पुलिस ने कर दी पिटाई

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** देर शाम चाय की दुकान पर पहुंची पुलिस ने दुकानदार और उसकी पत्नी की जमकर पिटाई कर दी है । ग्रामीणों ने एक दरोगा और पुलिस कर्मियों पर पिटाई का आरोप लगाया है । पुलिस के तांडव से परेशान पीड़ित और ग्रामीणों ने एसपी से गुहार लगाई है । एसपी केशव कुमार पुलिस की छवि को सुधारने का लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन विभाग के कुछ हाकिम एसपी की मंशा को तार तार कर रहे हैं। मामला टांडा कोतवाली क्षेत्र का है । उक्त कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुंथर निवासी सियाराम गुप्ता गांव के ही पास नहर पर चाय नाश्ते की दुकान चलाते हैं। सियाराम और ग्रामीणों का आरोप है कि सोमवार की देर शाम को अनिरुद्ध सिंह कुछ और सिपाहियो के साथ दुकान पर पहुंचे । पुलिस ने पहले वहां मौजूद ग्राहकों को गाली गलौज देते हुए भगा दिया। आरोप है कि अनिरुद्ध सिंह ने अन्य सिपाहियों के साथ मिलकर लात घूसों से पिटाई कर दी। जब सियाराम की पिटाई हो रही थी तो उसकी पत्नी ने रोकना चाहा। आरोप है कि पुलिस ने महिला की भी पिटाई की। सियाराम का कहना है कि जब पुलिस आई तो वह कोयला तोड़ रहा था । पुलिस ने पूछा कि दुकानदार कौन है जैसे ही कहा कि मैं हूं ,बस तुरंत मारने पीटने लगे , सियाराम के शरीर में चोट के कई निशान भी हैं। टांडा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि जब पुलिस वहां पहुंची तो कुछ लोग शराब पी रहे थे। पुलिस ने सिर्फ उनको समझाया बुझाया है। मारने पीटने की बात गलत है। पीड़ित सियाराम गुप्ता ने बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों के साथ एसपी केशव कुमार को पत्र दे कर कार्रवाई की मांग की है।

## मजलिसे ख़मसा को मौलाना इफ़्तेख़ार अली ने किया सम्बोधित

**जलालपुर।** नगर के मोहल्ला जाफराबाद स्थित बहिश्त-ए-वफा (रौज -ए-हजरत अब्बास) में मजलिस-ए-ख्मसा के पहले दिन कर्बला और दर्शन शीर्षक पर आयोजित मजलिस में मौलाना इफ्तेखार अली फ़राज़ वास्ती ने खिताब करते हुए कहा कि कर्बला की दास्तान हमें नैतिकता, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने को प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्बला की जंग में हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए यजीदी लश्कर के अहंकार को नष्ट कर दिया। इससे पूर्व कल्बे हसन अहसन व उनके हमनवां ने मर्सिया ख्वानी पेश किया।

# भनवापुर ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों में 300 बच्चों को लगाई टीडी और डिप्थीरिया की वैक्सीन

## सिद्धार्थनगर में स्वास्थ्य विभाग का टीकाकरण अभियान

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीडी और डीपीटी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में कुल 300 बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया। टीकाकरण अभियान में अरबिया बरसिया मदरसा हथपरा, ब्राइट फ्यूचर एकेडमी मधुकर और प्राथमिक विद्यालय रमवापुर उर्फ नेबुआ शामिल थे। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय मंगराव, संकटा प्रसाद इंटर कालेज तरहर और प्राथमिक विद्यालय देवरिया चमन में भी टीकाकरण किया गया। एएनएम गूंजन मिश्रा, अमीषा और सोनिया वर्मा ने टीकाकरण किया। इस दौरान सीएचसी सिरसिया में अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने आशा और संगिनी कार्यकर्ताओं को टीकाकरण अभियान में पूर्ण सहयोग का निर्देश दिया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने को कहा। डॉ. ओझा ने कहा कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर समय पर इलाज कराएं। नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम के तहत बीमार शिशु या धात्री महिलाओं को पीएचसी या सीएचसी पर जांच के लिए भेजें। उन्होंने सभी आशा और संगिनी कार्यकर्ताओं को शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने का निर्देश दिया।

## सिविल डिफेन्स माक ड्रिल के सम्बन्ध में बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सिविल डिफेंस मार्क ड्रिल के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने किसी भी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार एवं शासन की ओर से दिनांक 7 मई 2025 को मॉक ड्रिल किए जाने के निर्देश के क्रम में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशाङ्गनिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के जरिए लोगों को आपात स्थिति के संबंध में जागरूक किया जाए। आपात स्थिति में किस प्रकार से जानङ्गमाल की रक्षा करने के संबंध में लोगों को जानकारी प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य हवाई हमले के चेतावनी प्रणालियों/सायरन की प्रभावशीलता का आकलन।

# वक्फ जनजागरण अभियान : कांग्रेस पर बरसे पूर्व मंत्री कहा, कांग्रेस के गठजोड़ ने इस मुद्दे पर अंधकार में रखा

## कांग्रेस सरकार मुसलमानों के विकास पर कोई मॉडल नहीं कर पाई पेश, विकास व धर्म में उलझाकर रखा

**अवधनामा संवाददाता**



- मुसलमानों को समझाने में जुटी भाजपा, बड़े वर्ग का समर्थन चाहती है पार्टी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** वक्फ कानून को रद्द करने की मांग को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल की गई याचिकाओं पर अगली सुनवाई 15 मई को होगी। लेकिन इसी बीच भाजपा वक्फ मुद्दे पर पूरे देश में मुसलमानों का समर्थन हासिल करने के लिए अभियान चला रही है। भाजपा नेता मुसलमानों के बीच बैठकें कर उन्हें यह यकीन दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि वक्फ बोर्ड में संशोधन का कानून उनके हित के लिए है। आज भी अलग-अलग कार्यक्रम कर मुसलमानों के बीच वक्फ कानून को लेकर जागृति पैदा करने की कोशिश की गई।

मुसलमानों का दिल जीतने के लिए भाजपा उन्हीं एजेंडों को अपना रही है जिस पर कभी बहुत अधिक विरोध हुआ था, लेकिन इन मुद्दों पर कानून बनाने के बाद आज अल्पसंख्यक समाज का ही भला हो रहा है। भाजपा नेता मुसलमानों को यह समझा रहे हैं कि मुस्लिम मौलवियों और कांग्रेस के राजनीतिक गठजोड़ ने मुसलमानों को इस मुद्दे पर अंधकार में रखा। भाजपा ने मुसलमानों की नाराजगी का खतरा उठाने के बाद भी तीन तलाक को खत्म करने का कानूनी प्रावधान बनाया। तीन तलाक कानून लागू होने का यह परिणाम हुआ है कि इसके कारण आज मुसलमान समुदाय में तीन तलाक के मामले बिल्कुल घट गए हैं। इससे मुसलमान महिलाओं को लाभ मिला है और अब उन्हें परित्यक्त छोड़ने के मामले बहुत घटे हैं।

भाजपा नेताओं का दावा है कि इसी तरह वक्फ बोर्ड के संशोधन का कानून लागू होने से गरीब मुसलमानों का भला होगा। इटवा में पूर्व मंत्री डा0सतीश द्विवेदी ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकारें मुसलमानों के विकास का कोई ठोस मॉडल पेश नहीं कर सकीं। उन्होंने उनका वोट लिया, लेकिन उनके विकास के नाम पर उन्हें धर्म में उलझाकर रखा। लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार ने मुसलमानों की भलाई के लिए अलग-अलग कदम उठाए और उनका जमीनी विकास करने के लिए प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी लगातार देश को एकजुटता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रगतिशील कानून बनाते रहे हैं जिसमें सामाजिक राजनीतिक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से तीन तलाक, जीएसटी, धारा 370 और महिलाओं के 33त्न आरक्षण जैसे ऐतिहासिक कानून बना कर सबका साथ सबका विकास को साबित किया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह वक्फ कानून लागू होने से मुसलमानों का ही भला होगा।

## आतंकियो को करारा जवाब

जम्मू कश्मीर के विधानसभा में पहलगांव आतंकी हमले के खिलाफजिस तरह एक हुआ वह अभूतपूर्व है और कश्मीर की जनता के सोच में आये परिवर्तन का सूचकांक है। वैसे में मुख्यमंत्री का बयान कि यह हमला कश्मेरियत पर हमला है सभी ने सहमति तथा ऐसे मुख्यमंत्री का यह कहना बहुत ही महत्वपूर्ण और प्रशंसनीय है कि इस मौके पर जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य देने के दर्जा की मांग नही करेगे। लोगो के समर्थन से ही आतंकवाद पूरी तरह खत्म करना सम्भव है। सदन में लाये गये प्रस्ताव में कहा गया कि आतंकवादी कार्यवाइयां कश्मीरियत में निहित मूल्यों और संविधान में निहित मूल्यों के खिलाफ है। लोगो के समर्थन से ही आतंकवाद खत्म हो सकता है। लोगो का समर्थन इस समय पूरी तरह से एक जुट है। यह पहेलगाम की वारदात ने आतंकियो और पाकिस्तानी आकाओं को बेनकाब कर दिया है। हिन्दूस्तानी आवाम पाकिस्तान शासकों उनके साथियों को काले मनसूबो और करतूतों को समझ लिया है। काश्मीरियों के समझ में यह बात पूर तरह आ गई है कि इतने दिनों तक आतंकियो और उनके आकाओं द्वारा बरगलाया जाता रहा है। इस समय घाटी में आतंकियों कार्यवाइयों के खिलाफ पूरा समर्थन मिलने का यही कारण है। इस समय कश्मीरी नेता और जनता राष्ट्रहित को आगे रखकर चल रहे है। यह भावना आतंकियों और पाकिस्तानी आकाओं को दहला रही है। पाकिस्तान की जनता और हुक्मरान इसीलिये दहशत में है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की घोषणा हर आतंकी को कठोर सजा दी जायेगी, पूरी तहकीकात की जायेगी और कार्यवाई शुरू भी हो गई है।

कश्मीरी नेता और जनता समझा है कि राजनीति को लेकर टकराने और विरोध जताने का मौका नही है। इस तरह की घटनायें राष्ट्र के एकता की परीक्षा होती है जिसकी भारतीय जनता पूरी तरह विशेष अंक के साथ पास है। देश विदेश के प्रदर्शन से पाक अधिकृत पीओके की जनता पाक खिलाफ कसमसा रही है और भारत के साथ मिलने के लिये तिलमिला रही है प्रदर्शन भी हो रहे है मोदी के नाम के जायकारे लग रहे है। आतंकवादी हमले के पक्ष में पाक के खड़े होने का यही इनाम मिल रही है। पाकिस्तानी आका पीओके की जनता पर डराने के लिये जुर्म ढा रहे है पर जनता में विरोध उग्रतर होता जा रहा है। भारत की घोषणा पीओके को भारत में मिलायेगे पीओके के लोगो को उत्साहित कर रही है तो पाक को डरा रही है।

## सृजन की मानवीय संवेदना


डॉ रामेश्वर मिश्र

आज बदलते दौर में सब कुछ बहुत तेजी से बदलता जा रहा है, जीवन की आपा धापी मे जो कुछ तेजी से बदला है वह यह है कि लोगों का लोगों के प्रति नजरिया बदल रहा है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के कारण मानव जीवन के भाग दौड़ की जिंदगी में तकनीक आधारित व्यवस्था ने अपना स्थान बना लिया है। तकनीक आधारित समाज में अनेक वादों ने स्थान ले लिया है जिसमें बाजारवाद, जातिवाद, धर्मवाद और अर्थवाद का तेजी से विकास हुआ है, भारतीय जनमानस आगे बढ़ने की होड़ में अपनेपन को भूलता जा रहा है। ऐसे समय में हमें अनेक ऐसे प्रश्नों के उत्तर नहीं मिल पाते हैं जिसके मूल में मानवी मूल्य का सृजन निहित है। समाज में समन्वय और सांस्कृतिक विविधताओं का पतन हमें देखने को मिलता है जिसके मूल में मानवीय मूल्यों का पतन है जिसको लेकर हमारे विचारको ने अनेक प्रसंग सुझाए हैं। इन्हीं विचारकों में मानवी मूल्य के पोषक रबीन्द्रनाथ टैगोर जी का नाम प्रमुखता से आता है। रबीन्द्रनाथ टैगोर जी का जन्म 7 मई 1861 ई को कोलकाता की जोड़ासाँको ठाकुरबाड़ी में देवेंद्र नाथ टैगोर एवं शारदा देवी के घर में हुआ था। रबीन्द्रनाथ टैगोर ने अपने जीवन काल में कई उपन्यास, निबंध, लघु कथाएं, यात्रावृत्त, नाटक और सहस्त्रों गाने लिखे। रबीन्द्रनाथ अपनी पद्म कविताओं के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने ने लगभग 2230 गीतों की रचना की है जिसमें हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की ध्रुपद शैली से प्रभावित इन गीतों में मानवीय भावनाओं के अलग-अलग रंगों को प्रस्तुत किया गया हैं।

जंगे आजादी में रबीन्द्रनाथ टैगोर ने मानवीय पक्ष को हमेशा अपना आधार बनाया, टैगोर जी का मानवतावाद आध्यात्मिक धरातल पर आधारित था इसमें यह अवधारणा निहित है कि मनुष्य परमात्मा की श्रेष्ठ कृति है, मनुष्य में परमात्मा का वास है, मनुष्य में जो देवत्व है, वह उसे परस्पर प्रेम के बंधन में बांधता है। टैगोर ने हमेशा मानवी प्रेम को अपने लेखन एवं विचारों में महत्वपूर्ण स्थान दिया क्योंकि ईश्वर द्वारा निर्मित मानव के हृदय में प्रेम का सृजन ही संसार और राष्ट्र के निर्माण में सहायक होगा। रबीन्द्रनाथ टैगोर पृथ्वी पर दैवीय प्रेम के संदेशवाहक थे। गीतांजलि में उन्होंने ईश्वरी प्रेम की व्यापकता का गान किया है और अपने बंधुओं को आमंत्रित किया है कि वह इस प्रेम सागर का रसास्वादन करें। रबीन्द्रनाथ टैगोर के विचारों को विश्व पटल पर महत्वपूर्ण स्थान मिला, उन्होंने समाज और राष्ट्र रुपी माला को जोड़ने के लिए प्रेम और विनम्रता को अपना आधार मानते थे। टैगोर का मानना था कि जब हम विनम्रता में महान होते हैं तभी हम मानवता के करीब होते हैं। मानवता और मानवी मूल्यों को लेकर रबीन्द्रनाथ टैगोर ने अथक साहित्यिक साधना की जिसके माध्यम से उन्होंने अपना संदेश समाज तक पहुंचाने का कार्य किया। रबीन्द्रनाथ टैगोर कोलकाता विश्वविद्यालय में कमला व्याख्यान माला के अंतर्गत अपने एक भाषण में कहा कि मनुष्य का दायित्व महामानव का दायित्व है जिसकी कही सीमा नही है, जंतुओं का आवास भूमंडल पर है और मनुष्य का आवास वहां है जिसे वह देश कहता है और देश केवल भौमिक नहीं अपितु मानसिक है, रबीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा कि मनुष्य-मनुष्य के मिलन से यह देश बनता है, रबीन्द्रनाथ टैगोर का विचार मानवता के मूल में प्रेम, त्याग, सहयोग, संयम, स्नेह, समर्पण और स्वतंत्रता पर आधारित था। जिसका समावेश ही राष्ट्र और समाज के निर्माण में सहायक था।

एक सुहागिन, कश्मी को देखन चली।
साथ प्रीतम की गढ़ती, मेहंदी चली।।
अपने साजन की बाहों में सहलती रही।
क्या पता था उसको, नजर सी लगी।।

घोड़े खच्चर से घाटी पे चढ़ती रही।
मगर नव बिंदिया खिसकती रही।।
धर्म क्या, सुनकर अवाक सी रही।
चहुँ ओर भगदड़ जब मचने लगी।

धर्म हिन्दू सुन, गोली दगने लगी।
रो-रो के सुहागिन बिलखने लगी।।
लाल मेहंदी से प्रीत को उठाने लगी।
साथ हेल्प की भीख वो माँगने लगी।।

पाक परस्ती से चूड़ी जब टूटन लगी।
मून थी वो, हनीमून कोसन लगी।।
चार दिन की वो दुल्हन, बेवा होने लगी।
मगर देश मे राजनीति होने लगी।।


सुमित शुक्ला

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**भारत पाक तनाव चरम परपहुंचा, सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया है। इसका मकसद है देश को किसी भी संभावित खतरे के लिए तैयार करना।ये ड्रिल देशवासियों को जागरूक करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।गृह मंत्रालय ने राज्यों को कई अहम निर्देश दिए हैं। सबसे पहले,हवाई हमले कीचेतावनी देने वाली सायरन की जांच की जाएगी ताकि जरूरत पड़ने पर लोग तुरंत सतर्क हो सकें।**

# भारत-पाक युद्ध की दस्तक


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें भारत पर लगी हुई है कि भारत कब पाक़ के खिलाफ मिलट्री एक्शन शुरू करता है। हालांकि इसपर भारतीय नागरिकों की भी नज़रें लगी हुई है, जिससे ऐसा महसूस हो रहा है कि अब समय आ गया है कि पाक़ पर मिलिट्री कार्यवाही जल थल वायु जो किसी भी स्थिति में हो, शुरू करने की जरूरत है,परंतु मेरा मानना है कि अभी जो भारत सरकार उच्चस्तर पर रणनीति के तहत चल रही है, वह सही भी है क्योंकि युद्ध शुरू करने के पहले उसके लॉन्ग टाइम इफेक्ट्स, नागरिकों पर प्रभाव, अंतर्राष्ट्रीय सोच सहयोग सहित अनेक कूटनीतिक, डिप्लोमेसी सहित अनेक रणनीतियां होती है,जिससे दुश्मन को आधा परास्त तो ऐसे ही कर दिया जाता है, बाकी बचाकुचा तीनों अंगों की सैन्य कार्रवाई से पूरा हो सकता है। 5 मई 2025 को देर शाम केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिविल मॉक ड्रिल के आदेश जारी कर दिए गए हैं जो सभी राज्योंकेंद्रशासित प्रदेशों को 7 मई 2025 को करने होंगे, इसके पहले पाक़ को घुटने टिकाने अनेक आदेश जारी किए गए हैं, अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्राप्त कर रहे हैं, इसी कड़ी में 5 मई 2025 कोही रूस के राष्ट्रपति ने भी संचार माध्यम से भारतीय पीएम से बात कर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबद्धता जताई।अब सिविल मॉक ड्रिल आदेश को आधार बनाकर आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत-पाक युद्ध की दस्तक?54 वर्षों के बाद 7 मई 2025 को सभी राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्र ने सिविल मॉक ड्रिल के आदेश जारी किए हैं।




साथियों बात अगर हम भारत-पाक युद्ध की संभावित दस्तक की करें तो, गृह मंत्रालय ने 1971 के बाद पहली बार 7 मई को देशव्यापी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के निर्देश दिए हैं।पीएम द्वारा पिछले 7 दिनों में तीनों सेना प्रमुखों और रक्षा सचिव से मुलाकातों के बाद सैन्य तैयारियों की समीक्षा की गई है, जिसमें कहा गया है कि भारत की प्रतिक्रिया का समय, तरीका और लक्ष्य तीनों सेनाएं खुद तय करेंगी।पाक से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देश के 244 जिलों में 7 मई को मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।7 मई को कौन-कौन से राज्यों में मॉक ड्रिल होगी। अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।पाक से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देश के 244 जिलों में 7 मई को मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जासके।हालांकि रविवारसोमवार रात पंजाब के फिरोजपुर छावनी में ब्लैकआउट प्रैक्टिस की गई। इस दौरान गांवों और मोहल्लों में रात 9 बजे से 9−30 बजे तक बिजली बंद रही।दरअसल, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। सरकार किसी भी संभावित खतरे से पहले तैयारी करना चाहती है।

साथियों बात अगर हम सिविल डिफेंस मार्क ड्रिल को समझने की करें तो, (1) मॉक ड्रिल यानी एक तरह की ÷प्रैक्टिस÷ जिसमें हम यह देखतेहैं कि अगर कोईइमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है (2) ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे,तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होती है।ड्रिल में होंगे ये प्रमुख कदम - (1) एयर रेड सायरन की टेस्टिंग− दुश्मन हमले के समय चेतावनी देने वाले सायरनों की जांच और एक्टिवेशन होगा। (2) सिविल डिफेंसट्रेनिंग− आम लोगों को सिखाया जाएगा कि वे हमले के वक्त कैसे सुरक्षित रहें। (3) ब्लैकआउट की व्यवस्था− हमले के वक्त रोशनी पूरी तरह बंद करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। (4) कैमो फ्लाज की तैयारी−देश के महत्वपूर्ण प्लांट्स और ठिकानों को छिपाने की तकनीक अपनाई जाएगी। (5) इवैक्यूएशन प्लान− आपात स्थिति में लोगों को निकालने की योजना को अपडेट किया जाएगा और उसका अभ्यास भी होगा।

साथियों बात अगर हम भारत पाक तनाव चरम परपहुंचने की करें तो,सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया है। इसका मकसद है देश को किसी भी संभावित खतरे के लिए तैयार करना।ये ड्रिल देशवासियों को जागरूक करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।गृह मंत्रालय ने राज्यों को कई अहम निर्देश दिए हैं।सबसे पहले,हवाई हमले कीचेतावनी देने वाली सायरन की जांच की जाएगी ताकि जरूरत पड़ने पर लोग तुरंत सतर्क हो सकें। इसके अलावा, आम नागरिकों और स्कूली बच्चों को ट्रेनिंग दी जाएगी कि हमले की स्थिति में खुद को कैसे सुरक्षित रखना है। रात के समय ब्लैक आउट की प्रक्रिया को भी लागू किया जाएगा ताकि हवाई हमलों के दौरान शहरों की रोशनी दुश्मन को नजर न आए। महत्वपूर्ण इमारतों और ठिकानों को छिपाने के लिए छलावरण की तकनीक का इस्तेमाल होगा। साथ ही,आपातकाल में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए निकासी योजनाओं को अपडेट किया जा रहा हैं।

साथियों बात अगर हम पाक के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई की गूंज की करें तो, पहलगाम अटैक को पूरे दो हफ्ते हो गए हैं, आज 14 वां दिन है, इन 14 दिनों में सिर्फ बैठकें हुई हैं, बड़ी-बड़ी बैठकें, डिप्लोमेटिक एक्शन हुए हैं, पाक का पानी रोकने पर एक्शन हुआ, पाक का पैसा बंद करने पर भी बात हो रही है लेकिन सबसे बड़ा सवाल तो ये है कि 26 निर्दोष लोगों के हत्यारे पर सीधा हमला कब होगा, भारत पाक पर कब अटैक करेगा। भारत की सेना लाहौर, इस्लामाबाद का रुख कब करेगीइंडियन एयरफोर्स के जेट पाकिस्तान मिलिट्री के इंस्टॉलेशन को निशाना कब बनाएंगे,ये देश की मंशा है।देश यही चाहता है लेकिन ये कब होगा, ये कोई नहीं जानता।

# रश्ते और सिर्फ रिश्ते

आनन्द पाण्डेय

**यह हमारे दृढ़ संकल्प और इस विश्वास में प्रदर्शित होता है कि हमारे बच्चे सबसे अच्छी शिक्षा के हकदार हैं। कभी-कभी यह सहज क्षणों में फूट पड़ता है, तो कभी यह हमारे शांत संवाद में छिपा होता है और बच्चों की देखभाल की चिंताओं में अभिव्यक्त होता है। एक फोन कॉल में 1 से 2 मिनट लगते हैं, और यह कक्षा से लेकर घर तक भावनात्मक संबंधों के नए सेतु का निर्माण करता है। आपकी होम विजिट्स उन्हें और भी अधिक हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। अनेक बार यह भी होता है कि बच्चे के मन की चिंता और भरोसे की समस्या की जड़ें घर - परिवार में उलझी हुई होती हैं।**

स्कूल का नाम आते ही हम सबके दिल, दिमाग में कितनी यादें तैरने लगती हैं। अनगिनत शब्द, दृश्य और घटनाएं चलचित्र की तरह जीवंत हो जाते हैं। कोई आवाज बहुत प्यारी और मासूम लगती है, तो कोई चेहरा बरबस ही आंखों के सामने घूम जाता है। पर, इस कोलाहल में कोई बच्चा अकेला और बुझा - बुझा सा आपको बेचैन करता है या नहीं? उसकी अपनी दुनिया में क्या कुछ उमड़- घुमड़ रहा है, आपने किस शिद्दत से जानने की कोशिश की है? उस बच्चे की किताबें हमेशा बिखरी रहती हैं या कुछ दिनों से उसका बस्ता खुला ही नहीं ? इतने दिनों बाद आज वह स्कूल आया है और एकदम अकेला है - किसी निर्जन द्वीप जैसी मनःस्थिति में। अगर आज आप उसके साथ कुछ समय नहीं बिताते हैं या उसके घर नहीं जाते हैं, तो यकीन मानिए रिश्ते बनाने का सुनहरा अवसर आपने खो दिया है।

एक बार उसके बस्ते के साथ, उसके अंतर्मन को भी खंगालिए, घर की खबर भी ले लीजिए। उसकी बेतरतीब चीजों में खूबसूरती ढूंढिए, उसकी पसंदीदा चीजों, खेत - खलिहान, खेल और गीत-संगीत के बारे में बातें करिए। ऐसा भी नहीं है कि एक दिन में ही उससे जुड़ी सभी समस्याएँ यूं ही हल हो जाएंगी। ऐसा बिल्कुल नहीं होने वाला है। किंतु, आपको एहसास होगा कि आप एक नई शुरुआत कर रहे हैं, पहली बार उसके मन की आवाज सुन रहे हैं। बहुत बार बच्चों का दिल जीतने के लिए उनके मां- बाप का दिल जीतना होता है, बच्चे को चैंपियन बनाने के लिए उनके मां- बाप में चैंपियन बनाने की आस जगानी होती है। अगर आप स्कूली शिक्षा के लिए सच में कोई एक अथवा कारगर रणनीति की तलाश कर रहे हैं, तो यह रिश्ते हैं, आत्मीय सम्बन्ध हैं। यही बुनियाद है, यही केंद्र है, यही प्रारंभ और परिणति है, बाकी सब बाद में। जिस तरह से हम सीखने- सिखाने की संरचना करते हैं, इससे बेहतर आरंभ नहीं हो सकता।



यह हमारे दृढ़ संकल्प और इस विश्वास में प्रदर्शित होता है कि हमारे बच्चे सबसे अच्छी शिक्षा के हकदार हैं। कभी-कभी यह सहज क्षणों में फूट पड़ता है, तो कभी यह हमारे शांत संवाद में छिपा होता है और बच्चों की देखभाल की चिंताओं में अभिव्यक्त होता है। एक फोन कॉल में 1 से 2 मिनट लगते हैं, और यह कक्षा से लेकर घर तक भावनात्मक संबंधों के नए सेतु का निर्माण करता है। आपकी होम विजिट्स उन्हें और भी अधिक हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। अनेक बार यह भी होता है कि बच्चे के मन की चिंता और भरोसे की समस्या की जड़ें घर - परिवार में उलझी हुई होती हैं। जब आप परिवार की आसन्न चुनौतियों और उनके परिवेश की जटिलता को समझते हैं, तो आप कक्षा में उनकी जरूरतों की पूर्ति और भी बेहतर ढंग से कर पाते हैं। जब आप उनके घर जाते हैं, तो मां - बाप के मन की कोमल खिड़की भी खुल जाती है और यह नई साझेदारी के द्वार खोलता है। इससे बच्चों के बारे में नकारात्मकता का ही शमन नहीं होता है, सच्चाई से रूबरू होने पर बहुत बार हमें पछतावा भी होता है। ऐसे बहुत से बच्चे हैं, जिनके लिए स्कूल सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, उनकी जिंदगी की वास्तविकता से दूर एक ऐसा स्थान है, जहां वे कुछ समय के लिए इस वास्तविकता को भूल सकते हैं। और, सच मानिए वे उसे भूलना भी चाहते हैं, ताकि नई जिंदगी के सुनहरे सपने देख सकें। कभी - कभी जानकारी का अभाव भी नकारात्मकता के प्रसार में सहायक होता है, इसलिए भी हमें अपने स्कूलों में होने वाली सभी गतिविधियों, उपलब्ध संसाधनों, शिक्षण रणनीति और छात्र उपलब्धियों या व्यवहार के सम्बन्ध में अभिभावकों से संवाद की आवश्यकता है। एक जादुई पल की तलाश सभी को है - आपके बच्चे ने कितना शानदार कार्य किया है, आज कल कुछ उदास सा रहता है, घर में सब खैरियत तो है.... किसी बच्चे के प्रयास को प्रदर्शित करने का आपका उत्साह या उसकी मनःस्थिति को समझने का प्रयास उस बच्चे और परिवार को आशा और उम्मीद की नई किरणों से ऊर्जान्वित कर देता है। बच्चे इसे जीवन भर याद रखेंगे !

समुदाय के लिए यह अवसर के एक दस्तक की तरह है - बच्चे इतने महत्वपूर्ण हैं कि उन्हें किसी भी दूसरी प्राथमिकता के लिए दरकिनार नहीं किया जा सकता। यह केवल एक कथन नहीं है। यह हमारी कार्य संस्कृति है, हमारे स्कूल में व्यवहार का तरीका है। यह स्कूल के प्रत्येक क्रियाकलाप, दैनिक कार्य, बच्चों के साथ बातचीत, व्यक्तिगत ध्यान में सम्मिलित है। वे ऐसी जगह पर रहने के हकदार हैं, जहाँ वे सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। यह मुस्कुराहटों और संगीत से भरा हुआ है। यह आशा, महत्वाकांक्षा और उच्चतम आकांक्षाओं से सराबोर है। यह ऐसी कहानी है, जिसे लोगों को सबसे पहले हमें सुनानी चाहिए। लर्निंग आउटकम का रास्ता कक्षा - कक्ष से गुजरता है और आत्मीय रिश्तों की राहें बच्चों के घर तक जाती हैं। एक होम विजिट से इस बात की संभावना बढ़ जाती है कि माता-पिता स्कूल की गतिविधियों में सहजता से शामिल होने को उत्सुक होते हैं। और, जब अभिभावक का शिक्षक से सहज जुड़ाव होता है, तो बच्चे के सीखने की प्रक्रिया में सहभागी होने की संभावना भी बढ़ जाती है। आपने सभी तरीके आजमा लिए, पर इस पारंपरिक तरीके को हमेशा आत्मसात करिए। कभी-कभी बच्चे के अंतर्मन तक पहुँचने का यह एकमात्र तरीका भी हो सकता है। जब हम मां - बाप के साथ आत्मीयता बढ़ाते हैं, बच्चों के सपनों से उन्हें जोड़ते हैं तो सफलता की संभावना को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा देते हैं, जो अन्यथा सम्भव नहीं था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है और आपका दायित्व, सामाजिक सरोकार और आपसे अपेक्षाएं अतिरिक्त समय, संसाधन और निवेश की मांग करती हैं। यह हमेशा रहेगा। यह इस क्षेत्र की अनन्य विशिष्टता है। आपकी चुनौतियों, सरोकारों, दायित्वों के साथ ही आपसे अपेक्षा और अतिरिक्त समय का निर्धारण उसी समय सुनिश्चित हो गया था, जब आपने इस कार्य क्षेत्र में चयन के लिए मन से हामी भरी। शांतिपूर्ण जीवन के लिए आपने इस क्षेत्र का चुनाव नहीं किया है। निश्चय ही यह कठिन यज्ञ का चुनाव था और वह भी जीवन भर के लिए। किंतु, यह भी सत्य है कि इससे बेहतर सामाजिक दायित्व और कार्य क्षेत्र का निर्धारण मानवीय समाज अभी तक नहीं कर सका है। मानवीय सभ्यता के शिखर पर भी आप सोपानक्रम में शीर्ष पर ही होंगे। हमारे समर्पित प्रयास में हमारे आस-पास की दुनिया को नई दिशा और आकार देने की शक्ति होती है। यद्यपि हमें अतिरिक्त ऊर्जा, सहयोग और समर्थन की आवश्यकता होती है, किंतु यह आत्मीय जुड़ाव पूरे समुदाय को रोशन करने के लिए पर्याप्त आत्म शक्ति और ऊर्जा पैदा कर सकता है। रोजमर्रा की व्यस्तता में भी हम ऐसे मानदंड और मूल्य बना सकते हैं, जो हमारी विद्यालयी संस्कृति में सन्निविष्ट हो कर जीवन के हर पहलू को प्रभावित कर सकते हैं।

# वक्फ संशोधन अधिनियमः मुस्लिम महिलाओं के लिए एक प्रगतिशील प्रयास

इंशा वारशी

**वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 का एक महत्वपूर्ण पहलू वक्फ संस्थानों के निर्णय लेने वाले निकायों में मुस्लिम महिलाओं का अनिवार्य समावेश है। अधिनियम की धारा 14 में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य वक्फ बोर्ड में कम से कम दो मुस्लिम महिला सदस्य होनी चाहिए। इसी तरह, धारा 9 केंद्रीय वक्फ परिषद में कम से कम दो मुस्लिम महिलाओं को शामिल करने का आदेश देती है। यह बढ़ा हुआ प्रतिनिधित्व यह सुनिश्चित करता है कि वक्फ संसाधनों के प्रबंधन और उपयोग में महिलाओं की आवाज सुनी जाए।**

8 अप्रैल, 2025 को लागू हुआ वक्फ संशोधन अधिनियम 2025, भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहा गया है। इसके विभिन्न उद्देश्यों में, एक उल्लेखनीय कदम इन संस्थानों के भीतर मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों और प्रतिनिधित्व को मजबूत करने पर केंद्रित है। यह लेख अधिनियम के उन प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डालता है जो विशेष रूप से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बनाए गए हैं।

**विरासत अधिकारों का संरक्षण :** ऐतिहासिक रूप से, पारिवारिक वक्फ (वक्फ-अलल-औलाद) के कारण कभी-कभी महिला वारिसों को उनके विरासत अधिकारों से वंचित कर दिया जाता था। नया अधिनियम धारा 3ए(2) के माध्यम से इस मुद्दे को सीधे संबोधित करता है, जो स्पष्ट रूप से कहता है कि किसी भी संपत्ति को वक्फ के लिए समर्पित नहीं किया जा सकता है जब तक कि महिला वारिसों को उनका वैध विरासत हिस्सा पहले न मिल जाए। यह सुनिश्चित करता है कि अधिनियम का उपयोग महिलाओं के संपत्ति विरासत के कानूनी अधिकारों को दरकिनार करने के उपकरण के रूप में नहीं किया जा सकता है, जो धन के वितरण में न्याय और निष्पक्षता के इस्लामी सिद्धांतों के अनुरूप है।



इसके अलावा, अधिनियम वक्फ-अलल-औलाद के दायरे का विस्तार करता है ताकि विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और अनाथों के वित्तीय सहायता और रखरखाव के प्रावधानों को स्पष्ट रूप से शामिल किया जा सके, जैसा कि धारा 3(आर)(i1) में उल्लिखित है। यह वक्फ निधियों को उनके कल्याण के लिए उपयोग करने की अनुमति देता है, जो समुदाय के भीतर कमजोर महिलाओं और बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा जाल प्रदान करता है।

**शासन में प्रतिनिधित्व को बढ़वा :** वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 का एक महत्वपूर्ण पहलू वक्फ संस्थानों के निर्णय लेने वाले निकायों में मुस्लिम महिलाओं का अनिवार्य समावेश है। अधिनियम की धारा 14 में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य वक्फ बोर्ड में कम से कम दो मुस्लिम महिला सदस्य होनी चाहिए। इसी तरह, धारा 9 केंद्रीय वक्फ परिषद में कम से कम दो मुस्लिम महिलाओं को शामिल करने का आदेश देती है। यह बढ़ा हुआ प्रतिनिधित्व यह सुनिश्चित करता है कि वक्फ संसाधनों के प्रबंधन और उपयोग में महिलाओं की आवाज सुनी जाए। इससे इन संपत्तियों के शासन में अधिक संतुलित और समावेशी दृष्टिकोण आने की उम्मीद है, यह सुनिश्चित करते हुए कि लड़कियों के लिए छात्रवृत्ति के आवंटन, स्वास्थ्य सेवा और मातृत्व सेवाओं के प्रावधान, और विरासत और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों के लिए कानूनी सहायता केंद्रों की स्थापना जैसे मामलों में मुस्लिम महिलाओं की जरूरतों और दृष्टिकोणों पर विधिवत विचार किया जाए।

**सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा :** प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता और शासन की भूमिकाओं से परे, अधिनियम मुस्लिम महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण पर भी जोर देता है। यह कौशल विकास कार्यक्रमों, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों और स्वयं सहायता समूहों की स्थापना जैसी पहलों के लिए वक्फ निधियों के उपयोग को प्रोत्साहित करता है। इन पहलों का उद्देश्य महिलाओं के बीच वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है, जिससे वे स्वास्थ्य सेवा, व्यवसाय और फैशन डिजाइन जैसे क्षेत्रों में रोजगार सुरक्षित कर सकें या अपना व्यवसाय शुरू कर सकें।

**असमानताओं का समाधान :** महिलाओं के विरासत अधिकारों को सुनिश्चित करके, शासन में उनके प्रतिनिधित्व को अनिवार्य करके और उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर, वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 का उद्देश्य ऐतिहासिक असमानताओं को दूर करना और वक्फ संस्थानों के ढांचे के भीतर मुस्लिम महिलाओं के लिए एक अधिक न्यायसंगत और समान प्रणाली बनाना है। यह कानूनी और इस्लामी दोनों सिद्धांतों के अनुरूप उनके अधिकारों को पहचानने और बनाए रखने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम का प्रतीक है।

**निष्कर्ष :** वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 भारत में मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। उनके विरासत अधिकारों की रक्षा और वक्फ संपत्तियों के शासन और उपयोग में उनकी सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करके, अधिनियम का उद्देश्य एक अधिक समावेशी, पारदर्शी और न्यायसंगत प्रणाली को बढ़ावा देना है। सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण पर ध्यान मुस्लिम महिलाओं के उत्थान और उन्हें अधिक सुरक्षित और स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम बनाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। जबकि इन प्रावधानों का कार्यान्वयन और प्रभाव समय के साथ सामने आएगा, अधिनियम निस्संदेह वक्फ प्रशासन के क्षेत्र में एक अधिक लैंगिक-न्यायपूर्ण भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखता है।

# मुफ्त कला साधना शिविर का भव्य समापन

■ सफल चित्रकार बनने के लिए सतत् साधना की आवश्यकता होती है: विधायक

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** सिद्धन रोड स्थित कला भवन में चित्रकार ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा 06 अप्रैल से 05 मई 2025 तक आयोजित निशुल्क कला साधना शिविर का समापन समारोह विधायक रामरतन कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य एवं नेमवि प्रबन्धक प्रदीप चौबे की अध्यक्षता एवं डा.राजकुमार जैन के विशिष्ट अतिथ्य में सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवन के साथ समापन कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने शिविर में एक माह सिखायी विषय वस्तु एवं बनाये गये चित्रों को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा बच्चों ने भी अपने द्वारा बनाये गये चित्रों, प्राकृतिक दृश्यों एवं मानव चित्रण पर आधारित, मां-बेटी, उमा-शिव को आमंत्रित अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे देखकर बच्चों के किये गये कार्यो की एवं प्रशिक्षक उनकी सराहना की। मुख्य अतिथि ने कहा कि लोककला लोगों, उनकी मान्यताओं, रीति रिवाजों और रोजमर्रा की जिन्दगी का प्रतिबिम्ब है। एक माह के प्रशिक्षण में कलासाधकों द्वारा प्रस्तुत किये गये चित्रों में इसकी पूर्ण झलक मिली है। लगभग एक वर्ष के शोध एवं उपलब्ध साहित्य के आधार पर चित्रकार ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा बुन्देलखण्ड केसरी महान योद्धा महाराजा छत्रसाल बुन्देला के तैल चित्र का अतिथियों ने अनावरण किया। अध्यक्षता कर रहे नेमवि प्रबंधक ने कहा कि उनने सेवानिवृत्ति के पश्चात् निशुल्क कलासाधना शिविर आयोजित करके कला के प्रतिभावान छात्रों को बहुत ही अच्छा अवसर एवं अपनी कलासाधना के 50 वर्षो से अधिक समय का सारतत्व प्रदान किया है, जो इतने कम समय में बच्चों के इतने सुन्दर चित्र बनाने से परिलक्षित हो रहा है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि चित्रकला भावनाओं को व्यक्त करने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और उनकी सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने का एक शक्तिशाली माध्यम है। यह विचारों को कलात्मक रुप से व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है। अतिथियों ने कलासाधकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। इंटेक चैप्टर ललितपुर संयोजक सन्तोष शर्मा ने कहा कि शिविर में बुन्देली चित्रकला चितैरी कला एवं लोककला को महत्वपूर्ण स्थान देकर बुन्देली चित्रकला के धरोहर के संरक्षण का कार्य किया है, जो सराहनीय है। बिरथरे द्वारा प्रतिवर्ष मुफ्त कला साधना शिविर आयोजित करके कलासाधकों के निर्माण एवं उनकी प्रतिभा को उभारने का कार्य करके विरासत संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। ललितपुर का सौभाग्य है कि बुन्देलखण्ड की चितेरी कला एवं लोककला को समृद्ध करने एवं संरक्षण राष्ट्रीय स्तर का कला प्रशिक्षण यहां निशुल्क मिल रहा है। इस दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर शिविर आयोजिक विरथरे द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिविर सहायक महेश प्रसाद बिरथरे, शांति मालवीय, विनोद त्रिपाठी, गोविन्द नारायण व्यास, सुरेश साहू, अनुराधा मोदी, जयन्त चौबे, प्रीति चौबे, डा.जीत गुप्ता, तरूण जामकर, वैभव जैन, विनीता मालवीय एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे। संचालन संस्कार भारती से बृजमोहन संज्ञा ने किया।

## वेटरिनरी विश्व विद्यालय के कुलपति चयन समिति पर उठे सवाल

**मथुरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा के कुलपति के चयन को बनाई समिति पर सलेक्शन से पूर्व ही सवालिया निशान लगने प्रारंभ हो गए हैं। इसकी शिकायत राजभवन और सूबे के प्रमुख सचिव पशुधन के रवीन्द्र नायक से की गई है। आरोप है पशु चिकित्सा विवि के कुलपति की चयन समिति में तीन सदस्य नान वेटेरियन हैं। इस संबंध में एचओ डब्लू मध्यप्रदेश के पूर्व प्रो. डा. आर. के. बघेरवाल ने राजभवन में भेजी गई शिकायत में कहा है कि विवि के कुलपति के चयन को तीन अप्रैल को प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने पूर्व की चयन प्रक्रिया पर भी सवालिया निशान लगाया है। उन्होंने अपनी शिकायत में चयन समिति के सभी सदस्यों के नाम पदनाम सहित उजागर किए हैं। दूसरी तरफ वेटरिनरी विविध में एक दो दिन में कुलपति के आने की चर्चा चल रही है। डा. बघेरवाल बिहार के एक विवि के कुलपति चयन में अपारदर्शी चयन को लेकर पटना हाईकोर्ट में रिट डाल चुके हैं।

# मथुरा में दर्दनाक हादसा खून से सनी लाश

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आगरा-दिल्ली राजमार्ग पर आगरा कैनाल के समीप बारिश रुकने का इंतजार कर रहे एक ई-बाइक सवार शख्स को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन चालक शख्स को 10 किलोमीटर तक खींचकर छाता तक ले गया। इससे उसकी मौत हो गई। व्यक्ति का एक हाथ और ई-बाइक कोसी में ही रह गए। शरीर का अन्य हिस्सा वाहन के साथ खिंचकर चला गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, गांव अजीजपुर के समीप मैग्संस रिसोर्ट में महुआ, राजस्थान निवासी रिंकू जैसवाल (45) नौकरी करते थे। रविवार की रात में कोसी से सामान लेकर ई-बाइक से रिसोर्ट लौट रहे थे। रास्ते में करीब 9 बजे बारिश होने से आगरा कैनाल के समीप एक कॉलोनी के बाहर रुक गए। इसी दौरान रिंकू ने रिसोर्ट में फोन कॉल कर जानकारी दी कि बारिश हो रही है इसलिए वह रास्ते में रुके हैं। तभी किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी ई-बाइक और एक हाथ कटकर वहीं गिर गया। बाकी शरीर का हिस्सा वाहन में उलझकर चला गया। वाहन चालक उन्हें 10 किलोमीटर तक खींचता ले गया। जब वह रिसोर्ट नही पहुंचे तो प्रबंधक सौरभ सचदेवा समेत अन्य कर्मी खोजबीन में जुट गए। थोड़ी देर बाद छाता पुलिस से सूचना मिली कि एक अज्ञात शव चौकी कस्बा छाता के पास शेरगढ़ रोड पर मिला है। जो किसी वाहन में फंसकर आया हुआ प्रतीत होता है।

शव का एक हिस्सा सड़क से रगड़कर क्षत विक्षत हो गया। बाद में परिजन और रिसोर्ट कर्मियों ने उसकी पहचान रिंकू के रूप में की। सीओ आशीष शर्मा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

## बाल श्रम कर रहे बच्चों को चेक किया गया

**बहजोई/संभल।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार के आदेश के अनुक्रम एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सम्भल महोदया सुश्री अनुकृति शर्मा तथा पुलिस उपाधीक्षक डा0 प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में बाल श्रम के इंस्पेक्टर श्री विनोद कुमार शर्मा व चाइल्डलाइन की टीम के साथ प्रभारी निरीक्षक श्री सत्य विजय सिंह थाना॥ज्ञ जनपद संभल ने मय टीम के साथ कस्बा बहजोई में विभिन्न दुकानों /पब्लिक प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम कर रहे बच्चों को चेक किया गया । इस दौरान नियमानुसार चार बच्चों को रेस्क्यू कर दुकानों / प्रतिष्ठानों के मालिक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई तथा इस्लामनगर बहजोई रोड पर उपस्थित 08 ईट भट्टों पर जाकर वहां पर उपस्थित भट्ठा मालिक/ मैनेजर व ठेकेदारों, श्रमिकों व उनके परिवार वालों को बाल श्रम में बच्चों को न लगाने के संबंध में जागरूक किया गया एवं बताया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को कम पर रखा ना जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में युद्ध आपदाओं की बैठक

अवधनामा संवाददाता

■ अस्पतालों के अनुसार रिपोर्ट करने को आवश्यक दिशा निर्देश

**सम्भल (बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में युद्ध आपदाओं से संबंधित सिविल डिफेंस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत सैनिक कल्याण बोर्ड, एनसीसी, एनएसएस, युवा कल्याण विभाग, सिविल डिफेंस, अग्निशमन विभाग तथा होमगार्ड विभाग आपदा प्रबंधन विभाग, स्काउट एंड गाइड आदि से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय तथा शासन द्वारा 7 मई को युद्द से संबंधित मॉक ड्रिल कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं जिनमें जनपद सम्भल में भी मॉक ड्रिल कराया जाएगा। उन्होंने एयर रेड़ वार्निंग सिस्टम, अर्ली वार्निंग सिस्टम, लोकेशन, कंट्रोल रूम, शेडों कंट्रोल रूम, रेस्क्यू ऑपरेशन, डिपो मैनेजमेंट, आदि के विषय में बताया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने युद्ध जैसी स्थित से पूर्व विभागीय एवं सिविल डिफेंस प्रशिक्षण, एम्बुलेंस का रोल, अस्पतालों को चिन्हित करना, चिकित्सक, नर्स, फार्मासिस्ट अस्पतालों के अनुसार रिपोर्ट करने को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रमुख सेवाएं कौन कौन सी हैं उनका क्या क्या रोल है उसके विषय में भी जानकारी दी गयी। युद्ध के समय एडवाइजरी जारी की जाती है ताकि आम जनमानस सुरक्षित रहे एवं संभावित खतरों से बच सके। ऐसी स्थिति में शांत रहें और अफवाहों से बचें। घबराएं नहीं, स्थित की गम्भीरता को समझें, केवल सरकार और जिला प्रशासन द्वारा जारी की गयी आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

## एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ दबोचा डॉक्टर

**मथुरा।** पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों के मेडिकल और प्रमाण पत्र सत्यापन करने वाले एक चिकित्सक पर रिश्वत लेने का आरोप लगा है। एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार की सुबह चिकित्सक को हाईवे थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद पुलिस चिकित्सक को लेकर रिफाइनरी थाने पहुंची, यहां एसपी श्लोक कुमार, एसपी सिटी डॉक्टर अरविंद कुमार और सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा समेत एंटी करप्शन की टीम चिकित्सक से पूछताछ में जुटी हुई है।

चिकित्सक का नाम हरिनारायण प्रभाकर है। वह अभी जिला अस्पताल में ईएमओ के पद पर तैनात हैं। एसपी श्लोक कुमार ने बताया कि एंटी करप्शन टीम ने चिकित्सक को पकड़ा है। उन्होंने कितने रुपए की रिश्वत मांगी थी और किन-किन लोगों से मांगी है, इसकी जानकारी की जा रही है।

# बीएसए को निरीक्षण में स्कूलों में अनुपस्थित मिले शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

■ डीएलएड प्रशिक्षु भी मिले गायब, अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन रोकने की हुई कार्यवाही

**मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त द्वारा विभिन्न विकास खंडों में किए गए स्कूलों के औचक निरीक्षण में नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति कम मिली वहीं नवीन नामांकन भी स्कूलों में कम मिले।कई जगह स्कूलों में शिक्षक शिक्षिकाएँ अनुपस्थित मिलीं जिनके वेतन रोकने की कार्यवाही की गई है।शिक्षकों द्वारा स्कूलों में शिक्षण कार्य न करने,नवीन नामांकन न बढ़ाने पर बीएसए सुनील दत्त ने नाराजगी जाहिर की है। विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय हथकौली द्वितीय के निरीक्षण में नामांकित छात्र संख्या 51 के सापेक्ष 24 छात्र/छात्रा उपस्थित मिले।प्राथमिक विद्यालय हथकौली प्रथम के निरीक्षण में शान्ती देवी शिक्षामित्र अनुपस्थित मिलीं जिनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है। प्राथमिक विद्यालय मडौरा के निरीक्षण में विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 116 के सापेक्ष 80 छात्र छात्र/छात्रा उपस्थित मिले।इस सत्र में अभी तक नवीन नामांकन भी मात्र 16 बच्चों का हुआ है। बीएसए द्वारा डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर मात्र प्रशिक्षु-रेखा निरीक्षण के समय उपस्थित मिलीं। एवं डी0एल0एड0 प्रशिक्षु सुशीला देवी, राम कुमार दुबे, कोमल सिंह, अजय, महादेव प्रसाद, राहुल, काजल कुमारी 15 अप्रैल को योगदान देने के बाद से ही लगातार अनुपस्थित मिले। सभी प्रशिक्षुओं के अनुपस्थित होने की सूचना डायट प्राचार्य को देने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय ततरौता के निरीक्षण में विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 60 के सापेक्ष 18 छात्र/छात्रा उपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय ततरौता के निरीक्षण में रवीन्द्र कुमार प्र0अ0 व कल्पना उपमन्यु स0अ0 अनुपस्थित मिले।दोनों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है। उच्च प्राथमिक विद्यालय करनपुर फरह, प्राथमिक विद्यालय धानाखेमा फरह का भी निरीक्षण किया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर,फरह के निरीक्षण में खुशबू स0अ0, श्रीमती मीनू, जयपाल सिंह अनुपस्थित मिले सभी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई राजस्व कार्यों की बैठक



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पाँच वर्ष से अधिक पुराने सभी वादों का निस्तारण किया जाये। धारा 24 के सभी वादों के निस्तारण में समय सीमा का ध्यान रखा जाये। पैमाइश के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। धारा 34 के 5 वर्ष से अधिक पुराने वादों के निस्तारण की अच्छी प्रगति होने पर जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बचा हुआ एक मामला भी जल्द निस्तारित किया जाये। उन्होंने कहा कि वरासत के प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारित किया जाये। अंश निस्तारण से सम्बंधित वादों को लम्बे समय तक न खींचा जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय का निरीक्षण




**सम्भल ( बहजोई)** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा बहजोई स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय का निरीक्षण किया तथा विद्यालय में आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए शिक्षण व्यवस्थाओं को चेक किया तथा बालिकाओं से वार्ता की। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुये गर्मी के दृष्टिगत विद्यालय में बालिकाओं के लिए कूलर पंखे आदि की उचित व्यवस्था की जाए। शुद्ध पेयजल तथा बालिकाओं के नियमित चेक अप को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एआरपी के चल रहे साक्षात्कार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चौ. अजित का गरीब, किसान, मजदूर, दलितों के लिए समर्पित था जीवन : भरंगर

**मथुरा।** आज राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर पार्टी के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर के नेतृत्व में किसानों व मजदूरों के नेता चौधरी अजीत सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ व पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. चौधरी अजित सिंह का सम्पूर्ण जीवन गांव, गरीब, किसान, मजदूर, दलित, अल्पसंख्यकों के हित में कार्य करते हुए गुजरा। चौधरी साहब ने कृषि मंत्रालय के कार्यकाल में चालीस चीनी मिलें लगवाने का कार्य किया। जिससे किसान खुशहाल हुआ। उन्होंने किसान आन्दोलन में जब किसान नेता राकेश टिकैत को पुलिस प्रशासन द्वारा हटाने का कार्य किया था,उस समय चौधरी साहब ने किसान आंदोलन को संजीवनी प्रदान करने का कार्य किया था। हवन यज्ञ व श्रद्धांजलि सभा में एमएलसी योगेश नौहवार, वरिष्ठ नेता डॉ. यशपाल बघेल, रामरस पाल सिंह पौनिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनूप चौधरी, गुड्डू चौधरी, राजू चौधरी कामर आदि उपस्थिति रहे।

## नहीं थम रही लव जिहाद की घटना

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** छाता कोतवाली क्षेत्र के गांव उमराया में एक नाबालिग लड़की को मुस्लिम युवक अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया। मामले में पीड़ित परिवार ने कोतवाली में तहरीर दी है।

गांव उमाराया निवासी लड़की के परिवार ने बताया कि सोमवार की सुबह 14 वर्षीय पुत्री शौच के लिए गई थी। जब लौटकर नहीं आई तो उन्हें चिंता हुई। उन्होंने गांव में बेटी को खोजा तो पता चला कि एक मुस्लिम युवक अपने साथी के साथ उनकी बेटी को जबरन बाइक पर बिठाकर ले जाते हुए देखा है।

परिजन थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी। साथ ही उसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पीड़ित पिता ने बताया कि उसको डर है कि उसकी बेटी के साथ कोई अनहोनी न हो जाए। लड़की के पिता ने छाता कोतवाली पुलिस को इस संबंध में तहरीर भी दी है। सीओ छाता आशीष शर्मा ने बताया कि तहरीर मिल गई है।

# विपक्षी दल जल्द करेगे शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रटाचार पर आंदोलन

अवधनामा संवाददाता

■ विपक्षी दलों ने तैयार की रूपरेखा

**मथुरा।** मध्यमिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रटाचार को लेकर विपक्षी दल के नेताओं ने गंभीर दिखाते हुए आंदोलन करनें की रणनीति बना ली है जल्द ही वह सड़को पर दिखाई देगी

कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष मुकेश सिंह धनंगर ने बताया कि शिक्षा निदेशालय में महत्वपूर्ण रिकार्ड जल कर भस्म हो गया और अभी तक जांच ही चल रही है जिम्मेदार अफसर अभी तक अपने मूल पदों पर आसीन हैं मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए थी और निदेशालय में तैनात अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए थी उनकी यह गैरजिम्मेदारी ओर चुप्पी साधे रखना साफ दिखाई देता है कि 5 हजार फाइल घोटालों से संबधित है।

वही दूसरी ओर सपा महानगर अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद लोधी ने बताया कि सपा सरकार दौरान यूपी टीईटी परीक्षा में धांधली प्रकाश में आने पर सपा सरकार ने तत्काल शिक्षा निदेशक माध्यमिक को हटाते हुए निलंबित किया ओर शिक्षा मंत्री से इस्तीफ़ा ले लिया था यह बात प्रदेश की जनता जानती है। मुख्यमंत्री को तत्काल सीबीआइ जांच करने के आदेश देने चाहिए थे ।

### आगरा ओर मथुरा के शिक्षा अधिकारी पर मंडरा रहे खतरे के बादल

**मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारीयों पर भी खतरे के बादल मंडराते नजर आ रहे हैं सयुक्त शिक्षा निदेशक डा आर पी शर्मा काफ़ी लम्बे समय से अवकाश पर है चर्चा है कि रिश्वत कांड में आवाज की फरेंशिक लेब से आवाज का मिलान हो गया है प्रकरण में नया मोड़ आ रहा है इसी प्रकार मथुरा के एक शिक्षा अधिकारी की ऑडियो वायरल होने की चर्चा जोरो पर हैं वह भी काफी दिनो से अवकाश पर चल रहे हैं इन्हीं अधिकरी द्वारा एक ही विद्यालय की शिकायतों की जांच एक प्रधानाध्यपक को देने ओर जांच स्थलीय निरीक्षण नहीं कर ओर साक्ष्यों को नजंदाज करते हुए क्लीन चिट देने की चर्चा खूब रही थी जबकि मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपलोड शिकायतों में शिकायतकर्त्ता का पक्ष बिना सुने जांच रिपोर्ट लगाने पर जांच अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया जाने को लेकर विपक्षी दल मुद्दा बना सकते हैं । शिक्षक संघ पांडे गुट विभाग में व्याप्त भ्रटाचार को लेकर सड़कों पर उतर आया है। शासन ने काफ़ी समय पूर्व शासन देश निर्गत किया था कि सभी कार्यरत स्टाफ की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज किया जाना अनिवार्य किया ओर व्योमेट्रिक उपस्थिति की हार्ड कॉपी वेतन बिल के साथ लगाने के उपरांत ही वेतन बिल पास करने के आदेश थे मथुरा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात लेखा लिपिक द्वारा उस आदेश का पालन नही किया जा रहा है।

# यातायात नियमों का पालन करके वाहन चलाएं

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जिले में सड़क सुरक्षा के मद्देनजर एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा जनपदवासियों में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से यातायात पुलिस टीम द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग, जागरुकता अभियान चलाया गया।

विशेष अभियान के तहत प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा लोगों को जागरुक करते हुये सभी से अपील की गई। कि यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हमेशा सुरक्षा मापदण्डों का पालन करें। साथ ही सम्बन्धित वाहन के विरुद्ध यातायात नियमों के तहत सीज, चालान की कार्यवाही की गयी है। जिससे लोगो में यह सन्देश जाये कि यातायात नियमों का पालन न करते हुए सड़क में चलना उचित नहीं है। अभियान के दौरान बताया कि पुलिस की आप सभी से अपील है कि अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा न करें, यातायात नियमों का पालन करें, अपना तथा अपनों का जीवन सुरक्षित करें । यातायात नियमों के तहत वाहन चलाएं, नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें, यातायात विभाग द्वारा जगह जगह लगाए गए संकेतों का उपालन करें।

# व्यापारी ने पिता की लाइसेंसी बंदूक से मारी गोली, मौत

अवधनामा संवाददाता

■ एक साल पहले हुई थी शादी, परिजनों में मचा कोहराम




**हरदोई।** बिलग्राम के मोहल्ला मंडई में सराफा व्यापारी ने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। गोली चलने की आवाज पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा खुलने पर शव पड़ा मिला। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से नमूने जुटाए हैं।मंडई निवासी मिथुन गुप्ता (29) की नगर के बीजीआर इंटर कॉलेज के सामने ही सराफा और कपड़े की दुकान है। रोज की तरह सोमवार रात मिथुन दुकान बंद करने के बाद घर पहुंचा था। परिवार के लोगों से जानकारी मिली मिथुन निमत्रण से आने के बाद फिर वो अपने कमरे में चला गया। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर पिता की लाइसेंसी एकनाली बंदूक से उसने खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन कमरे की तरफ दौड़े तो कमरा अंदर से बंद था। इस पर पुलिस को सूचना दी गई।

घटना की जानकारी पर सीओ बिलग्राम आरपी सिंह और कोतवाल राकेश कुमार मौके पर पहुंच गए। किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर देखा गया तो मिथुन का शव पड़ा मिला। मृतक के परिवार में पत्नी प्रिया और एक बच्ची है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि खुदकुशी किए जाने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। परिजनों से जानकारी ली जा रही है।

मिथुन की पत्नी प्रिया ने 14 दिन पहले ही बेटी को जन्म दिया था। घर में हंसी-खुशी का माहौल था। गोद भरने से मिथुन और प्रिया भी खुश थे। अचानक सोमवार रात हुई घटना से हर कोई सकते में आ गया। प्रिया की गोद में सो रही मासूम को तो इसका एहसास तक नही है कि क्या घट गया।

आसपास के लोगों को जैसे ही जानकारी हुई मौके पर बिलग्राम के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के पति राजा रमन गुप्ता माधोगंज के मौजूदा नगर पालिका अध्यक्ष अनुराग मिश्रा भाजपा के नगर अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर परिवार के लोगों से बातचीत की और कहा आपके परिवार के इस दुख की घड़ी में हम लोग आपके साथ है।हम लोगों के पास शब्द नहीं हैं जो आपके दुख को व्यक्त कर सकें। प्रियजन की आत्मा को शांति मिले। इस दुख की घड़ी में हम लोग आपके साथ हैं।

बिलग्राम क्षेत्राधिकार ने जानकारी देते हुए बताया कि पिता द्वारा सूचना दी गई उनके पुत्र मिथुन गुप्ता नें घरेलू कलहा में गुस्से में आ जने के चलते अपने आप को कमरे में बंद करके पिता की लाइसेंसी बंदूक से अपने आप को गोली मार ली मौके पर बिलग्राम कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है. पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई प्रचलित है।

## बेटे का इलाज कराने पहुंची महिला को अस्पातल से बाहर भगाया

**महोबा।** बुखार से तड़प रहे बेटे का इलाज कराने जिला अस्पताल पहुंची मां को डॉक्टरों ने हड़काते हुए एक तरफ बैठने के लिए कहा, उधर से बुखार से तप रहे बेटे को देख मां की ममता जाग उठी डॉक्टर से तत्काल बेटे का इलाज करने के लिए कहा, इससे झल्लाए डॉक्टरों ने बच्चे का इलाज करने के बजाए मां और बेटे को अस्पताल से भगा दिया। डॉक्टर की इस तनासाही से नाराज महिला अस्पताल के गेट पर जमीन में बेटे के साथ लेट गई, इससे हड़कंप मंच गया। सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पैरामेडिकल स्टाफ को लताड़ा और बच्चे को भर्ती कराया। शहर कोतवाली के ग्राम मुल्ला के खुड़ा निवासी कालीदीन अहिरवार अपने चार वर्षीय बेटे हरीश को तेज बुखार की शिकायत पर पत्नी के साथ लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने न केवल इलाज करने से मना कर दिया, बल्कि परिजनों के साथ अभद्रता कर उन्हें वार्ड से बाहर निकाल दिया।

# डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

■ निरीक्षण दौरान विद्यालय की साफ सफाई और पुताई कराए जाने के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने जिले में संचालित कास्तूबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कबरई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान डीएम ने विद्यालय में बने छात्रावास कम्प्यूटर लैब, रसोई की व्यवस्थाओं के अलावा वहां की साफ सफाई देखी साथ ही विद्यालय की पुताई व बेंडिग बदले जाने के संबन्धित को निर्देशित किया। डीएम ने बालिकाओं से बातचीत कर शिक्षा के स्तर पर नजर डाली। जिलाधिकारी ने केजीबीवी कबरई का औचक निरीक्षण करते हुए विद्यालय के अन्तर्गत डोरमेंट्री, एकेडमिक ब्लाक छात्रावास कम्प्यूटर लैब, किचन, सीसीटीवी की गुणवत्ता को परखा। निरीक्षण दौरान विद्यालय में कार्यरत पूर्ण बालिका शिक्षिका रेखा अनुरागी अवकाश पर थी तथा शेष सभी शिक्षिकाये चपरासी, चौकीदार, रसोइया उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी नें साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने एवं विद्यालय की पुताई व बेंडिग बदलने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं से संवाद करते हुए उनसे शिक्षा संबन्धी जानकारी हासिल करते हुए विद्यालय में शिक्षा के स्तर को जाना। इसी तरह आवासी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत एक बालिका द्वारा जिलाधिकारी को फोटो स्केच उन्हें भेट किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बालिकाओं को भोजन राज्य परियोजना के मेन्यू के अनुसार दिया जा रहा है साथ ही शिक्षा के प्रति विद्यालय का स्टाफ अपने कार्य के प्रति गंभीर है साथ ही वहां की छात्राएं भी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई पर ध्यान दे रही हैं। निरीक्षण दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी अवनीश यादव, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा संजीव अवस्थी, के जिलाधिकारी कार्यालय के आशु लिपिक राजीव शुक्ला, प्रभारी वार्डेन शबीना परवीन उपस्थित रहे।

# बसों की सेवा बनी जानलेवा यात्रा का माध्यम

## क्षमता से अधिक भीड़, कंडक्टर की बदसलूकी, अब छतों पर सवारी, यात्रियों की जान जोखिम में

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** झांसी ललितपुर सागर खुरई-खिमलसा मार्ग पर संचालित बस सेवा अब जनपद ललितपुर के यात्रियों के लिए रोज का खतरा बन चुकी है। यात्री न केवल खचाखच भरी बस में सफर करने को मजबूर हैं, बल्कि अब स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि यात्रियों को बस की छत पर बैठाकर ढोया जा रहा है। यह गैरकानूनी, जानलेवा और अमानवीय है।



**अत्यधिक भीड़ और छत पर यात्रा, कानून की खुली अवहेलना:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में पहले ही निर्धारित क्षमता से कई गुना अधिक यात्री भरे जाते हैं। जब अंदर जगह नहीं बचती, तो कंडक्टर यात्रियों को छत पर चढ़ा देता है। ग्रामीण इलाकों में छतों पर बैठे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं आम दृश्य हो गया है।

**गंभीर कानूनी उल्लंघन:** मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 123(1)(सी) के अनुसार, बस की छत पर सवारी कराना पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसा पाए जाने पर 2 हजार रुपये का जुर्माना और वाहन के परमिट पर कार्रवाई की जा सकती है। धारा 194 ए के तहत ओवरलोडिंग के लिए बस मालिक और चालक दोनों उत्तरदायी होते हैं। यह कार्य बीएनएस की धारा 125 के अंतर्गत भी आता है, जिसमें दूसरों की जान को खतरे में डालना आपराधिक कृत्य माना जाता है। परिवहन निगम की गाइडलाइन के अनुसार, बस की छत केवल सामान के लिए होती है, न कि मानव सवारी के लिए।

**कंडक्टर की बदसलूकी और जबरन किराया वसूली जारी:** कम दूरी तक सफर करने वाले यात्रियों से मनमाना किराया लिया जा रहा है। टिकट न देना, विरोध करने पर गाली-गलौज करना और महिला यात्रियों से अभद्रता तक की शिकायतें सामने आ रही हैं।

**प्रशासन की निष्क्रियता:** हालांकि यात्रियों द्वारा कई बार परिवहन विभाग और पुलिस को शिकायतें दी गई हैं, फिर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे बस संचालकों के हौसले बुलंद हैं और कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

**यात्रियों की मांगें और सुझाव:** बसों में यात्रियों की गणना और छत पर चढ़ने से रोकने हेतु उडऩदस्ते भेजे जाएं, बस स्टॉप्स पर निगरानी कैमरे और चालकों पर दंडात्मक कार्यवाही हो, कंडक्टरों की जवाबदेही तय हो और हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक किया जाए, अधिक किराया वसूली पर तत्काल लाइसेंस और परमिट निलंबन हो। जनपद ललितपुर की हजारों यात्रियों की जान हर दिन खतरे में है और यह खतरा केवल बस की छत तक सीमित नहीं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता से और बढ़ता जा रहा है। अब समय आ गया है कि सरकार और परिवहन विभाग इस समस्या को गंभीरता से लें और सख्त कार्रवाई करें।

## सात दिवस नोटिस देने के बाद भी नहीं खाली हुई भूमि

**परियर-उन्नाव।** सदर तहसील के ग्राम पंचायत मरौंदा मझवारा में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हरी पुत्र झब्बू, व उदन पुत्र हरी, नरेश पुत्र हरी निवासी मरौंदा मझवारा को आज के 15 दिन पहले राजस्व लेखपाल के द्वारा नोटिस दिया गया था कि सात दिवस में जमीन को खाली कर दो नहीं तो अग्रिम कार्यवाही राजस्व विभाग के द्वारा की जाएगी परन्तु कब्जाधारक को कोई भय नहीं है उसने नोटिस देने के बावजूद भी बाकी बची भूमि पर भी कब्जा कर लिया। मरौंदा मझवारा के ग्राम वासियों ने बताया है अगर कल तक ग्राम समाज की भूमि कब्जा मुक्त न हुई तो मरौंदा ग्रामवासी जिलाधिकारी गौरांग राठी के पास जाकर अपने ग्राम समाज की भूमि पर हो रहे कब्जे के बारे में फिर से अवगत कराएंगे। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि एक महीने से राजस्व अधिकारी हीला हवाली कर रहे हैं कब्जाधारक पहले थोड़ी जमीन पर कब्जा किए था अब पूरी जमीन पर कब्जा कर लिया है। पूरा मामला मरौंदा परियर रोड के पास बने ब्रह्मदेव स्थान के बगल का है।

# जिला जज ने न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष निगम द्वारा केन्द्रीय सभागार जनपद न्यायालय में एक बैठक आहूत की गयी जिसकी अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल द्वारा की गयी जिसमें अपर जिला जज/नोडल अधिकारी श्रीमती ममता सिंह राष्ट्रीय लोक अदालत, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती भव्या तिवारी के साथ समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अधिकारीगण उपस्थित रहें। इस बैठक में इसके अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार सदर, तहसीलदार बीघापुर, तहसीलदार हसनगंज, तहसीलदार बांगरमऊ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, बिजली विभाग के पदाधिकारी, फाइनेंस कम्पनी के पदाधिकारी व अधिवक्तागण, एल.डी.एम एवं समस्त बैंकों के पदाधिकारीगण व बी.एस.एन.एल के पदाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी उन्नाव एवं प्रभारी सम्मन सेल उपस्थित रहें। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष द्वारा बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया तथा लोक अदालत के बारे में बताते हुए कहा कि लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विवादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण कराये जाने के लिये वैकल्पिक मंच प्रदान करना है। लोक अदालत में उत्तराधिकार से सम्बन्धित सिविल वाद, राजस्व सम्बन्धी वाद, श्रम सम्बन्धी वाद, भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी मामले, आपदा राहत वाद, आयकर वाद, यातायात चालानी वाद, बैंक ऋण वसूली से सम्बंधित वाद, प्री-लिटिगेशन वाद, बैंक रिकवरी, एन0आई0एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले, नगर निगम/नगर पालिका अधिनियम, उपभोक्ता फोरम वाद से सम्बन्धि मामले, विद्युत एवं जल कर से सम्बन्धित मामले तथा सभी प्रकार के शमनीय प्रकृति के आपराधिक मामलों का निस्तारण अन्तिम रूप से कराया जा सकता है जिसके विरूद्ध कोई अपील योजित नही होती है तथा लोक अदालत के माध्यम से वादों का शीघ्र निस्तारण हो

### धारदार हथियार से युवकों को किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी अमजद पुत्र जलील खान द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की शाम लगभग 07:30 बजे पुरानी रंजिश के चलते मोहल्ले के ही छह लोगों ने उसके घर में घुसकर गाली गलौज करते हुये धारदार हथियारों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आये उसके भाई वकील खान एवं मोहसिन को भी मारपीट कर लहू लुहान कर दिया। जिससे उसका भाई वकील एवं मोहसिन को गंभीर हालत में स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। उधर कोतवाली पुलिस द्वारा मामले के दो आरोपियों को हिरासत में लेकर कुछ देर बाद छोड़ दिया गया। जिससे आरोपियों के हौसले और भी बुलंद हैं। वह पीड़ित पक्ष को समझौते के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं।

### एसपी के आदेश पर दो भैंस चोरी का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद निवासी कुलदीप पुत्र रामाआसरे द्वारा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 29 अप्रैल 2025 की रात्रि वह खेतों में भूसा भरवाने गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी डेढ़ लाख रुपए कीमत की दो भैंस चोरी कर लि। उसके द्वारा सीसीटीवी कैमरा चेक करनें पर एक लीडर पर लादकर हाईवे पर ले जाते हुए दिखाई दिए। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम आम पुरवा निवासी मलिखान सिंह पुत्र राम औतार द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 28 जुलाई 2023 को 04:30 बजे वह भैंस चरा रहा था। तभी योजना बनाकर आए तहसीपुर निवासी हरपाल व जयपाल, अंकुल ने अज्ञात साथी के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर उक्तगणों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### गिरीश साहू बने द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब अध्यक्ष

**ललितपुर।** द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट 321 बी2 लायंस क्लब ललितपुर गर्व की नवनिर्वाचित टीम का गठन किया गया, जिसमें लायन गिरीश कुमार साहू अध्यक्ष, लायन जितेंद्र शर्मा सचिव एवं लायन दीपक नामदेव को कोषाध्यक्ष पद हेतु चुना गया। इस अवसर पर संरक्षक एवं क्लब डायरेक्टर लायन रवि श्रीवास्तव ने कहा कि नवनिर्वाचित टीम 2025-26 में सामाजिक कार्यों को गति प्रदान करेगी एवं संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। इस दौरान रीजन चेयरपर्सन लायन आजम वेग, जोन चेयरपर्सन लायन अनिल जैन, चार्टड अध्यक्ष लायन संजय जैन रिंकू, पूर्व अध्यक्ष लायन जितेंद्र जैन, वरिष्ठ लायन साथी सुरेंद्र राठौर, लायन नितिन श्रीवास्तव एड., लायन शंकर राजा, लायन राजकुमार राठौर, लायन लक्ष्मी साहू संजू, लायन इंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# निपुण सम्मान दिवस का एक सप्ताह में कराएं आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) जिला अध्यक्ष विनोद निरंजन के नेतृत्व में बीएसए को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उन्होंने महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा जारी आदेश में निपुण सम्मान दिवस मनाए जाने के संबंध में लिखित रूप से ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अवगत कराया कि 12 मार्च 2025 के आदेश के अनुसार पूरे प्रदेश में निपुण विद्यालय के रूप में उभर कर आए विद्यालयों के शिक्षकों के सम्मान में मार्च 25 में निपुण सम्मान दिवस का आयोजन किया जाना था। जिसमें निपुण विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान करते हुए कि उन्हें जिलाधिकारी एवं सीडीओ के माध्यम से प्रशंसा पत्र जारी कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उसी क्रम में डीएलएड प्रशिक्षकों द्वारा किए गए आकलन में जनपद ललितपुर में लगभग 70 प्रतिशत विद्यालय निपुण घोषित किए गए थे एवं प्रदेश में सुपर 100 के अंतर्गत चयनित ब्लॉक जखौरा में 85 प्रतिशत विद्यालय निपुण घोषित किए गए थे। यह भी बताया कि प्रदेश के लगभग प्रत्येक जनपदों में निपुण सम्मान दिवस का आयोजन संपन्न किया जा चुका है, किंतु पटल प्रभारी ललितपुर की उदासीनता एवं हठधर्मिता के कारण जिले में माह अप्रैल भी बीत जाने के बाद भी महानिदेशक के आदेश की खुलेआम अवहेलना की जा रही है, जिसमें शिक्षकों रोष एवं निराशा व्याप्त है। उन्होंने बीएसए को अवगत कराया की निपुण सम्मान दिवस का आयोजन एक सप्ताह के अंदर कराया जाए। अन्यथा की स्थित में संगठन संबंधितों के खिलाफ आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसमें उत्तर दायित्व संबंधित का होगा। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय ताम्रकार, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष तालबेहट राममिलन रजक, तालबेहट मंत्री सर्वोदय झा, कल्याण सिंह, अभिषेक राजपूत, उमेश पटेल आदि मौजूद रहे।

### कृषि स्नातक छात्रों को कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों से कराया गया अवगत

**उन्नाव।** कृषि विज्ञान केंद्र धौरा उन्नाव में भालचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन हरदोई रोड लखनऊ के कृषि स्नातक छात्रों ने कृषि के विभिन्न आयामों को देखा और सीखा। सुनील सिंह वैज्ञानिक पशुपालन ने कृषि विज्ञान केंद्र धौरा के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र कैसे किसानों के प्रक्षेत्र पर कैसे तकनीकियों को पहुंचाता है। रत्ना सहांय वैज्ञानिक मृदा विज्ञान ने छात्रों को मृदा जांच, प्राकृतिक खेती जैविक खेती एवं परंपरागत खेती को विस्तार से चर्चा किया। इंजीनियर रमेश चंद्र मौर्य ने छात्रों को कृषि में उपयोग हो रहे नई-नई तकनीकियों को बताया। कैसे उनका उपयोग कर उत्पादन बढ़ा सकते हैं। डा0 जय कुमार यादव वैज्ञानिक पौध संरक्षण ने छात्र-छात्राओं को आईपीएम तकनीकी को उपयोग कर रोग कीट प्रबंधन करके उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं। डा0 अर्चना सिंह वैज्ञानिक गृह विज्ञान ने सभी को कृषि विज्ञान केंद्र के मैंडेट और कार्यशैली से अवगत कराया। कार्यक्रम के बाद छात्र-छात्राओं को परिसर में स्थापित सभी इकाइयों दिखाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी

**उन्नाव।** थाना कोतवाली गंगाघाट के ग्राम शंकारपुर सरांय में गोमती 24 पुत्री सुंदर निषाद ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अन्दर साड़ी से फाँसी का फंदा बनाकर गले में डालकर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना परिजनों ने 112 डायल पर पुलिस को दी। मौके पर पंहुची पीआरवी ने कोतवाली गंगाघाट को सूचना दी। गंगाघाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव परीक्षण हेतु पोस्टमार्टम हॉउस भेज दिया। आत्महत्या के कारण का पता अभी नहीं चल पाया है जो कि जाँच का विषय है।

### करंट से टेण्ट मजदूर की दर्दनाक मौत

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम आशायस में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में टेंट मजदूर जेनरेटर से प्रवाहित विद्युत लाइन दुरुस्त कर रहा था तभी अचानक वह तेज करेंट की चपेट में आकर बेहोश हो गया। टेंट हाउस मालिक मजदूर यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम अरगूपुर निवासी अरुण शंकर का बेटा विवेक कुमार 18 वर्ष टेंट हाउस में मजदूरी करता था। वह सोमवार को पड़ोसी गांव आशायस निवासी ऋषिराज की बेटी खुशी के वैवाहिक कार्यक्रम में टेंट लगाकर जेनरेटर से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा था तभी देरशाम करीब 7 बजे मजदूर अचानक तेज करेंट की चपेट में आ गया और बेहोश होकर गिर पड़ा। यह देखकर टेंट मालिक और अन्य मजदूर उसे आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। युवक की अचानक मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन घटना की सूचना पुलिस को दिए बगैर मजदूर का शव लेकर अपने घर चले गए।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक युवक का शव पड़ा मिला। रेललाइन के किनारे शव पड़ा देख खेत में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा शव की तलाशी के दौरान मील कागजातों से शव की पहचान अपूर्व कुमार त्रिपाठी (33) पुत्र पंकज कुमार त्रिपाठी निवासी चंडीगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेलयात्रा के दौरान युवक की रेल से गिरकर मौत होने का लोग अनुमान लगा रहे है।

### इण्टर में उत्तीर्ण मेधावी छात्रो को विधायक ने किया पुरस्कृत



**उन्नाव।** इण्टरमीडिएट जनपद के टाप-10 मेधावी विद्यार्थियो को सम्मानित करने के क्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने इण्टरमीडिएट के उत्तीर्ण मेधावी बच्चो को माला पटका पहनाकर स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले मेधावियो में श्रीमती स्वर्णलता इ0का0 बारादेव बम्हना में इण्टरमीडिएट के वैभव विशाल 93 प्रतिशत, कालिन्द्री गुप्ता एम0जी0जी0आई0सी0 सफीपुर में इण्टरमीडिएट की सम्भवी गौड़ 90.60 प्रतिशत व सौम्या यादव 90.80 प्रतिशत को सम्मानित किया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने मेधावियो को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अब आपको अपने लक्ष्य को और ऊंचा रखना है और निरंतर सीखते रहना है। इस मौके पर उनके साथ प्रधान अनूप सिंह चन्देल, संजय सिंह, प्रभानशंकर, शिवाकान्त गौड़, चन्द्रभान यादव आदि लोग मौजूद रहें।

### थाना सौरिख का एसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण

**कन्नौज।** बीतीशाम पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा थाना सौरिख का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की गई और उन्हें सुव्यवस्थित एवं अपडेट रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना सौरिख का वार्षिक निरीक्षण दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियानों तथा थाना पर नियुक्त सभी उपनिरीक्षक व निरीक्षक के कार्यो की समीक्षा की गई तथा थाना पर तैनात बीट आरक्षियों की बीट बुक को चैक कर उनसे बीट क्षेत्र से संबंधित जानकारी ली गयी तथा बीट बुक को अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी सहित भारी पुलिस बल के साथ कस्वे में महत्वपूर्ण चौराहे, तिराहे, बाजारों में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# यातायात प्रभारी ने बिना परमिट स्कूल वैनों पर चलाया हंटर



■ यातायात पुलिस ने नियमों की जानकारी देकर किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशानुसार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कुलबीर सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा प्रातः 06 बजे से 08 बजे तक कन्नौज शहर क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें अवैध रूप से चल रही स्कूल वैनों पर कार्रवाई की गई। एक वैन में बिना परमिशन के सीएनजी किट लगी पाई गई। जिसका बीस हजार रुपये का चालान किया गया। मंगलवार को अभियान दौरान यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा दो डंपर नो एंट्री का उल्लंघन करते हुए पाए गए। जिनके 20-20 हजार रुपए के चालान किए गए। यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि नो एंट्री का समय प्रातः 06 बजे से ही शुरू हो जाता है। स्कूलों में अवैध रूप से बिना परमिट की डग्गामार गाड़ियां जिनका कोई फिटनेस भी नहीं है। कमाई के चक्कर में बच्चों को स्कूलों में लाने ले जाने का काम करते हैं। कई ऐसी गाड़ियां हैं जिनमें बिना परमिशन के रेट्रो फिटिंग कर रखी है। जो बेहद खतरनाक है। ऐसी गाड़ियों पर कार्रवाई की जा रही है। यातायात प्रभारी द्वारा वाहन चालकों को रोक रोक कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। कई मोटरसाइकिलों में स्कूल भेजने के समय छोटे-छोटे बच्चों को बैठाकर ले जाने वालों को समझाया गया है। रोडवेज बस स्टैंड के बाहर मुख्य सड़क पर चालक द्वारा सवारियां भरी जा रही थी। मना करने पर बस को नहीं हटाया। यातायात प्रभारी ने जब चेक किया तो उक्त बस चालक के 15 चालान पेंडिंग में पाए गए। उक्त बस चालक का भी चालान किया गया। अभियान के समय 28 वाहनों के चालान किए गए हैं। इस मौके पर मुख्य आरक्षी विजय बाबू, आरक्षी अंकुर सांगवान हुआ आरक्षी चालक नीरेश कुमार मौजूद रहे।

# चौधरी अजीत सिंह की पुण्य तिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि



■ दबे कुचले लोगों को न्याय दिलानें का काम किया है

अवधनामा संवाददाता


**कन्नौज।** तहसील छिबरामऊ स्थित कांशीराम कॉलोनी में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजीत सिंह की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता आमिर साबरी ने कहा कि चौधरी अजित सिंह ने पूरी जिन्दगी किसानों, शोषितों, वंचितों, अल्पसंख्यकों की आवाज बनकर उनके लिए काम किया। मंगलवार को आयोजित पुण्य तिथि कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता आमिर साबरी ने स्व. अजीत चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित करनें के उपरान्त कहा कि उन्होने किसानों को उनकी मेहनत का उचित मुआवजा दिलाने का काम किया। आज भी इस अफरा तफरी के माहौल में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी स्व. अजीत सिंह के ही रास्ते पर चल कर दबे कुचले लोगों की आवाज सड़क पर बुलंद करते हैं। आज सदन में सरकार में रहते मनवाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष जावेद हुसैन ने चौधरी अजीत सिंह के जीवन पर रोशनी ड़ालते हुए कहा कि चौधरी साहब ने एक मर्तबा मुलायम सरकार में रहते हुए गन्ना किसानों की समस्या उठाई मुलायम सिंह द्वारा टाल मटोल करने पर समर्थन वापस ले लिया ऐसे थे चौधरी अजीत सिंह।

चौधरी साहब ने किसानों के प्रति सरकार से कभी समझौता नहीं किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष इमरान खान, जिला महिला अध्यक्ष सोनम, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद जरीफ खान ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर लखनऊ से आये रालोद नेता आमिर साबरी ने कई पार्टियों के लोगों को पार्टी में शामिल कर सदस्यता अभियान के तहत सदस्यता ग्रहण कराकर रालोद कुनबा बढ़ाया। इस मौके पर छिबरामऊ नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी अयान अंसारी को सौंपी गई।

# प्रभारी मंत्री ने गो आश्रय स्थलों, विकास कार्यों एवं सुरक्षा व्यवस्था की परखी हकीकत

अवधनामा संवाददाता

■ जिला अस्पताल के निरीक्षण में मिली अव्यवस्थाओ पर सीएमएस को फटकारा



**उन्नाव।** प्रदेश सरकार के मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया तथा जिले के सांसद डॉ0 स्वामी सच्चिदानन्द हरिसाक्षी महाराज की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में जनपद के गौ आश्रय स्थलों/विकास एवं सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की गयी।

जिला अस्पताल निरीक्षण के दौरान महिला ओपीडी, 108/102 हैल्प डेस्क, महिला शौचालय, महिला लैब, एक्सरे यूनिट, जच्चा-बच्चा वार्ड, ओटी आदि में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए मरीजों से वार्ता की गयी। महिला शौचालय में साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था न पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को मंत्री जी द्वारा फटकार लगाई गयी। विकास भवन सभागार में प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद में गौ आश्रय स्थलों का प्रबन्धन, गौचर भूमि की उपलब्धता, नेपियर/हरी घास की स्थिति, भूसा दान/क्रय, निराश्रित गौवंश का संरक्षण, सहभागिता योजना, भूमि नामांतरण, चिकित्सा एवं शिक्षा व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था, पेयजल व राशन वितरण आदि की समीक्षा की गयी। इस दौरान मंत्री जी ने पशुपालन विभाग की अनुदानपरक बकरी पालन, गौ पालन, मुर्गी पालन, सूअर पालन आदि योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों की दुगनी आय सिर्फ कृषि से नहीं होगी, इसके लिए पशुपालन आवश्यक है। उ0प्र0 सरकार द्वारा पशुपालन की कई योजनाओं में 50 से 90 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। इन योजनाओं का लाभ लेकर बडे पैमाने पर पशुपालन की ईकाइयां स्थापित की जा सकती है। गौ पालन को लेकर उन्होने कहा कि गाय मात्र पशु नहीं है, यह राष्ट्र की माता है, इसका दूध अमृत के समान है। भूसा दान को लेकर उन्होने सभी जन प्रतिनिधियों से अपील की कि वे गौशालाओं हेतु 100-100 कुंतल भूसा जिलाधिकारी को उपलब्ध कराएं। उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक गौशाला में स्वच्छता, चारा, पानी, लाइट, भूसा एवं लू से बचाव के उपाय अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करा लिए जाएं। उन्होने गौचर हेतु जनपद में लगभग 3200 हैक्टेयर संरक्षित की गयी भूमि हेतु जिलाधिकारी की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में भूमि नामांतरण व अन्य भूमि सम्बन्धी वादों में निर्धारित समय सीमा में गुणदोष के आधार पर निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियो व कर्मचारियों द्वारा पहलगाम हमले में जान गवाने वाले लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक मोहान बृजेश रावत, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विधायक बांगरमऊ श्रीकान्त कटियार, विधायक पुरवा अनिल सिंह, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गौंड, सहायक कलेक्टर शौर्य अरोडा सहित जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

### .....और जब मंत्री जी की गाड़ी के आगे लेट गया वृद्ध

उन्नाव में उस समय हड़कंप मच गया जब दबंगों से परेशान एक वृद्ध व्यक्ति प्रभारी मंत्री की गाड़ी के आगे लेट गया। यह वाकया उस वक्त हुआ जब प्रभारी मंत्री का काफिला निरीक्षण पर निकला था। मंत्री की गाड़ी के सामने अचानक वृद्ध के लेटते ही प्रशासनिक अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद एसडीएम पुरवा उदित सिंह और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने तत्काल स्थिति को संभालते हुए वृद्ध को गाड़ी के सामने से हटाया और उससे बातचीत की। वृद्ध ने आरोप लगाया कि भूमाफियाओं ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है, लेकिन राजस्व विभाग ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की, जिससे वह परेशान होकर यह कदम उठाने को मजबूर हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों ने वृद्ध को समझा-बुझाकर शांत कराया और मामले में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। फिलहाल अधिकारी पूरे प्रकरण की जांच में जुटे हैं।

# 19वें वर्ल्ड ट्विंस फेस्टिवल में भारतीय जुड़वां प्रतिभाओं ने मचाई धूम, भोपाल के ट्विंस क्लब ने बढ़ाया मान

**प्रतिनिधित्व**

**ट्विंस क्लब भोपाल, जिसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (2003) में स्थान मिला है, वर्ष 2014 से इस अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करता आ रहा है।**



**मोजियांग/युन्नान** भारत की संस्कृति, रंग और रचनात्मकता का अद्भुत संगम चीन के युन्नान प्रांत में देखने को मिला, जब भोपाल के प्रतिष्ठित ट्विंस क्लब भोपाल ने 19वें इंटरनेशनल ट्विंस फेस्टिवल-2025,चीन में हिस्सा लेकर भारत का नाम रोशन किया। भारत की संस्कृति, रंग और रचनात्मकता का अद्भुत संगम चीन के युन्नान प्रांत में देखने को मिला, जब भोपाल के ट्विंस क्लब ने 19वें इंटरनेशनल ट्विंस फेस्टिवल-2025 में हिस्सा लेकर भारत का परचम लहराया। 30 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित इस वैश्विक समारोह में क्लब के 10 जुड़वां प्रतिभागियों ने न केवल अपने अद्वितीय प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि भारतीयता की छाप भी पूरे आयोजन पर छोड़ दी। इस वर्ष के फेस्टिवल की थीम ट्विंस बिकम द ब्रिज एक्रॉस कलचर पर आधारित थी। कार्यक्रम में अमेरिका, इंग्लैंड, मलेशिया, नाइजीरिया, घाना, युगांडा, नेपाल, श्रीलंका सहित 20 देशों के 200 से अधिक विदेशी जुड़वां प्रतिभागी और चीन के 500 ट्विंस शामिल हुए। ग्रैंड ट्विन्स परेड में भारतीय जुड़वां प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधान पहनकर सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। अभिषेक-अनुज ने भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषाएं प्रदर्शित कीं। ऋद्धि-सिद्धि ने नौवारी साड़ी और पगड़ी पहन मराठी संस्कृति को सजीव किया। मंजरी-मयूरी ने राजस्थानी घूमर वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र रहीं। ओनी-ओनस ने अन्य देशों से आए ट्विंस के साथ भारत के ट्विंस क्लब और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर संवाद किया। सबसे कम उम्र के प्रतिभागी नित्य-निश्चय ने भी चीन के स्थानीय ट्विंस से भारत की संस्कृति पर चर्चा की और क्लब की जानकारी दी। इंटरनेशनल ट्विन्स डांस कॉम्पिटिशन में भारतीय प्रतिभागियों ने अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया। मंजरी-मयूरी को बेस्ट क्लासिकल परफॉर्मेंस का खिताब मिला (राजस्थानी घूमर पर प्रस्तुति)। ऋद्धि-सिद्धि ने मोस्ट एनर्जेटिक डांस÷ का पुरस्कार जीता (गरबा व नगाड़ा सांग का फ्यूजन)। ट्विंस क्लब, भोपाल के अध्यक्ष अभिषेक खरे ने बताया कि क्लब जल्द ही भोपाल में एक भव्य ट्विंस फेस्टिवल आयोजित करने की योजना बना रहा है, जिसमें देशभर के जुड़वां बच्चों को आमंत्रित किया जाएगा।

ट्विंस क्लब भोपाल, जिसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (2003) में स्थान मिला है, वर्ष 2014 से इस अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करता आ रहा है। यह देश का सबसे बड़ा, सबसे पुराना और सक्रिय ट्विंस क्लब है। इस आयोजन में भाग लेने वाले भारतीय ट्विंस ने न केवल अपनी कला और संवाद कौशल से दुनिया का दिल जीता, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता और गरिमा को वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया। अगली बार और भी ज्यादा भारतीय ट्विंस की भागीदारी की आशा के साथ यह उत्सव यादगार बन गया।

# राष्ट्रीय स्कूली खेलों में हिमाचल ने जीते 33 मेडल



**शिमला।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलों के बॉक्सिंग के दिल्ली में हुई। इसमें हिमाचल के अंडर-19 वर्ग में बॉक्सरों ने 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीते। दिल्ली में बॉक्सिंग के मुकाबले हुए। स्कूलों की 68वीं राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। इन खेलों में हिमाचल के छात्र खिलाड़ियों ने अंडर-17 और अंडर-19 की हुई प्रतियोगिताओं में 33 मेडल जीते। इनमें तीन स्वर्ण पदक और छह रजत और 24 कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलों के बॉक्सिंग के दिल्ली में हुई। इसमें हिमाचल के अंडर-19 वर्ग में बॉक्सरों ने 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीते। दिल्ली में बॉक्सिंग के मुकाबले हुए। अंडर-19 में ध्रुव ने 91+ किलोग्राम में रजत पदक, वरुण वर्मा 56 किलोग्राम में रजत, साहिल कुमार ने 46 किलोग्राम में तुषार ने 60 किलोग्राम में, लड़कियों में विभूति नेगी 57 किलोग्राम और सानिया राणा 66 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। स्कूलों की 68वीं राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। इन खेलों में हिमाचल के छात्र खिलाड़ियों ने अंडर-17 और अंडर-19 की हुई प्रतियोगिताओं में 33 मेडल जीते। इनमें तीन स्वर्ण पदक और छह रजत और 24 कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलों के बॉक्सिंग के दिल्ली में हुई। इसमें हिमाचल के अंडर-19 वर्ग में बॉक्सरों ने 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीते। दिल्ली में बॉक्सिंग के मुकाबले हुए। अंडर-19 में ध्रुव ने 91 किलोग्राम में रजत पदक, वरुण वर्मा 56 किलोग्राम में रजत, साहिल कुमार ने 46 किलोग्राम में तुषार ने 60 किलोग्राम में, लड़कियों में विभूति नेगी 57 किलोग्राम और सानिया राणा 66 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। पदक जीतने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों और स्कूली क्रीड़ा संगठन के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। स्कूली नेशनल में पदक विजेता खिलाड़ियों में कुश्ती में सोलन के लोधीमाजरा स्कूल की प्रेमा मेहता, पंजेहरा की हर्षिता, लोधी माजरा के यादविंद्र, हमीरपुर ब्लू स्टार के रजत कुमार, रिसा मंडी के रोहित राव, सुंदरनगर मंडी जीबीएसएएसएस की श्रेया वीर यादव, कावेरी स्कूल धनोटू मंडी के शोर्यवीर चौधरी, ताइक्वांडो में डीएवी दरकोटी हमीरपुर की सृष्टि ठाकुर, बॉक्सिंग में किन्नौर के कल्पा स्कूल के हर्षित कुमार, ब्लू स्टार हमीरपुर के निखिल कुमार, जिला कांगड़ा की सुजल, मंडी के राजगढ़ स्कूल की मोनिका शर्मा, सांजी मंडी के ध्रुव, ऊना के पीएसएसएस पक्का परोह के वरुण शर्मा, बॉयज स्कूल बिलासपुर के साहिल, बॉयज स्कूल सुंदरनगर के तुषार, उर्नी स्कूल किन्नौर की विभूति नेगी, शिमला के गर्ल्स स्कूल पोर्टमोर की सानिया राणा ने मेडल जीता है।

# राहुल वैद्य का विवादास्पद बयान



**नई दिल्ली।** अवनीत कौर की पोस्ट लाइक करने के बाद से भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने हुए हैं। अब सिंगर राहुल वैद्य ने विराट कोहली और उनके प्रशंसकों पर बड़ा बयान दिया है। राहुल ने कहा कि विराट कोहली के फैंस विराट से भी बड़े जोकर हैं। इसके अलाव उन्होंने विराट के फैंस पर आरोप लगाया कि उन्होंने उनके परिवार को गाली दी है । बीते दिन सोमवार को गायक राहुल वैद्य ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई, जिसमें उन्होंने भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और उनके फैंस के बारे में विवादित टिप्पणी की। राहुल ने लिखा, 'विराट कोहली के प्रशंसक विराट से भी बड़े जोकर हैं।' यह बात विराट कोहली के फैंस को पंसद नहीं आई। इसके बाद राहुल वैद्य ने एक और स्टोरी लगाई, जिसमें उन्होंने लिखा, 'और अब आप मुझे गाली दे रहे हैं, यह ठीक है।

लेकिन आप मेरी पत्नी, मेरी बहन को गाली दे रहे हैं, जिनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। इसका मतलब मैं सही था, इसलिए विराट कोहली के सभी फैंस जोकर हैं, दो कौड़ी के जोकर।'

इतना लिखने के बाद भी राहुल वैद्य का मन नहीं भरा। उन्होंने एक रील भी शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि इन दिनों उनका फेवरेट गाना है 'सारी उम्र मैं जोकर बनया रहाज।' पिछले दिनों क्रिकेटर विराट कोहली ने अभिनेत्री अवनीत कौर की एक पोस्ट लाइक की थी। हालांकि, इसके बाद विराट ने सफाई दी था कि वह गलती से इंस्टा की एल्गोरिदम के चलते हो गया था। इसी बात को लेकर राहुल वैद्य ने क्रिकेटर पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि विराट ने उन्हें इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया है।

साथ ही उन्होंने क्रिकेटर पर व्यंग्य करते हुए बताया की यह भी विराट ने नहीं किया होगा, बल्कि इंस्टा के एल्गोरिदम ने उन्हें ब्लॉक कर दिया होगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अब ऐसा हो सकता है कि आपके लाइक ना करने के बावजूद भी तस्वीरें लाइक हो सकती हैं, वो भी इंस्टा के ग्लिच के चलते। गायक का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसी के बाद से यह मामला और बढ़ता चला गया है।

# पर्व ने विश्व युवा भारोत्तोलन में जीता कांस्य; शॉटगन विश्व कप में स्कीट में मिश्रित शुरुआत

**नई दिल्ली।** पर्व चौधरी ने लीमा के पेरू में जारी विश्व युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 96 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कुल 315 किलो वजन उठाया। यूपी के बिजनौर जिले के रहने वाले पर्व ने स्नैच में 140 किलो और क्लीन एंड जर्क में 175 किलो वजन उठाया। उन्हें क्लीन एंड जर्क का रजत मिला। विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल वजन के अलग-अलग पदक दिए जाते हैं। पर्व ने इससे पहले बीते वर्ष राष्ट्रमंडल युवा भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक जीता था। वह जूनियर वर्ग में भी विजेता बने थे। उन्होंने बीते वर्ष ही एशियाई यूथ और जूनियर भारोत्तोलन में भी कांस्य पदक जीता था। इस चैंपियनशिप में ज्योशना साबर ने 40 भारवर्ग और हर्षवर्धन साहू ने 49 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीते थे। भारत के स्कीट निशानेबाजों के लिए सोमवार को आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में क्वालिफिकेशन का पहला दिन मिश्रित रहा। साइप्रस के निकोसिया में जारी विश्व कप में पुरुष वर्ग में अभय सिंह सेखों देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निशानेबाज रहे। छह भारतीयों में से अभय 50 निशानों में से 49 (25, 24) हिट लगाने के बाद क्वालिफिकेशन के दूसरे दिन 14वें स्थान से शुरुआत करेंगे।

पुरुष वर्ग में 92 निशानबाजों में से आठ ने 50 का परफेक्ट स्कोर बनाया। अभय उन 13 निशानेबाजों में शामिल थे जिन्होंने एक निशाना चूका। ओलंपियन मेराज खान दो निशाने चूकने के कारण 32वें स्थान पर हैं जबकि पुरुष स्कीट में तीसरे भारतीय ऋतुराज बुंदेला (23, 21) अब तक छह निशाने चूकने के कारण और निचले पायदान पर हैं।

महिलाओं की स्पर्धा में परिनाज धालीवाल (23, 24) 15वें, यशस्वी राठौड़ (21, 23) 36वें और पेरिस ओलंपियन माहेश्वरी चौहान (22, 22) पहले दो दौर के बाद 38वें स्थान पर हैं। पुरुषों और महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिताओं में कुल पांच में से दो दौर पहले दिन खेले गए। मंगलवार को दो और दौर खेले जाने हैं। बुधवार को पांचवां और अंतिम दौर खेला जाएगा जिसके बाद शीर्ष छह खिलाड़ी फाइनल में पहुंचेंगे।17 वर्षीय इवा जोविक और 23 वर्षीय एमिलियो नवा को 25 मई से पेरिस में शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 120वें स्थान पर काबिज जोविक लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लेगी। वह पिछले सितंबर में अमेरिकी ओपन और जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में पहुंचीं थी।

पुरुषों की विश्व रैंकिंग में 137वें स्थान पर मौजूद नवा दूसरी बार फ्रेंच ओपन में भाग लेंगे। उन्होंने इससे पहले 2023 में क्वालीफाइंग के जारी मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। वह 2022 और 2023 में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में भी सफल रहे थे। जोविक और नवा दोनों कैलिफ़ोर्निया के रहने वाले हैं।

## बेसोस गाने से धमाल मचाने को तैयार शिखर धवन और जैकलीन की जोड़ी, टीजर रिलीज



**मुंबई।** शिखर धवन और जैकलीन की जोड़ी जल्द ही बेसोस गाने में नजर आने वाली है। हाल ही में इसका टीजर रिलीज किया गया। इस गाने को श्रेया घोषाल और कार्ल वाइन ने गाया है। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस' का टीजर 6 मई 2025 को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस' का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है। इससे पहले दोनों ने इंस्टाग्राम पर गाने का पोस्टर शेयर किया था। पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा था, ÷पॉप का तड़का, जुनून का रंग।

# बेटी ने बुलाया सिंड्रेला तो प्रियंका ने दिया तोहफा, बैक स्टेज सुनाया मजेदार किस्सा



**मुंबई।** फैंस के पसंदीदा कपल में से एक प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने मेट गाला 2025 में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। लेकिन जब उनसे पूछा गया कि इस दौरान उनकी बेटी मालती कहां है, तो जानिए कपल ने दिया क्या जवाब।

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा मेट गाला 2025 में अपने पति निक जोनस के साथ पहुंची। क्लासिक हॉलीवुड वाइब देते लुक में कपल काफी प्यारा लगा था और फैंस ने भी दोनों की तारीफ की थी। हालांकि, प्रियंका और निक तो मेट गाला में पहुंच गए, लेकिन उनकी बेटी मालती इस दौरान कहां थीं और क्या कर रही थीं, सोचने वाली बात है। अब खुद कपल ने इस बारे में बताया है कि जब वो मेट गाला में शिरकत कर रहे थे, तब बेटी मालती क्या कर रही थीं। जानिए कपल ने बेटी के बारे में क्या बताया। मेट गाला के दौरान वोग के साथ बातचीत में कपल ने बेटी मालती के बारे में बात करते हुए बताया कि जब वो इस समारोह के लिए आए तो मालती क्या कर रही थी। उन्होंने बताया कि जब हम तैयार हो रहे थे, तब हमारी बेटी हमारे साथ थी। हम रात भर चेक-इन करते रहे। हम बस मौज-मस्ती कर रहे थे। प्रियंका ने अपनी बेटी मालती से कहा कि वह आज मूवी देख सकती है क्योंकि हम बाहर जा रहे हैं। कपल ने बताया कि वो अपनी बेटी को हफ्ते में सिर्फ दो ही दिन फिल्म देखने देते हैं, वो भी वीकेंड पर। लेकिन आज जब हम दोनों बाहर जा रहे थे, तो हमने उसे फिल्म देखने की परमिशन दे दी। प्रियंका ने बताया कि उनकी बेटी ने उन्हें सिंड्रेला कहकर बुलाया, इसलिए उन्होंने उसे चीड की परमिशन दे दी। मेट गाला में प्रियंका ने पावर शोल्डर और सिन्च्ड कमर के साथ पोल्का डॉट बाल्मेन आउटफिट पहना। इसे चौड़ी ब्रिम वाली टोपी और बुलगारी नेकलेस के साथ कम्पलीट किया। जबकि निक ने बियांका सॉन्डर्स के डिजाइन ड्रेस को कैरी किया। निक के लुक में स्कार्फ डिटेल के साथ लंबी आस्तीन, हाई-नेक क्रीम रंग का शर्ट शामिल था। लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने एक सिन्च्ड हाई-वेस्ट बेल्ट भी पहनी थी। बेल्ट पर क्लिप किए गए टिफनी एंड कंपनी के दो ब्रोच की डिटेलिंग ने लुक को पूरा किया।

## शकीरा के साथ नजर आए दिलजीत दोसांझ

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ हाल ही में मेट गाला में नजर आए। फैंस को उनका लुक काफी पसंद आ रहा है। इस बीच उनका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह शकीरा के साथ दिख रहे हैं। न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित मेट



गाला 2025 में पंजाबी सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने अपनी धमाकेदार एंट्री से सभी का ध्यान खींच लिया। उन्होंने न केवल अपने पारंपरिक पंजाबी लुक से सिख संस्कृति को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित किया, बल्कि मशहूर सिंगर शकीरा के साथ अपनी मुलाकात से भी सुर्खियां बटोरीं। उनके इस शाही लुक को फैंस ने खूब सराहा और सोशल मीडिया पर तारीफों का तांता लग गया। दिलजीत ने मेट गाला के ब्लू कारपेट पर मशहूर डिजाइनर प्रबल गुरंग के डिजाइन किए हुए ऑफ-व्हाइट शाही आउटफिट में कदम रखा। उनका यह लुक काफी भव्य था। उन्होंने कुर्ता और तहमत पहना था, जिस पर पंजाबी कढ़ाई और फूलों के डिजाइन उकेरे गए थे। कमर पर गोल्डन कढ़ाई वाली पट्टी और कीमती पत्थरों जैसे पन्ना, मोती और माणिक से सजी ज्वेलरी ने उनके लुक को राजसी ठाठ दे रहे थे। दिलजीत ने एक तलवार भी थामी थी, जो सिख शौर्य और सम्मान का प्रतीक थी। दिलजीत का लुक जितना चर्चा में रहा, उतनी ही उनकी शकीरा और निकोल शेरजिंगर के साथ मुलाकात ने भी सुर्खियां बटोरीं। ब्लू कारपेट से पहले दिलजीत ने शकीरा, निकोल और अन्य सितारों के साथ एक प्री-इवेंट फोटोशूट में हिस्सा लिया। दिलजीत की टीम ने इससे जुड़ा एक मजेदार वीडियो शेयर किया है, जिसमें शकीरा एक लग्जरी कार में दिलजीत और निकोल के साथ सेल्फी लेती नजर आईं। शकीरा ने दिलजीत को दिलजीत! दिलजीत कहकर पुकारा और भारतीय फैंस के लिए हाय टू इंडिया का संदेश दिया।

# मेट गाला में कियारा आडवाणी के लुक को देख फैंस को याद आईं एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय

**डेब्यू**

**बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला के फैशन इवेंट में डेब्यू किया।**



**मुंबई।** न्यूयॉर्क में मेट गाला का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय कलाकारों ने भी अपना जलवा बिखेरा। इस फैशन इवेंट में प्रेग्नेंट कियारा आडवाणी के लुक ने सबका ध्यान खींच लिया, जिस पर नेटिजंस के रिएक्शंस आ रहे हैं। विश्व के सबसे बड़े फैशन समारोह का आयोजन न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में हुआ, जिसमें दुनियाभर के दिग्गज सितारों ने शिरकत की। अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया और इनके लुक ने फैंस का दिल जीत लिया। इसके साथ कियारा को देखकर फैंस को एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय की याद आ गई, जिस लेकर सोशल मीडिया पर नेटिजंस प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। आइए जानते हैं फैंस ने क्या कहा। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला के फैशन इवेंट में डेब्यू किया। रेड कॉर्पट पर आते ही कियारा ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया और वो बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिखी। अभिनेत्री ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता द्वारा तैयार की गई ड्रेस को पहना था और उनके आउटफिट का नाम था ब्रेवहार्ट्स, जो सशक्त महिलाओं और उनके बदलावों का प्रतीक थी। इसके अलावा उनके ड्रेस पर ब्लैक, व्हाइट और गोल्डेन कलर से वर्क किया गया था। अभिनेत्री की इस ड्रेस को देख फैंस को ऐश्वर्या राय के आउटफिट की याद आ गयी, जो उन्होंने 77वें कान फेस्टिवल में पहनी थी। मेट गाला फैशन शो में एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के लुक को देख नेटिजंस को अभिनेत्री ऐश्वर्या राय याद आ गई।

# मां ने हमें जोड़े रखा, निर्मल कपूर के निधन के बाद भावुक हुए अनिल; इंडस्ट्री को कहा शुक्रिया

**निधन**

**बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई, 2025 शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया।**



**मुंबई।** अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का बीते शुक्रवार शाम करीब 5:20 बजे कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में उम्र संबंधी समस्याओं की वजह से निधन हो गया था। आज अनिल ने अपनी मां की कई तस्वीरें शेयर कीं और एक भावुक पोस्ट भी लिखा।

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई, 2025 शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। आज अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया। अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिंग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा। अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली। अनिल ने आगे लिखा, वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला। अनिल ने आगे लिखा, आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं। अनिल ने जैसे ही अपनी मां निर्मल के बारे में इमोशनल पोस्ट किया वैसे ही कई सेलेब्स और परिवार वालों ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी है। अनिल की इस पोस्ट पर उनकी बेटी रिया कपूर ने लाल दिल वाला इमोजी शेयर किया है।

# मानव विकास सूचकांक में भारत की छलांग, 193 देशों में 130वां स्थान



**नई दिल्ली।** भारत ने 2025 मानव विकास सूचकांक में 193 देशों की सूची में 130वां स्थान हासिल किया। यह रैंकिंग 2022 में 133 थी जो अब तीन स्थान ऊपर चढ़ गई है। एचडीआई के अनुसार भारत में शिक्षा और आर्थिक मोर्चों में जबरदस्त सुधार देखा गया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा जारी 2025 मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) में मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में सुधार करते हुए 193 देशों में से 130वां स्थान हासिल किया है। यह रैंकिंग 2022 में 133 थी, जो अब तीन स्थान ऊपर चढ़ गई है। बता दें कि भारत का एचडीआई स्कोर 0.676 से बढ़कर 0.685 हो गया है, जो मध्यम मानव विकास श्रेणी में आता है। वहीं उच्च मानव विकास (HDI = 0.700) के करीब है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया कि असमानता के कारण भारत की एचडीआई में 30.7त्न की कमी आती है, जो क्षेत्र में सबसे अधिक है। जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जीवन प्रत्याशा 71.7 साल से बढ़कर 72 साल हो गई है, जो अब तक की सबसे अधिक है। वहीं औसत पढ़ाई के साल 6.57 से बढ़कर 6.88 हो गए हैं। हालांकि, स्कूलिंग के अनुमानित वर्षों में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ।

शिक्षा में सुधार के लिए रिपोर्ट ने 1990 के बाद की नीतियों जैसे शिक्षा का अधिकार, 'समग्र शिक्षा अभियान और नई शिक्षा नीति 2020 की सराहना की, लेकिन यह भी कहा कि पढ़ाई की गुणवत्ता और सीखने के परिणामों पर अभी और काम करने की जरूरत है।

# क्या सीआईएसएफ जवानों को मिलेगी मदिरा, एक्स पैरामिलिट्री एसोसिएशन ने 60 वार्षिक अवकाश देने की उठाई मांग

**समक्ष**

**ये मांग पत्र सोमवार को अलायंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सीआईएसएफ के एडीशनल डीजी एवं दूसरे अफसरों के समक्ष रखा गया है।**



**नई दिल्ली।** अपनी कई मांगों को लेकर एसोसिएशन के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व एडीजी एचआर सिंह के नेतृत्व में सीआईएसएफ अधिकारियों से मुलाकात की। करीब एक घंटे से अधिक समय तक चली यह बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। ऐतिहासिक धरोहर, ताजमहल, लालकिला, संसद भवन, दिल्ली मेट्रो समेत देश भर के हवाई अड्डे, बंदरगाह, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों, महत्वपूर्ण औद्योगिक संस्थानों, वीआईपी सुरक्षा, सरकारी भवनों एवं दूसरे अति संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवानों को भी दूसरे बलों की तरह मदिरा उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इतना ही नहीं, सीआईएसएफ जवानों को मिल रहे 30 दिनों के सालाना अवकाश को 60 दिन करने की मांग की गई है। ये मांग पत्र सोमवार को अलायंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सीआईएसएफ के एडीशनल डीजी एवं दूसरे अफसरों के समक्ष रखा गया है। एसोसिएशन के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व एडीजी एचआर सिंह के नेतृत्व में सीआईएसएफ अधिकारियों से मुलाकात की। करीब एक घंटे से अधिक समय तक चली यह बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के अनुसार, अब मांग पत्र पर सीआईएसएफ डीजी लचीला एवं सकारात्मक रूख अपनाते हुए उचित निर्णय लेंगे। बैठक में सीआईएसएफ की तरफ से एडीशनल डीजी पीएस रानपिसे, आईजी प्रशासन डॉ. केसी सामन्तरे व डीआईजी (एडम) मैडम नांबियार मौजूद रहीं। एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह के मुताबिक, पिछले 10 वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब डीजी सीआईएसएफ की तरफ से द्वारा पूर्व अर्धसैनिकों के डेलिगेशन को महानिदेशालय में बातचीत के लिए बुलाया गया है। बैठक में दो महत्वपूर्ण मुद्दे चर्चा के केंद्र में रहे। सीएलएमएस प्रणाली के तहत सभी केंद्रीय सुरक्षा बलों को मदिरा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन सीआईएसएफ जवानों को मदिरा सुविधा से वंचित रखा गया है। अपने मांग पत्र के माध्यम के द्वारा डीजी से निवेदन किया गया है कि वे कम से कम रिटायर्ड कर्मियों को मदिरा सुविधा उपलब्ध करा दें। सेवानिवृत्त कर्मी तो संवेदनशील जगहों पर तैनात नहीं हैं। सेवारत जवानों को छुट्टी जाते समय मदिरा सुविधा का लाभ दिया जाए।

दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा जवानों की सालाना अवकाश को लेकर था। सभी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों एवं भारतीय सेनाओं के तीनों अंगों में 60 दिनों का सालाना अवकाश मिलता है, लेकिन अकेले सीआईएसएफ में मात्र 30 दिनों का सालाना अवकाश मिलता है। एसोसिएशन ने इसके लिए एक सर्वे कराए जाने का आग्रह किया है।

# देशभर में मॉकड्रिल की तैयारी जारी; पीएम मोदी-एनएसए डोभाल के बीच हुई अहम बैठक



**नई दिल्ली।** देशभर में मॉकड्रिल की तैयारी चल रही है। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के चलते सरकार ने 7 मई को कई राज्यों में मॉक ड्रिल करवाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान सिविल डिफेंस से जुड़े लोगों को आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मॉक ड्रिल के तहत आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रशिक्षण होगा। युद्ध या आपदा की स्थिति में पहले मॉक ड्रिल की जाती है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पनपे तनाव के चलते पाकिस्तान की सरकार ने अगले बजट में रक्षा खर्च में 18 प्रतिशत की वृद्धि करने जा रहा है। पाकिस्तान रक्षा बजट 2,500 अरब रुपये से अधिक करने की तैयारी कर रही है। सरकार एक जुलाई से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष से पहले जून के पहले सप्ताह में 2025-26 का बजट पेश करने की तैयारी में है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बजट मामलों पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनकी आर्थिक टीम से मुलाकात की।पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने प्रमुख सहयोगी पीपीपी के साथ लगभग 17,500 अरब रुपये के नए बजट ढांचे को साझा किया, जो रक्षा व्यय में 18 प्रतिशत की वृद्धि पर सहमत हो गई है।

# गवाहों के बयान कॉपी-पेस्ट करने पर बॉम्बे हाईकोर्ट नाराज

**मुंबई।** औरंगाबाद पीठ के न्यायमूर्ति विभा कंकनवाड़ी और न्यायमूर्ति संजय देशमुख की पीठ ने एक आपराधिक मामले की सुनवाई के दौरान चार्जशीट को देखा तो गवाहों के बयान इतने समान थे कि पैराग्राफ भी एक ही शब्दों से शुरू होता और एक ही शब्दों पर समाप्त हो रहा था। इस पर पीठ ने नाराजगी जताई। आपराधिक मामलों में चार्जशीट तैयार करते समय गवाहों के बयान कॉपी-पेस्ट करने पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुलिस जांच अधिकारियों द्वारा गवाहों के बयानों की नकल करने को न्याय प्रणाली के लिए खतरा बताया। पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार इस खतरनाक संस्कृति पर पुलिस विभाग को निर्देश जारी करे।

# भारत की कूटनीति के सामने पाकिस्तान ने फिर मुंह की खाई

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की कोशिशें पूरी तरह नाकाम रहीं, क्योंकि उसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर कोई समर्थन नहीं मिला। वह सिर्फ दिखावा करता है और दुनिया उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लेती है।

कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएसी) की बंद कमरे में बैठक पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय में आज पाकिस्तान की वास्तविक स्थिति यह है कि कोई भी देश उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता और न ही उसके परमाणु हथियार और सिंधु जल समझौते के निलंबन पर हमले की धमकी का भारत पर कोई असर होता है। अकबरुद्दीन ने कहा, बहुपक्षीय संगठनों का इस्तेमाल करके दुनिया का ध्यान आकर्षित करने का पाकिस्तान का प्रयास नया नहीं है। हमने इसे काई बार देखा है। इस बार उसने 60 वर्षों में पहली बार एक ऐसे एजेंडा पेश करने की कोशिश की, जिस पर पहले कभी चर्चा नहीं हुई थी। वह है भारत-पाकिस्तान सवाल। भारत-पाकिस्तान सवाल पर आखिरी बार औपचारिक चर्चा 1965 में हुई थी। पाकिस्तान ने सोचा कि इसके जरिए वह भारत-पाकिस्तान के मुद्दे को फिर से अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाकर चर्चा का विषय बना सकता है। लेकिन यह केवल एक दिखावा था। पूर्व राजनयिक ने कहा, पाकिस्तान सार्वजनिक कूटनीति पर ज्यादा फोकस करता है। असल में वह इन मंचों का उपयोग अपने देश की छवि को सुधारने के लिए के लिए करता है, न कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीर वार्ता के लिए। इसलिए उसका प्रयास विफल हो गया। दिखावा काम नहीं आया। सुरक्षित परिषद ने उसके मामले को स्वीकार ही नहीं किया। उन्होंने कहा, यह पाकिस्तान के लिए एक बड़ा झटका है, जो महीनों से 15 देशों के साथ मिलकर इस मुद्दे पर काम कर रहा था। फिर पता चला कि जो वह चाहता है, उसे स्वीकार नहीं किया जा रहा है। अकबरुद्दीन ने बताया कि सुरक्षा परिषद इस तरह से काम करता है.. सबसे पहले प्रस्ताव आता है, फिर

**आकर्षित**

**अकबरुद्दीन ने कहा, बहुपक्षीय संगठनों का इस्तेमाल करके दुनिया का ध्यान आकर्षित करने का पाकिस्तान का प्रयास नया नहीं है।**



अध्यक्षीय बयान आता है, फिर प्रेस बयान और अंत में सुरक्षा परिषद के प्रमुख प्रेस से मौखिक रूप से कुछ कहते हैं। इन चारों में से कोई भी बात इस बैठक के बाद नहीं हुई। इसका मतलब है कि पाकिस्तान ने जो भी कोशिश की, वो पूरी तरह विफल रही। आप देख सकते हैं कि पाकिस्तान की कोशिशों का कोई असर नहीं पड़ा। इतनी कोशिशों के बावजूद उन्हें कोई समर्थन नहीं मिला। उन्होंने कहा, जो होना था, वही हुआ - इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें पहले से पता था कि पाकिस्तान को कोई समर्थन नहीं मिलेगा, क्योंकि आज की दुनिया में पाकिस्तान को एक गंभीर और भरोसेमंद देश नहीं माना जाता। हर कोई जानता है कि पाकिस्तान की कोशिशें सिर्फ दिखावे और प्रचार के लिए होती हैं, ना कि किसी गंभीर संवाद या समाधान के लिए। वह सिर्फ मंच पर बोलना चाहता है, लेकिन असली बातचीत में रुचि नहीं रखता। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच की पाकिस्तान की मांग का चीन द्वारा समर्थन किए जाने पर भी प्रतिक्रिया दी।

अकबरुद्दीन ने कहा, यह एक ऐसा खेल है जिसे पाकिस्तान नियमित रूप से खेलता है। यह एक ऐसा खेल है जिसमें वह लड़खड़ा जाता है। यह एक ऐसा खेल है, जिसमें उसका एकमात्र सदाबहार मित्र चीन है। लेकिन बाकी दुनिया आगे बढ़ चुकी है, वह पाकिस्तान को उसकी वास्तविकता के रूप में पहचानती

# सीएम हिमंत सरमा का कांग्रेस नेता गौरव गोगोई पर आरोप

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री सरमा ने आरोप लगाया कि गौरव गोगोई की पत्नी ने पाकिस्तान में काम किया और फिर एक गैर-सरकारी संगठन में काम करने के लिए दिल्ली आईं, लेकिन उन्हें पाकिस्तान से वेतन मिलता रहा। गोगोई भी व्यक्तिगत रूप से, न कि आधिकारिक हैसियत से पाकिस्तान गए थे और वहां 15 दिन तक रहे थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने एक बार फिर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तानी सेना के साथ अच्छे संबंध हैं। कोलबर्न ने 19 बार पाकिस्तान यात्रा की थी और पड़ोसी देश में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि गोगोई की पत्नी ने पाकिस्तान में काम किया और फिर एक गैर-सरकारी संगठन में काम करने के लिए दिल्ली आईं, लेकिन उन्हें पाकिस्तान से वेतन मिलता रहा। गोगोई भी व्यक्तिगत रूप से पाकिस्तान गए थे और वहां 15 दिन तक रहे थे। उनकी पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न भी गोगोई के साथ गई थीं, लेकिन वह सात दिन बाद वापस लौट आईं, जबकि गोगोई सात दिन और रुके। सीएम ने कहा कि गौरव गोगोई को बताना चाहिए कि उन्होंने 15 दिनों तक पाकिस्तान में क्या किया? क्या उन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उनकी सेना की मदद की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पाकिस्तान जाने पर सवाल उठाए जा रहे हैं, लेकिन पीएम वहां आधिकारिक हैसियत से गए थे। अगर गोगोई आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में वहां गए होते, तो हम सवाल नहीं उठाते, लेकिन वह वहां व्यक्तिगत हैसियत से गए थे और हम जानना चाहते हैं कि उस देश में उनका स्वागत किसने किया।

# विक्ट्री डे से पहले रूस में यूक्रेनी हमले से बढ़ी हलचल, मॉस्को के चारों हवाईअड्डे अस्थायी रूप से बंद



**मॉस्को।** यूक्रेन ने रूस के कई इलाकों पर 100 से अधिक ड्रोन दागे, जिससे मॉस्को सहित कई हवाईअड्डों की उड़ानें रोकी गईं। वहीं जवाब में रूस ने यूक्रेन के खारकीव पर ड्रोन हमले किए, जिसमें 11 लोग घायल हो गए। रूस के साथ जारी संघर्ष के बीच यूक्रेन ने रूस पर एक बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि यूक्रेन ने रूस के करीब दर्जन भर इलाकों पर 100 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया, जिन्हें रूसी सेना ने बीच में ही रोक लिया। वहीं इस हमले के कारण मॉस्को के चारों बड़े हवाईअड्डों को अस्थायी रूप से उड़ानें रोकनी पड़ीं। इसके अलावा रूस के नौ अन्य क्षेत्रीय हवाईअड्डों पर भी कामकाज कुछ समय के लिए ठप हो गया। बता दें कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब रूस 9 मई को विक्ट्री डे यानी नाजी जर्मनी पर जीत की वर्षगांठ मनाने की तैयारी कर रहा है। इस दिन रूस में बड़ा सार्वजनिक अवकाश होता है और कई विदेशी नेता भी मॉस्को पहुंचते हैं। वहीं राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस मौके पर 8 मई से 72 घंटे के लिए एकतरफा युद्धविराम की घोषणा भी की थी।

रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया और रक्षा मंत्रालय के अनुसार यूक्रेनी ड्रोन हमले रूस-यूक्रेन सीमा से लगे क्षेत्रों और रूस के अंदर तक हुए। जहां कुर्स्क क्षेत्र में दो लोग घायल हुए, जबकि वोरोनिज क्षेत्र में कुछ क्षति की जानकारी मिली है। वहीं दूसरी ओर रूस ने भी यूक्रेन के खारकीव शहर पर रातभर में 20 ईरानी-निर्मित शाहिद ड्रोन से हमला किया, जिसमें 4 लोग घायल हुए और शहर के सबसे बड़े बाजार बाराबाशोवा में आग लग गई। खारकीव क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी ड्रोन और ग्लाइड बम से हमलों में 7 नागरिक घायल हुए। अमेरिका के लगातार प्रयास के बाद भी रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम को लेकर बात नहीं बन पा रही है। कारण है कि एक तरफ जहां यूक्रेन अमेरिका के 30 दिनों के युद्धविराम प्रस्ताव पर सहमति जताई, वहीं रूस ने युद्धविराम को लेकर अपनी शर्तें रख दी। जिसके बाद बीते दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा था कि उन्हें अब संदेह है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में चल रहा युद्ध खत्म करना चाहते हैं।

# एयर इंडिया की टोरंटो-दिल्ली फ्लाइट फ्रैंकफर्ट डायवर्ट, शौचालय जाम होने के चलते लिया गया फैसला

**फ्रैंकफर्ट।** एयर इंडिया की उड़ानों में लंबे रूट और पुराने विमानों के साथ ही यात्रियों की गलतियों की वजह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कनाडा और अमेरिका के रूट पर उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के अधिकतर विमान पुराने हैं, जिनमें शौचालय जाम होने की समस्या हो रही है। एयर इंडिया की टोरंटो-दिल्ली फ्लाइट को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट डायवर्ट करना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फ्लाइट के शौचालय जाम होने के चलते यह फैसला लिया गया। घटना 2 मई की है। जब एयर इंडिया के प्रवक्ता से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि तकनीकी दिक्कत के चलते फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट डायवर्ट करना पड़ा था। गौरतलब है कि बीते दो महीने में यह दूसरी ऐसी घटना है, जिसमें शौचालय जाम होने के चलते एयर इंडिया की फ्लाइट को डायवर्ट करना पड़ा और इससे यात्रियों को भारी परेशानी हुई। इससे पहले 6 मार्च को भी एयर इंडिया की शिकागो से दिल्ली आने वाली फ्लाइट एआई126 को 10 घंटे के सफर के बाद वापस शिकागो लौटना पड़ा था। अब 2 मई को एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 188 को भी शौचालय जाम होने के चलते डायवर्ट करना पड़ा। एयर इंडिया ने बताया कि फ्रैंकफर्ट उतरने के कुछ घंटे बाद ही तकनीकी दिक्कत को दूर कर लिया गया और फ्लाइट ने अपने गंतव्य स्थान दिल्ली के लिए उड़ान भरी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एयर इंडिया की उड़ानों में लंबे रूट और पुराने विमानों के साथ ही यात्रियों की गलतियों की वजह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कनाडा और अमेरिका के रूट पर उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के अधिकतर विमान पुराने हैं, जिनमें शौचालय जाम होने की समस्या हो रही है। साथ ही कुछ यात्री लापरवाही से शौचालय में कचरा फेंक देते हैं, जिससे भी शौचालय जाम हो जाते हैं।

**शौचालय**

**एयर इंडिया की टोरंटो-दिल्ली फ्लाइट को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट डायवर्ट करना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फ्लाइट के शौचालय जाम होने के चलते यह फैसला लिया गया।**




# चिन्मय दास पर चार और मामलों में गिरफ्तारी के आदेश, पहले से जेल में बंद हैं इस्कॉन के पूर्व पुजारी



**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू नेता और इस्कॉन के पूर्व पुजारी चिन्मय दास की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। जहां देशद्रोह के आरोप में पहले से जेल में बंद हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास पर बांग्लादेश की अदालत ने चार और मामलों में गिरफ्तारी के आदेश दिए। बांग्लादेश में हिंदू नेता और इस्कॉन के पूर्व पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही है। जहां बांग्लादेश की एक अदालत ने मंगलवार को चिन्मय कृष्ण दास को चार और मामलों में गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। हालांकि इससे एक दिन पहले ही अदालत ने उन्हें एक हत्या के मामले में गिरफ्तार करने का आदेश दिया था, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी हुई थी। बता दें कि चिन्मय कृष्ण दास को पिछले साल 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से देशद्रोह और राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अगले ही दिन चट्टोग्राम की अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर उन्हें जेल भेज दिया। उनकी गिरफ्तारी के बाद ढाका समेत देश के कई हिस्सों में उनके समर्थकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। मंगलवार को जिन चार मामलों में गिरफ्तारी के आदेश दिए गए, उनमें पुलिस के कार्य में बाधा डालना, कोतवाली थाना क्षेत्र में वकीलों और न्याय मांगने वालों पर हमले शामिल हैं। सरकारी अभियोजन पक्ष के सहायक वकील रायहानुल वाजेद चौधरी के अनुसार अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें इन मामलों में गिरफ्तार दिखाने की अनुमति दी।

हालांकि इससे पहले सोमवार को अदालत ने सहायक सरकारी वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या के मामले में भी दास की गिरफ्तारी का आदेश दिया था। अलिफ की हत्या उस हिंसक प्रदर्शन के दौरान हुई थी, जो दास की गिरफ्तारी के विरोध में हुआ था। गौरतलब है कि बीते 30 अप्रैल को हाई कोर्ट ने चिन्मय दास को जमानत देने का आदेश दिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की अपीलीय पीठ के चेम्बर जज जस्टिस रेजाउल हक ने उस आदेश पर रोक लगा दी।

# रोमानिया में अंतरिम पीएम की नियुक्ति, सत्ताधारी गठबंधन की हार के बाद पीएम मार्सेल ने दिया इस्तीफा

**बुखारेस्ट।** यह पहले दौर के नतीजे हैं और अब 18 मई को दूसरे दौर का मतदान होगा। कुछ महीने पहले हुए चुनाव मतदान को रोमानिया की शीर्ष अदालत ने मतदान में हुई गड़बड़ियों और रूस के कथित दखल के आरोपों के बाद रद्द कर दिया था। रोमानिया के अंतरिम राष्ट्रपति ने मंगलवार को नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति की है। दरअसल राष्ट्रपति चुनाव में सत्ताधारी गठबंधन की हार के बाद प्रधानमंत्री मार्सेल सिओलाकू ने सोमवार को इस्तीफे का एलान कर दिया। रोमानिया की नेशनल लाइब्रेरी पार्टी के नेता कैटालिन प्रेडिउ को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया है। कैटालिन अगली सरकार के गठन तक अंतरिम पीएम पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। रोमानिया में अंतरिम पीएम का कार्यकाल अधिकतम 45 दिनों का हो सकता है।

# 19वें वर्ल्ड ट्विंस फेस्टिवल में भारतीय जुड़वां प्रतिभाओं ने मचाई धूम, भोपाल के ट्विंस क्लब ने बढ़ाया मान

**मोजियांग/युन्नान।** भारत की संस्कृति, रंग और रचनात्मकता का अद्भुत संगम चीन के युन्नान प्रांत में देखने को मिला, जब भोपाल के प्रतिष्ठित ट्विंस क्लब भोपाल ने 19वें इंटरनेशनल ट्विंस फेस्टिवल-2025,चीन में हिस्सा लेकर भारत का नाम रोशन किया।

भारत की संस्कृति, रंग और रचनात्मकता का अद्भुत संगम चीन के युन्नान प्रांत में देखने को मिला, जब भोपाल के ट्विंस क्लब ने 19वें इंटरनेशनल ट्विंस फेस्टिवल-2025 में हिस्सा लेकर भारत का परचम लहराया। 30 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित इस वैश्विक समारोह में क्लब के 10 जुड़वां प्रतिभागियों ने न केवल अपने अद्वितीय प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि भारतीयता की छाप भी पूरे आयोजन पर छोड़ दी।

इस वर्ष के फेस्टिवल की थीम ट्विंस बिकम द ब्रिज एक्रॉस कलचर पर आधारित थी। कार्यक्रम में अमेरिका, इंग्लैंड, मलेशिया, नाइजीरिया, घाना, युगांडा, नेपाल, श्रीलंका सहित 20 देशों के 200 से अधिक विदेशी जुड़वां प्रतिभागी और चीन के 500 ट्विंस शामिल हुए।

ग्रैंड ट्विन्स परेड में भारतीय जुड़वां प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधान पहनकर सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। अभिषेक-अनुज ने भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषाएं प्रदर्शित कीं। ऋद्धि-सिद्धि ने नौवारी साड़ी और पगड़ी पहन मराठी संस्कृति को सजीव किया। मंजरी-मयूरी ने राजस्थानी घूमर वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र रहीं। ओनी-ओनस ने अन्य देशों से आए ट्विंस के साथ भारत के ट्विंस क्लब और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर संवाद किया। सबसे कम उम्र के प्रतिभागी नित्य-निश्चय ने भी चीन के स्थानीय ट्विंस से भारत की संस्कृति पर चर्चा की और क्लब की जानकारी दी। इंटरनेशनल ट्विन्स डांस कॉम्पिटिशन



में भारतीय प्रतिभागियों ने अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया। मंजरी-मयूरी को ÷बेस्ट क्लासिकल परफॉर्मेंस÷ का खिताब मिला (राजस्थानी घूमर पर प्रस्तुति)। ऋद्धि-सिद्धि ने ÷मोस्ट एनर्जेटिक डांस का पुरस्कार जीता (गरबा व नगाड़ा सांग का फ्यूजन)। ट्विंस क्लब, भोपाल के अध्यक्ष अभिषेक खरे ने बताया कि क्लब जल्द ही भोपाल में एक भव्य ट्विंस फेस्टिवल आयोजित करने की योजना बना रहा है, जिसमें देशभर के जुड़वां बच्चों को आमंत्रित किया जाएगा। ट्विंस क्लब भोपाल, जिसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (2003) में स्थान मिला है, वर्ष 2014 से इस अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करता आ रहा है। यह देश का सबसे बड़ा, सबसे पुराना और सक्रिय ट्विंस क्लब है। इस आयोजन में भाग लेने वाले भारतीय ट्विंस ने न केवल अपनी कला और संवाद कौशल से दुनिया का दिल जीता, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता और गरिमा को वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया।

# अलविदा तनाव शिविर में मनाया गया अलौकिक जन्मोत्सव, झूमीं महिलाएं

**शिविर में राधाकृष्ण व लक्ष्मी नारायण की झांकी रहा आकर्षण का केंद्र**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सिटी पब्लिक स्कूल में आयोजित अलविदा तनाव कार्यक्रम में आध्यात्मिकता और भक्ति का संगम देखने को मिला। शिविर में अलौकिक जन्म उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें दिव्यता और आनंद की झलक हर ओर दिखाई दी। प्रख्यात तनाव मुक्ति विशेषज्ञ ब्र.कु. पूनम बहन ने परमात्मा का विषय पर जानकारी दी। मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण शैलेंद्र सिंह,सीओ प्रतिमा वर्मा, थाना प्रभारी दिलीप सिंह, पूर्व चेयरमैन शिव गोविंद साहू, एसबीआई शाखा प्रबंधन निधि पटेल, अतुल त्रिपाठी, स्मिता भोजवाल व संजय जयसवाल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। देवी देवताओं का स्वरूपों में सजे ब्रह्माकुमारियों में रजनी, ममता, ज्योति, खुशबू, बबीता, शोभा, प्रमिला, शुभम व रामपाल आदि ने लोगों के ऊपर पुष्प वर्षा कर परमात्मा के सुख, शांति व आनंद की अनुभूति कराई। शिविर में कृष्णा सिद्धि, राधा आयूषी, लक्ष्मी जया व नारायण भगवान अदिति गुप्ता के स्वरूपों में सजे प्रतिभागियों ने सतयुग के प्रथम राजकुमार-राजकुमारी, राधा और कृष्णा जो आगे चलकर लक्ष्मी नारायण बनें झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। बधाई हो बधाई हो शुभ दिन की बधाई हो... जन्मोत्सव गीत पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मेरी चाहत का मुझको सिला मिल गया, अब क्या मांगू तुझको खुदा मिल गया गीत पर महिलाओं ने जमकर झूमकर मधुर रास (नृत्य) किया। मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण शैलेंद्र सिंह ने कहा कि आत्मा परमात्मा का अंश है। मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार को आत्म लय कर देना ही योग है। सीओ प्रतिमा वर्मा ने कहा कि मनुष्य के जीवन में अत्यधिक तनाव लेने से कई गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं। तनाव हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित अलविदा तनाव शिविर सार्थक कदम है। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने प्रजापिता ब्रह्मा के जीवन में घटित दिव्य अनुभव की प्रेरणादायक कथा को साझा करते हुए बताया कि कैसे साधारण गृहस्थ लेखराज कृपलाली को ईश्वरीय अनुभूति प्राप्त हुई और जीत के सत्य ज्ञान का प्रकटीकरण हुआ। इस आध्यात्मिक जागृति ने न उनके जीवन को बदला बल्कि समाज में भी एक नई चेतना का संचार किया। संचलिका अनीता दीदी ने आएं हुए अतिथियों को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुमन जायसवाल व राज पाल ने किया।

# भारतीय ज्ञान परंपरा राष्ट्रीय अस्मिता एवं चेतना का प्रतिबिंब है: प्रो. सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** तिलकधारी स्नाकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर के शिक्षक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन सोमवार व मंगलवार को किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 राम आसरे सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में पुनः स्थापित करने की दिशा में इस प्रकार की संगोष्ठी आवश्यक है। जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और बौद्धिक धरोहर को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विश्लेषित कर उसे जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करना है। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय , शिक्षा संकाय के डीन प्रोफेसर अजय कुमार दुबे ने कहां कि भारतीय ज्ञान परंपरा सनातन परंपरा है जो कि हमारे जीवन मूल्यों में निहित है। मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य प्रो. समर बहादुर सिंह ने कहा कि भारत का इतिहास वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग, नाट्यशास्त्र, ज्योतिष, वास्तु शास्त्र, और दर्शन जैसे ज्ञान के विविध क्षेत्रों से समृद्ध रहा है। यह परंपराएं न केवल आध्यात्मिकता की प्रतीक रही हैं, बल्कि इनके पीछे वैज्ञानिक तर्क, अनुभव और प्रयोग के आधार भी मौजूद हैं। किंतु आधुनिक काल में इन विषयों को प्रायः केवल आस्था या पौराणिक संदर्भों से जोड़कर देखा जाता है, जिससे इनकी वैज्ञानिकता जनसामान्य की दृष्टि से ओझल हो गई। विभागाध्यक्ष प्रो. सुधांशु सिन्हा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सिर्फ संस्कृति का हिस्सा नहीं है, बल्कि हमारे जीवन-दर्शन का अभिन्न अंग है। प्रो0 रीता सिंह ने संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन करते हुए कहा है कि भारतीय ज्ञान परंपराओं की वैज्ञानिक बुनियाद को पुनः खोज कर उसका विश्लेषण करें और शोध आधारित प्रमाणों के साथ उसे शैक्षणिक व सामाजिक पटल पर प्रस्तुत करना अत्यंत समीचीन है। इस संगोष्ठी में भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध विषयों पर प्रो. श्रद्धा सिंह, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डा. प्रशांत कुमार पांण्डेय, डॉ गीता सिंह, डॉ सुलेखा ने विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इस संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. सीमांत राय एवं आयोजक सचिव डॉ वैभव सिंह ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी में कुल लगभग 180 शोध पत्रों का वाचन किया गया। संगोष्ठी में विभिन्न विश्वविद्यालय के शोधछात्र, बी0एड्0 और एम0एड् के छात्रों ने प्रतिभाग किया।



# लड़ेंगे तो बचेंगे, डरेंगे तो मरेंगे के नारे का लगा पोस्टर

**पहलगाम हमले के बाद प्रयागराज में लगे पोस्टर, पाक के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रयागराज में विशेष पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें हैं। पोस्टर में लड़ेंगे तो बचेंगे, डरेंगे तो मरेंगे का मुख्य नारा लिखा गया है। साथ ही मोदी जी की कड़ाई, पाकिस्तान पर निश्चित होगी चढ़ाई और अमित शाह जी हैं खफा, पाकिस्तान होगा सफा जैसे नारे भी शामिल हैं।

भाजपा नेता अनुराग संत ने इन पोस्टरों को शहर के विभिन्न हिस्सों में लगवाया है। पोस्टर में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की स्थिति पर भी चिंता जताई गई है। अनुराग संत के अनुसार, यह पोस्टर आतंकवाद और आंतरिक खतरों के खिलाफ जनजागरण का हिस्सा है।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि ये पोस्टर जनभावनाओं को प्रभावित करने के साथ-साथ चुनावी दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण हैं। राष्ट्रवादी भावनाओं को केंद्र में रखकर जनता से जुड़ने की यह रणनीति भाजपा के लिए लाभदायक हो सकती है।

## रोजगार मेले में 129 अभ्यर्थियों का चयन


**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में आज प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 129 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 159 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ईश्वर शरण की जीत में दिव्यांश, हर्षित व कृष्णा बने जीत में नायक



**प्रयागराज।** ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने गोपाल जी भारतीय स्मारक अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। मंगलवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 37.3 ओवर में 176 रन ( यश जायसवाल 44, ऋतुराज यादव 23 नाबाद, राम तिवारी 22, आर्यन तिवारी 16 रन, दिव्यांश यादव 3/17, कृष्णा सोनकर 3/30, सचिन पटेल 1/06, रोशन कुशवाहा 1/33, मनरूप सिंह 1/37, अभिजीत सिंह 1/47 ) पर बनाए। जवाब में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज की टीम ने 22 ओवर में चार विकेट पर 178 रन ( हर्षित तिवारी 51, शिवांश पांडेय 46 नाबाद, सचिन पटेल 38, शौर्य प्रताप सिंह 17 रन, अभ्युदय प्रताप सिंह 2/25, नीरज तिवारी 1/43, ऋतुराज यादव 1/58 ) पर बना लिए। मैच में मो. आरिफ व अरुण कुमार ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता में बुधवार को चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब व श्री साहयक क्रिकेट क्लब के बीच प्रातः आठ बजे से खेला जाएगा।

## शादान के शतक से फरहत अली क्लब सेमीफाइनल में



**प्रयागराज।** शादान अब्बास रिजवी के शतक (103 रन नाबाद, 71 गेंद, 18 चौके, दो छक्के) के दम पर फरहत अली क्लब ने गोल्डेन केसरिया क्लब को पांच विकेट से हराकर फखरुद्दीन अली स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टॉस हारकर गोल्डेन केसरिया क्लब ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 185 रन (तौहीद 68, सिद्धार्थ मिश्र 54, आयुष्मान वर्मा 3/25, रेहान वजाहत, हुजैफा हाद व नरहरि दीक्षित एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में फरहत अली क्लब ने 22.5 ओवर में 5 विकेट पर 189 रन (शादान अब्बास रिजवी 103 नाबाद, सक्षम अग्रहरि 18, अभिनय त्रिपाठी 2/21, तौहीद 37) बना लिये। शादान अब्बास रिजवी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## नैनी नया पुल चौराहे पर भीषण जाम

**प्रयागराज।** नये यमुना पुल के नैनी लेप्रोसी चौराहे पर मंगलवार को यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई। हनुमान मंदिर में दर्शन और निशान चढ़ाने आए श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण चौराहे पर तीन घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। बाधित यातायात को खुलवाने के लिए मौके पर कोई भी पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा। जिससे धूप में लोगों को काफी परेशानियां हुई। स्थानीय पुलिस और यातायात पुलिस की अनुपस्थिति में जाम को नियंत्रित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। कड़ी धूप में राहगीरों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ा। एंबुलेंस सहित आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस गए। मंगलवार और शनिवार को नैनी लेप्रोसी चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। यातायात पुलिस ने अभी तक इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की है। इस जाम की वजह से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह के संगठन युवा सेवा शक्ति की पहल से बन रहे हैं आयुष्मान कार्ड

**आयुष्मान वय वंदना कार्ड में योगदान देने वालों का किया गया सम्मान**

**अवधनामा संवाददाता**




**जौनपुर।** गोवर्धन इंटर कॉलेज, मुफ्तीगंज एवं सरस्वती इंटर कॉलेज, सिरकोनी में एक गरिमामय समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने वाले नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संस्थानों को भी सम्मानित करना था।मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनय सिंह ने कहा, अभिषेक सिंह जैसे अधिकारी समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने न केवल प्रशासनिक सेवा में अनुकरणीय कार्य किया बल्कि अब भी समाज के हर वर्ग के लिए सक्रिय हैं। आयुष्मान योजना में उनकी संकल्पबद्धता विशेष रूप से सराहनीय है। खंड विकास अधिकारी अस्मिता सेन, डॉ. पवन कुमार राय, आलोक राय सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन में सिंह के सेवाभाव की सराहना की। प्रधानाचार्य द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अभिषेक सिंह के पास लोगों का आसानी से यह कार्ड बन जा रहा है। हम क्षेत्रवासी उनके पति आभार व्यक्त करते हैं। सरस्वती इंटर कॉलेज के प्रबंधक नंद लाल यादव ने कहा कि अभिषेक सिंह और उनकी टीम ने जिस उत्साह से आयुष्मान योजना को जन-जन तक पहुँचाया, वह एक मिसाल है।

समारोह के दौरान आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं, आशा बहनों और संबंधित संस्थानों को प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सत्ता से दूर हुए तो कांग्रेस सपा को याद आई जातीय जनगणना



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा काशी क्षेत्र के द्वारा सर्किट हाउस में जातीय जनगणना अभियान के अंतर्गत पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी कुमार पटेल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने साहस का परिचय देते हुए जाति जनगणना कराए जाने का फैसला लेकर भारत की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने का काम किया है। जिसमें समान रूप से सभी वर्ग के लोगों को संवैधानिक अधिकारों को प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि 1931 में देश के अंदर जातीय जनगणना हुई थी। तब से आज तक लगभग 94 वर्ष का लंबा अंतराल में अधिकांश समय में कांग्रेस पार्टी या गैर भाजपा दलों की सरकारें देश में रही लेकिन अफसोस है कि मोदी के अलावा गैर भाजपाई किसी भी सरकार ने जातीय जनगणना कराने का कभी साहस नहीं जुटा पाए। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना होने से सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक अधिकारों को पाने के लिए नए अवसर मिलने वाले हैं। ओबीसी समाज के लोगों को शिक्षा अर्थव्यवस्था एवं राजनीति में भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

## रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने किया हार्टफुलनेस सत्र का आयोजन

**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन क्लब द्वारा मंगलवार, 6 मई को वाईएमसीए स्कूल में कक्षा 10 से 12 के छात्रों के लिए एक विशेष हार्टफुलनेस सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों में मानसिक स्थिरता, आत्मनिरीक्षण और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर हार्टफुलनेस कोच एवं क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन राधा सक्सेना ने छात्रों को निर्णय लेने की शक्ति एवं उसके महत्व पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि जीवन में सही निर्णय लेना सफलता की कुंजी है और हार्टफुलनेस अभ्यास से यह क्षमता विकसित की जा सकती है। हार्टफुलनेस सत्र में निर्णय लेने की शक्ति को एक महत्वपूर्ण विषय के रूप में प्रस्तुत किया गया। हार्टफुलनेस कोच रोटेरियन राधा सक्सेना ने बताया कि जीवन में सही समय पर लिया गया निर्णय न केवल सफलता की दिशा तय करता है, बल्कि व्यक्ति के आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन को भी मजबूत करता है।

# सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में सहभागिता के लिए किया आह्वान

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 7 मई को देशभर में आयोजित की जा रही 'सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल' में युवाओं- विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया है। हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सीमा पार से बढ़ते सुरक्षा खतरे जिनमें साइबर हमले और शत्रुतापूर्ण गतिविधियाँ भी शामिल हैं, के अंतर्गत यह राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल नागरिक और संस्थागत तंत्र की तैयारियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक आवश्यक कदम है।

इस अभ्यास में एयर रेड वॉर्निंग सायरन का परीक्षण, क्रैश ब्लैकआउट अभ्यास, नागरिकों की सुरक्षित निकासी का पूर्वाभ्यास, और विद्यार्थियों व आम नागरिकों को आपात स्थिति में सुरक्षा के उपाय सिखाने का प्रशिक्षण सम्मिलित है। साथ ही रेडार स्टेशन, पावर प्लांट्स जैसी महत्त्वपूर्ण संस्थाओं को छिपाने हेतु रणनीतिक कैमोफ्लाज तकनीकों का अभ्यास भी किया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मानती है कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल हमारी सेना की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक विशेषकर युवा वर्ग का साझा उत्तरदायित्व है। हमारे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय ऐसे केंद्र बनने चाहिए जो जागरूकता, सतर्कता और तैयारियों का प्रतीक हों। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि अभाविप 'सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल' का स्वागत करती है, हम सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों से आह्वान करते हैं कि वे इस अभियान में पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ भाग लें और 'सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

# चकबंदी विभाग के लंबित वादों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में उप संचालक चकबंदी मुख्यालय लखनऊ आलोक कुमार, चकबन्दी अधिकारी उल्फान अली एवं संजय सिंह कनौजिया के द्वारा चकबंदी कार्यों एवं पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। बैठक में जनपद में सर्वे, कब्जा परिवर्तन एवं तरमीम स्तर पर लंबित कार्यों की समीक्षा करते करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जो गांव सव /तरमीम स्तर पर लंबित है, उनमें कठोर परिश्रम करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार से समय कार्य पूर्ण करें, यदि समय से कार्य पूर्ण नहीं होता है तो सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। साथ ही समस्त न्यायालय लिपिक को भी निर्देशित किया गया कि समस्त वाद सीसीसीएमएस प्रणाली के अंतर्गत ऑनलाइन करके काज लिस्ट के अनुसार वादों की सुनवाई करवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने चकबंदी अधिकारीगणों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि उच्च न्यायालय से आच्छादित वादो एवं 05 वर्ष से अधिक लम्बित वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें, जिससे शासन की मंशानुसार कार्य पूर्ण किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा लेखपालों को निर्देशित किया कि चकबन्दी कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है तो अवगत कराये जिसका त्वरित गति से निस्तारण किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी/डीडीसी अजय अम्बष्ट, एसओसी अशोक कुमार, पवन कुमार सिंधु एवं समस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी, चकबंदीकर्ता और चकबंदी लेखपाल उपस्थित रहे।

## जन्मदिवस पर डिप्टी सीएम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई




**प्रयागराज।** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के जन्मदिवस (7 मई) की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लखनऊ स्थित डिप्टी सीएम के आवास पहुंचकर उन्हें फूल माला एवं पुष्प गुच्छ देकर उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत हैं। उनका मार्गदर्शन हमेशा हम कार्यकर्ताओं को मिलता रहता है। जानकारी देते हुए महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि 7 मई को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के जन्मदिवस के अवसर पर सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय पर सायं 4 बजे सुंदर कांड का पाठ आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ शैलेश पांडेय, रवींद्र गांधी, विजय श्रीवास्तव, विश्वास श्रीवास्तव, सुजीत कुशवाहा, विजय पटेल, संजय पासवान, अजय श्रीवास्तव, विशाल अग्रवाल, विवेक मिश्रा आदि कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम को बधाई दी।

# दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** दैवीय आपदा प्रबंध जांच समिति के सभापति इं0 अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सभापति ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप दैवीय आपदा से प्रभावित होने वाले परिवारों को 24 घंटे के अंदर अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों का सत्यापन जिलाधिकारी अपनी अध्यक्षता में एक टीम बनाकर करायें। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट देरी से प्रेषित करने वाले संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभापति ने कहा कि राजस्व विभाग के आंकड़ों की समीक्षा कर राहत आयुक्त के माध्यम से रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

सभापति ने कहा कि सभी ग्राम प्रधानों के माध्यम से आपदा से प्रभावित लोगों के लिए क्या-क्या किया जा सकता है, सरकार द्वारा क्या सहायता राशि दी जा सकती है, इसका व्यापक प्रचार प्रसार करायें तथा आपदा विशेषज्ञ स्वयं जाकर आपदा प्रबंधन के संबंध में शासन द्वारा प्राप्त बुकलेट ग्राम प्रधानों को उपलब्ध कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि सभी ग्राम पंचायत,ब्लॉकों एवं नगर निकायों में आपदा प्रबंधन से संबंधित वॉल पेंटिंग कराई जाए तथा जागरूकता हेतु पम्पलेट बनवाकर वितरित करायें। विद्युत विभाग की समीक्षा में सभापति ने कहा कि मानक से नीचे लटक रहे विद्युत तारों को सही करायें तथा जहां पर खंभे झुक गए हैं या टूट गए हैं, उसको समय से ठीक करायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पिछले तीन वर्षों में विद्युत से हुई जनहानि, पशु हानि एवं विद्युत कर्मियों की मृत्यु से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध करायें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि हीटवेवध्लू के दृष्टिगत नगर निकायों में वाटर कूलर एवं जगह-जगह प्याऊ का संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने आपदा विशेषज्ञ को निर्देश दिया कि पिछले 03 साल में कितने कंबल का वितरण किया गया एवं कितने स्थानों पर ठंड के मौसम में अलाव जलाए गए, इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि वेस्ट वाटर को सीधे नदी में न गिरने दें, इसके लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर पानी को साफ करायें। उन्होंने आवास एवं विकास नियोजन विभाग को निर्देश दिया की समस्त सरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाया जाए। इसके साथ ही समस्त प्राइवेट स्कूल, अस्पताल, औद्योगिक संस्थान एवं आवासीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाया जाए, तथा इसकी मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिया की अतिवृष्टि से जहां की सड़कें खराब होती हैं, वहां केंद्र सरकार द्वारा एनडीआरएफ के अंतर्गत आवंटित बजट से सड़क की मरम्मत करायें। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश दिया कि बाढ़ के समय जो बांध बार-बार टूटते हैं या रिसाव होता है, उसके लिए स्थाई समाधान करें। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिया कि वन विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा जितने वृक्षारोपण किया जाते हैं, उसको संरक्षित करायें। इसके साथ ही प्राइवेट चिकित्सालय, निजी स्कूल, औद्योगिक संस्थानों को भी उनके परिसर में वृक्षारोपण हेतु अधिक से अधिक वृक्ष उपलब्ध करायें। उन्होंने आयुष विभाग को निर्देश दिया कि जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर स्कूलों में योग प्रशिक्षकों को भेजकर छात्र-छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दें।



# डेप्युटी लेबर कमिश्नर के सेवानिवृत होने पर दी गया सारस्वत सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक प्रभु नारायण पांडे प्रेमी के घोरठ आवास स्थित सेवानिवृत डेप्युटी लेबर कमिश्नर आजमगढ़ मंडल का सारस्वत सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रमिक नेता वरिष्ठ साहित्यकार प्रभु नारायण पांडे प्रेमी द्वारा अंग वस्त्रम बुके एवं संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे द्वारा सम्मान पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्युत संघर्ष के उपसंयोजक अशेष सिंह डिप्टी लेबर कमिश्नर राजेश कुमार का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए उनके कार्यों की सराहना की वही समाजसेवी स्टेनो अनिल सिंह ने डिप्टी लेबर कमिश्नर को बुके भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि डिप्टी लेबर कमिश्नर राजेश कुमार साहब बड़े ही मिलनसार व्यक्तिथे आज उनके सेवानिवृत्ति के पश्चात उनकी कमी खलेगी एसोसिएशन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे सरस ने कहा कि आज के समय में ऐसे अधिकारी मिलना बहुत मुश्किल है जो श्रम विभाग के कार्यों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में बढ़कर हिस्सा लेते थे। इस अवसर पर साहित्यकार प्रभु नारायण पांडे प्रेमी ने अपनी गीत मंडल मेरा सूना सूना मन का दर्द हुआ है मीत हृदय का जैसे मुझसे नाता तोड़ चला सुनाकर माहौल गमगीन कर दिया वही मुख्य अतिथि डिप्टी लेबर कमिश्नर रहे राजेश कुमार ने कहा कि आजमगढ़ मंडल ने जो मुझे प्यार और मोहब्बत दिया है उसे भूलाकर भी नहीं भूल सकता उन्होंने संगठन ने जो हमारा सम्मान किया है उसके प्रति में आभार प्रगट करता हूं कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार संजय कुमार पांडे सरस किया बसद्य इस अवसर पर भारतीय मानवाधिकार के अध्यक्ष कोमल प्रसाद राजभर अनिल सिंह सुरेश संदीप विश्वकर्मा एवं बिजली मजदूर नेता अभिषेक श्रीवास्तव ने उपसमायुक्त को बुके भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी मुकेश स्वतंत्र पांडे ए अभिषेक श्रीवास्तव आशीष सिंह उपस्थित रहे।



# बंधन एएमसी ने तीन भारत केंद्रित फंडों के लॉन्च के साथ गिफ्ट सिटी में ऑपरेशंस की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** बंधन एएमसी लिमिटेड, भारत के प्रमुख एसेट मैनेजर्स में से एक, जिसका एयूएम 20 बिलियन अमरीकी डॉलर है, ने आईएफएससी ब्रांच के माध्यम से गिफ्ट सिटी में अपने ऑपरेशंस की शुरुआत की घोषणा की। विदेशी नागरिक जैसे कि फैमिली ऑफिस, सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट और इंस्टीट्यूशनल निवेशक, पेंशन फंड, एंडोमेंट फंड, साथ ही प्रवासी भारतीय (एनआरआई) जैसे इंटरनेशनल निवेशक अब इक्विटी ओरिएंटेड बंधन इंडिया लार्ज एंड मिड-कैप फंड या बंधन इंडिया स्मॉल कैप फंड में निवेश करके भारत की ग्रोथ स्टोरी में शामिल हो सकते हैं। बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय बाजार में लॉन्गटर्म निवेशकों की हिस्सेदारी प्रभावशाली गति से बढ़ी है जिसमें घरेलू निवेशक वेल्थ क्रिएशन और संरक्षण के लिए म्यूचुअल फंड मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। गिफ्ट सिटी में हमारे तीन भारत केंद्रित फंडों के लॉन्च के साथ, इंटरनेशनल निवेशक जो भारत की ग्रोथ स्टोरी से चूक गए थे या किनारे पर थे, अब वे निवेश शुरू कर सकते हैं। या अगर वे हाई ग्रोथ वाले इक्विटी बाजारों में शामिल होना चाहते हैं या भारत में सुरक्षित सरकार समर्थित इक्विटी मार्केट में शामिल होना चाहते हैं। बंधन एएमसी की 25 साल की लंबी विरासत और फंड प्रबंधन में विशेषज्ञता भारतीय बाजार की हमारी गहरी समझ से निवेशकों को फायदा पहुंचाने का प्रयास करती है। वैकल्पिक रूप से सुरक्षित लेकिन हाई क्वालिटी वाले फिक्स्ड इनकम फंड की तलाश करने वाले निवेशक बंधन इंडिया गवर्नमेंट सिक्योरिटीज फंड में निवेश करना चुन सकते हैं। ये फंड उन निवेशकों को भी अवसर प्रदान करते हैं, जो टैक्स एफीशेंट इनवेस्टमेंट रूट की तलाश कर रहे हैं, उन्हें एक अच्छी तरह से स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड वाले फंड में निवेश करने का अवसर मिलता है। बंधन एएमसी के पास बंधन म्यूचुअल फंड के सभी तीन अंडरलाइंग फंडों में एक लंबा और मजबूत प्रदर्शन ट्रैक रिकॉर्ड और एसेट्स अंडर मैनेजमेंट है। बंधन इंडिया लार्ज एंड मिड-कैप फंडक फीडर फंड है जो बंधन कोर इक्विटी फंड में निवेश करेगा, जो बीएमएफ की एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है, जिसे 09 अगस्त, 2005 को लॉन्च किया गया था और 15 अगस्त, 2005 से प्रभावी है। 28 जनवरी, 2023 को मनीष गुनवानी, हेड-एक्विटी, बंधन एएमसी द्वारा प्रबंधित किया जाता है। अंडरलाइंग फंड का उद्देश्य मध्यम अवधि में नाममात्र जीडीपी ग्रोथ से अधिक वाले क्षेत्रों में हाई क्वालिटी ग्रोथ/ क्वालिटी शेयरों में निवेश करना है, जिसमें थेमेटिक/ साइक्लिक्स और वैकल्पिक और मूल्य शेयरों का मिश्रण है। 30 अप्रैल, 2025 तक इसका एयूएम 995 मिलियन अमरीकी डॉलर था। बंधन इंडिया स्मॉल कैप फंडक फीडर फंड है जो बंधन स्मॉल कैप फंड में निवेश करेगा, जो बीएमएफ की एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जिसे 25 फरवरी, 2020 को लॉन्च किया गया था और 28 जनवरी, 2023 से इसे मनीष गुनवानी, हेड-एक्विटी, बंधन एएमसी द्वारा प्रबंधित किया जाता है। अंडरलाइंग फंड लिक्विडिटी और फंडामेंटल रिस्क को कंट्रोल करने के लिए कई अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश करता है।

## टाटा पावर के इकोक्लू ने हासिल की बड़ी उपलब्धि



**लखनऊ।** टाटा पावर की पर्यावरण शिक्षा से जुड़ी अग्रणी पहल, इकोक्लू कार्यक्रम ने 500 स्कूलों के 1.5 लाख छात्रों को इकोक्लू सदस्य के रूप में प्रमाणित कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह आंदोलन ऊर्जा साक्षरता से जुड़े भारत के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक है, जो उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिकों की एक नई पीढ़ी तैयार कर रहा है।

यह कार्यक्रम युवा शिक्षार्थियों को 50,000 मिनट से ज्यादा की संवादपरक शिक्षा के साथ ग्लोबल वार्मिंग, स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में शिक्षा प्रदान करता है, साथ ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीबीवाय) जैसी महत्वपूर्ण सरकारी पहलों के बारे में भी जानकारी देता है। इकोक्लू पहल ने बनारस, लखनऊ, मेरठ, गाजियाबाद और आगरा सहित कई शहरों में अपनी शैक्षणिक पहुंच बनाई है, जिससे जलवायु मुद्दों पर युवाओं की जागरूकता और जुड़ाव पर व्यापक प्रभाव पड़ा है।

टाटा पावर के मशहूर क्लब एनर्जी प्लेटफॉर्म के तहत प्रमुख पहल के रूप में, इकोक्लू भारत के सबसे बड़े स्कूल-आधारित ऊर्जा साक्षरता कार्यक्रमों में से एक है, जिसे इंटरैक्टिव कार्यशालाओं, रचनात्मक गतिविधियों और सहकर्मी जुड़ाव को बढ़ावा देकर पर्यावरण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार पीढ़ी को पोषित करने के लिए तैयार किया गया है, यह कार्यक्रम छात्रों को अपने समुदायों और घरों में जलवायु संबंधी जिम्मेदार पहल के महत्व पर ज़ोर देते हुए, वहनीयता के लिए आजीवन समर्पित रहने के लिए सशक्त बनाता है।

# हयात और मुंबई इंडियंस में साझेदारी वर्ल्ड ऑफ हयात सदस्यों के लिए क्रिकेट और मेहमाननवाजी का खास अनुभव

**नई दिल्ली।** शानदार आतिथ्य और रोमांचक क्रिकेट के मिलन में, हयात ने आज प्रतिष्ठित फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट टीम मुंबई इंडियंस के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह गठजोड़ दो प्रतिष्ठित नामों को साथ लाता है, जो उत्कृष्टता, अनुभव और अपने प्रशंसकों को यादगार पल देने के लिए पहचाने जाते हैं। इस साझेदारी के तहत हयात एक खास डिजिटल कैंपेन शुरू करेगा, जिसमें भारत के क्रिकेट प्रेम और हयात की मेहमाननवाजी का मेल दिखेगा। यह कैंपेन ब्रांड की दृश्यता को बढ़ाएगा और वर्ल्ड ऑफ हयात सदस्यों को टीम से और नज़दीक लाने के लिए विशेष अनुभव भी उपलब्ध कराएगा।

**वर्ल्ड ऑफ हयात सदस्यों के लिए खास मौका**

इस सहयोग का मुख्य आकर्षण वर्ल्ड ऑफ हयात सदस्यों के लिए एक अनूठा अवसर है। कुछ चुनिंदा सदस्य मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों से मिलने का अवसर पाएंगे और उनके साथ एक्सक्लूसिव मर्चेंडाइज़ भी घर ले जा सकेंगे। यह पहल उन प्रशंसकों के लिए एक तोहफा है, जो हयात के प्रति वफादार हैं और क्रिकेट के प्रति जुनून रखते हैं।



हयात इंडिया के एमडी संजय शर्मा ने कहा, हम हयात में हमेशा अपने मेहमानों से गहरा जुड़ाव बनाने और उन्हें यादगार अनुभव देने के रास्ते तलाशते हैं।

## 2025 Aerox 155 वर्जन S नए रंगों और आकर्षक ग्राफिक्स के साथ लॉन्च किया गया



इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने प्रमुख ब्रांड कैंपेन द कॉल ऑफ द ब्लू के तहत 2025 Aerox 155 वर्जन S को नए और आकर्षक रंगों तथा स्टाइलिश ग्राफिकल अपग्रेड के साथ लॉन्च किया है। यह मैक्सी-स्पोर्ट्स स्कूटर अबरेसिंग ब्लूऔरनए आइस फ्लूओ वर्मिलियनरंगों में उपलब्ध है, जो इसके लुक को और भी दमदार बनाते हैं। आधुनिक स्मार्ट की टेक्नोलॉजी से लैस यह स्कूटर आज के शहरी युवाओं की तेज़-तर्रार जीवनशैली के अनुरूप परफॉर्मेंस, स्टाइल और इनोवेशन का बेहतरीन मिश्रण पेश करता है। नए आइस फ्लूओ वर्मिलियनरंग के साथ-साथ, रेसिंग ब्लूवैरिएंट में दिए गए नए ग्राफिक्स इसके स्पोर्टी अपील को और निखारते हैं। वहीं, मेटालिक ब्लैकवैरिएंट स्टैंडर्ड मॉडल के रूप में उपलब्ध रहेगा। 155 सीसी की पूरी रेंज अब OBD-2B मानकों के अनुरूप है और इसके बॉडी व साइड फेयरिंग पर दिख रहे नए डिजाइन यामाहा केरेसिंग डीएनएको दर्शाते हैं। Aerox 155 अपने बोल्ड डिज़ाइन, आकर्षक स्टाइल और विशिष्ट ड्रू सेंटर मोटिफके चलते भीड़ में सबसे अलग नजर आता है।

## रेमेडियम लाइफकेयर राइट्स इश्यू को सकारात्मक प्रतिभावः पहले दो दिनों में 26 प्रतिशत सब्सक्राइब

REMEDIUM LIFECARE

रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड का राइट्स इश्यू कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइल स्टोन है। इस इश्यू को निवेशकों और शेयरधारकों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और दूसरे दिन के अंत तक इसे 26.03 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से, रेमेडियम लाइफकेयर एक तेजी से बढ़ती कंपनी है जो फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के हिस्से के रूप में कच्चे माल के व्यापार और वितरण में विशेषज्ञता रखती है। रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक आदर्श मुंजाल ने कहा कि इस कदम से कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा और महत्वपूर्ण वृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। हमारा ध्यान विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और व्यापक बाजार की सेवा के लिए अनुसंधान और विनिर्माण में आगे बढ़ने पर है। यह दृष्टिकोण हमारी दीर्घकालिक स्थिरता और सफलता सुनिश्चित करेगा।

इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग रणनीतिक रूप से वैश्विक विस्तार पहलों में तेजी लाने, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कंपनी के पदचिह्न को मजबूत करने और कार्यशील पूंजी को मजबूत करने और अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इससे कंपनी की समग्र वित्तीय स्थिति में सुधार होगा।

अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करके और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाकर, रेमेडियम लाइफकेयर का लक्ष्य अपने निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण दीर्घकालिक मूल्य हासिल करना है। इसके अलावा, इसका लक्ष्य खुद को वैश्विक विशेष रसायन और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित करना भी है।

# राजीव गांधी कैंसर संइंस्टिट्यूट & रिसर्च सेंटर, रोहिणी ने 'ओरल कैंसर प्रोटेक्शन के लिए 2 मिनट्स फॉर ओरल कैंसर प्रोटेक्शन ' कैंपेन शुरू की

**नई दिल्ली।** एक समय पर और प्रभावशाली पहल में, राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट और रिसर्च सेंटर रोहिणी, नई दिल्ली ने मर्क स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर हैशटैग #ActAgainstOralCancer के साथ ओरल कैंसर प्रोटेक्शन के लिए 2 मिनट्स फॉर ओरल कैंसर प्रोटेक्शन ' अभियान शुरू किया है।

इस कैंपेन के शुभारंभ के अवसर पर मेडिकल ऑन्कोलॉजी के यूनिट हेड डॉ. रजत साहा ने प्रतिष्ठित पैनल का परिचय कराया, जिसमें डॉ. सुधीर कुमार रावल, मेडिकल डायरेक्टर और जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी के प्रमुख; डॉ. ए.के. दीवान, डायरेक्टर सर्जिकल ऑन्कोलॉजी; डॉ. मुनीश गैरोला, डायरेक्टर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, और डॉ. मुदित अग्रवाल, यूनिट हेड और सीनियर कंसल्टेंट हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी, आरजीसीआईआरसी शामिल थे।

इस राष्ट्रव्यापी प्रयास का उद्देश्य लोगों को मिरर का उपयोग करके सेल्फ चेक करने के लिए प्रोत्साहित कर ओरल कैंसर के मामलों में खतरनाक वृद्धि से निपटना है, जो लगभग सभी के लिए हमेशा उपलब्ध रहता है। संदेश स्पष्ट है महसूस करें, देखें और कार्य करें। क्विक मिरर जांच के माध्यम से प्रारंभिक पहचान समय पर उपचार और छूटे हुए अवसर के बीच अंतर ला सकती है। मिरर को जागरूकता के साधन में बदलकर, विशेषज्ञ व्यक्तियों को केवल दो मिनट में अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बना रहे हैं क्योंकि समय पर कार्रवाई से जान बच सकती है। इस पहल के माध्यम से, अस्पताल जाने वाले मरीज भी इस स्व-जांच को सक्रिय कर सकते हैं, जहां अस्पताल के प्रतीक्षा क्षेत्रों में मिरर रूप से रखे जाएंगे। कैंसर के इलाज पर जोर देते हुए, आरजीसीआईआरसी के जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी के मेडिकल डायरेक्टर और हेड डॉ (प्रो) सुधीर कुमार रावल ने बताया, बिहार और यूपी में कैंसर काफी प्रचलित है, लेकिन पंजाब में यह कम दिखाई देता है।



भारत में हेड & नैक का कैंसर भी आम है। इसलिए, ये सभी लाइफस्टाइल से संबंधित कैंसर हैं, और उनके उपचार, खासकर यदि सर्जरी की आवश्यकता होती है, तो इसमें एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू शामिल होता है, जो कि पुनर्निर्माण है। हम 3डी पुनर्निर्माण और फ्री फ्लैप सर्जरी जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हैं। हमारे पास एक अलग पुनर्निर्माण विभाग है जहां प्लास्टिक सर्जन इन प्रक्रियाओं में विशेषज्ञ हैं। इस कैंसर का उपचार, खासकर जब जल्दी पता चल जाए, तो बहुत अधिक प्रभावी होता है। भारत हेड & नैक कैंसर की दुनिया की राजधानी है। हर साल, लगभग 2 लाख रोगियों में हेड & नैक कैंसर का पता चलता है सिर और गर्दन के कैंसर के बाकी उप-स्थानों को जोड़ने पर, यह संख्या हमारे देश में कुल पुरुष कैंसर के 20-25% से कम नहीं होगी।

## मैरिको एक्सपर्ट डॉ. शिल्पा वोरा से जानिए गर्मियों में यूवी डैमेज से बालों की सुरक्षा कैसे करें



गर्मियों में जैसे हमारी त्वचा को खास देखभाल की जरूरत होती है, वैसे ही बालों का भी ध्यान रखना जरूरी है। तेज धूप और बढ़ती गर्मी से बालों की नमी खत्म हो सकती है, जिससे वे कमजोर होकर टूटने लगते हैं और अपनी चमक खो बैठते हैं। ऐसे में एक ऐसा हेयरकेयर रूटीन जरूरी है, जो बालों को भीतर से पोषण दे और बाहर से सूरज की तेज किरणों से उनकी रक्षा करे। बालों को यूवी किरणों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए नारियल तेल एक बेहतरीन उपाय है, जो बालों की गहराई तक जाकर उन्हें पोषण देता है। मैरिको लिमिटेड की चीफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑफिसर डॉ. शिल्पा वोरा कहती हैं, "बालों को डाइनेस, प्रदूषण और यूवी किरणों से बचाने के लिए, नियमित तेल मालिश बेहद जरूरी है। सही तरह से तेल लगाने की आदत बालों को अंदर से मजबूत बनाती है, जिससे वे तेज धूप और प्रदूषण जैसी मुश्किल परिस्थितियों का सामना बेहतर तरीके से कर पाते हैं। डॉ. वोरा आगे कहती हैं, अगर आप बालों में गहराई से पोषण और हेल्दी चमक चाहते हैं, तो नारियल तेल एक शानदार विकल्प है। यह बालों की जड़ों तक जाकर उन्हें भीतर से मजबूत बनाता है। इसके लिए, पैराशूट एडवांस्ड गोल्ड हेयर ऑयल एक भरोसेमंद विकल्प है, जो स्कैल्प की 10 परतों तक जाकर बालों को पोषण देता है। डॉ. वोरा के अनुसार, नियमित तेल मालिश से बालों को कई फायदे मिलते हैं।

# सर्वे के अनुसार, भारत के छोटे व्यवसायों को विकास और रोजगार में दिख रही है नई उम्मीदें

**नई दिल्ली।** दुनिया की जानीमानी अकाउंटिंग संस्थाओं में से एक, सीपीए ऑस्ट्रेलिया द्वारा किए गए 16वें

CPA AUSTRALIA

एशिया-प्रशांत छोटे व्यवसाय सर्वेक्षण के अनुसार, भारत का छोटा व्यवसाय क्षेत्र एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे गतिशील और आशावादी क्षेत्रों में से एक है। सर्वे के नतीजों से पता चला है कि भारत के 78% छोटे व्यवसायों ने पिछले साल विकास किया, जिससे देश मे महामारी के बाद की मजबूत वापसी दिखाई देती है। प्रफुल्ल छाजेड़, जो सीपीए ऑस्ट्रेलिया के सर्टिफाइड प्रैक्टिसिंग अकाउंटेंट हैं और भारत में 30 से ज्यादा सालों का अकाउंटिंग और फाइनेंस का अनुभव रखते हैं, उन्होंने कहा कि, "यह तेजी एक सक्रिय व्यावसायिक माहौल, इनोवेशन पर जोर देने और तेजी से हो रहे डिजिटल बदलाव की वजह से आई है। व्यवसायों का मनोबल काफी मज़बूत है, क्योंकि 86% लोगों को उम्मीद है कि उनका व्यवसाय इस साल काफी बढ़ेगा। एक और खास बात यह है कि भारत के छोटे व्यवसाय अब निर्यात एक्सपोर्ट पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। जिसके चलते 64% लोगों को उम्मीद है कि इस साल उनकी विदेशों में बिक्री बढ़ेगी, जो बाकी कई देशों से ज्यादा है।

प्रफुल्ल छाजेड ने बताया कि, भारत की माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) देश के बदलते आर्थिक माहौल में भी अच्छा काम कर रहे हैं। उनका आत्मविश्वास, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को अपनाने की इच्छा, साथ ही नए बाजारों को खोजने की सोच उन्हें भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का एक मजबूत आधार बनाती है।

एमएसएमई के बीच जो सकारात्मक सोच दिख रही है, वह देश और विदेश दोनों कारणों से है। देश के अंदर, तकनीकी तरक्की, बेहतर बुनियादी ढांचा जैसे तेज़ इंटरनेट कनेक्टिविटी, और सरकार की एमएसएमई के लिए फाइनेंस और डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देने वाली नीतियों ने छोटे व्यवसायों के विकास के लिए एक अनुकूल माहौल बनाया है।

भारतीय उत्पादों और सेवाओं की दुनिया भर में बढ़ती मांग ने एमएसएमई को और मज़बूत किया है, जिससे कई छोटे व्यवसाय ज़्यादा मुनाफे के लिए निर्यात करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

## बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख़ ख़ान कहते है, जीने के लिए दोस्त, जरूरी है फैंटेसी



**नई दिल्ली।** सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने अपनी नई ब्रांड पहल 'फैंटेसी ज़रूरी है' की शुरुआत की है। इस अभियान के केंद्र में एक प्रेरणादायक हिंदी कविता है, जिसे एक फिल्म के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह कविता फैंटेसी के कई पहलुओं को खूबसूरती से दर्शाती है, फैंटेसी क्या होती है, यह कहाँ बसती है, कैसे सामने आती है और हमारी ज़िंदगी में इसकी क्या अहमियत है। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित गीतकार और पार्श्वगायक स्वानंद किरकिरे द्वारा लिखी गई और बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख़ ख़ान द्वारा सुनाई गई यह कविता श्रोताओं को रोजमर्रा की ज़िंदगी की एकरसता से निकालकर कल्पना की असीम दुनिया में ले जाती है, एक ऐसी यात्रा जो मन को रोमांचित भी करती है और सोचने पर मजबूर भी। अपने ब्रांड संदेश हर दिल की फैंटेसी के अनुरूप, सनफीस्ट डार्क फैंटेसी उन अनगिनत तरीकों का जश्न मनाता है, जिनके माध्यम से लोग कल्पना करते हैं, अपनी दुनिया से बाहर निकलते हैं और खुद को व्यक्त करते हैं, चाहे वह छोटे पलों में हो या बड़े मौकों पर। ट्रैफिक जाम से लेकर अंतरिक्ष की लड़ाइयों तक, ऑफिस की एकरसता से लेकर परीकथाओं जैसे बदलावों तक, यह फिल्म फैंटेसी के अनेक रूपों को दर्शाती है, जो व्यक्तिगत होते हुए भी सभी के दिल से जुड़ते हैं। चाहे कोई बादलों में महलों की रचना कर रहा हो या कॉफी ब्रेक के बीच किसी और दुनिया में खो रहा हो, यह फैंटेसी बताती हमें खूबसूरती से याद दिलाती है कि फैंटेसी हमारे भीतर ही कहीं चुपचाप मौजूद रहती है, बस जागने का इंतज़ार करती है। आईटीसी लिमिटेड के बिस्किट्स और केक क्लस्टर, फूड्स डिवीजन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अली हैरिस शेर ने कहा, फैंटेसी गहरे तौर पर व्यक्तिगत होती है, फिर भी यह सार्वभौमिक रूप से प्रासंगिक है।

# रीजेंसी हेल्थ कानपुर ने उत्तर प्रदेश में पहली बार रोबोटिक ट्यूबल लिगेशन रिवर्सल सर्जरी की

**कानपुर।** रीजेंसी हेल्थ कानपुर ने एक बड़ी मेडिकल उपलब्धि हासिल की है। दरअसल यहां उत्तर प्रदेश में पहली बार रोबोट की मदद से ट्यूबल लिगेशन रिवर्सल (टीएलआर) की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। यह खास सर्जरी रीजेंसी टावर 2 में डॉ. युतिका शर्मा बाजपेई (सीनियर कंसल्टेंट, रिप्रोडक्टिव मेडिसिन) द्वारा की गई। इस सर्जरी में दा विंची सर्जिकल सिस्टम नाम की एडवांस्ड मशीन का इस्तेमाल किया गया। प्रजनन और कम कट वाली (मिनिमली इनवेसिव) सर्जरी के क्षेत्र में यह सर्जरी प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

यह एडवान्सड सर्जरी एक ऐसी महिला पर की गई, जिसकी ट्यूबल लिगेशन से पहले दो बार सी-सेक्शन डिलीवरी (एलएससीएस) हो चुकी थी। दुख की बात यह हुई कि महिला का पहला बच्चा इस दुनिया में नहीं रहा तो इसलिए वह फिर से मां बनना चाहती थी। उसकी पहले की दो पेट की सर्जरी और भविष्य में फिर से सी-सेक्शन की जरूरत को देखते हुए, डॉक्टरों ने रोबोट की मदद से ट्यूबल



लिगेशन रिवर्सल सर्जरी को सबसे सुरक्षित और असरदार तरीका माना और इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

ट्यूबल लिगेशन रिवर्सल सर्जरी आमतौर पर पेट की ओपन सर्जरी (लैपरोटॉमी) के ज़रिए की जाती है, जिसमें माइक्रो-सर्जरी तकनीक का इस्तेमाल होता है। कुछ अस्पतालों में लैप्रोस्कोपिक तरीके से भी यह सर्जरी की जाती है, लेकिन उसमें सूक्ष्म ट्यूबों को जोड़ना काफी मुश्किल होता है, क्योंकि इस्तेमाल होने वाले उपकरण ज्यादा लचीले नहीं होते हैं। लेकिन रीजेंसी हेल्थ के डॉक्टर्स ने जब दा विंची रोबोटिक सिस्टम का इस्तेमाल किया, तो उन्हें ऐसे आधुनिक उपकरण मिले जो आसानी से 7 डिग्री तक घूम सकते थे। इससे सर्जरी बेहद सटीक, नियंत्रित और आसान हो गई।

डा. युतिका शर्मा बाजपेई ने कहा, दा विंची रोबोट की मदद से यह नाजुक सर्जरी माइक्रो-सर्जरी जैसी सटीकता से की जा सकी और मरीज को बहुत कम तकलीफ हुई। यह तरीका किसी भी बेहतरीन सर्जरी स्टैंडर्ड जितना ही अच्छा है, और साथ ही मरीज को जल्दी ठीक होने का फायदा भी मिलता है। मैं सर्जरी के दौरान सहयोग करने के लिए अपने मेंटर्स, साथियों और डॉ. अतुल कपूर व उनकी टीम का दिल से धन्यवाद करती हूं।

दा विंची सर्जिकल सिस्टम दुनिया भर में मान्यता प्राप्त रोबोटिक तकनीक है, जिसका इस्तेमाल कम कट वाली (मिनिमली इनवेसिव) सर्जरी में किया जाता है।


## भारत में अस्थमा अभी भी बहुत सारी गलतफ़हमी की शिकार

**लखनऊ।** जनता का सामना करने वाले सिप्ला के बेरोक ज़िंदगी जैसे अभियान आधे दशक से अधिक समय से चल रहे हैं। टफ़ीज़ के साथ कंपनी की बीथफ़ी पहल ने अकेले FY 24-25 में एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को छुआ है। इनहेलेशन थेरेपी के महत्व और उपलब्ध उपचार की आवश्यकता पर जोर देते हुए, डॉ. अनिल कुमार सिंह, पल्मोनोलॉजिस्ट, लखनऊ ने कहा अस्थमा प्रबंधन का प्राथमिक लक्ष्य लक्षणों को नियंत्रित करना, बचाव वाली दवा पर निर्भरता कम करना, अस्पताल में भर्ती होने से रोकना और फेफड़ों की कार्यक्षमता को बनाए रखना - अंततः जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। इन परिणामों को प्राप्त करने के लिए समय पर निदान, सही इनहेलर का उपयोग और लगातार अनुपालन की आवश्यकता होती है। ग्लोबल इनिशियेटिव फॉर अस्थमा (जीआईएनए) यानी अस्थमा के लिए वैश्विक पहल की थीम सभि के जरिये उपचार को सब के लिए सुलभ बनाना के साथ चिह्नित, इस साल का विश्व अस्थमा दिवस भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आता है। अस्थमा और सांस की अन्य पुरानी बीमारियाँ गैर-संचारी रोग (एनसीडी) से संबंधित मौतों में तीन शिखर की योगदानकर्ताओं में से हैं। यह देश भर में होने वाली सभी मौतों का आधे से अधिक हिस्सा हैं। इसके बावजूद गंभीर अस्थमा के लक्षण वाले लगभग 70% व्यक्तियों की बीमारी का पता नहीं चलता है। 2.5% से भी कम लोग प्रतिदिन अनुशंसित उपचार इनहेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स का उपयोग करते हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए, एक दीर्घकालिक, सहयोगी रुख की आवश्यकता होती है जो जागरूकता, शिक्षा और पहुँच को एकीकृत करता है। इनहेलेशन थेरेपी के महत्व और उपलब्ध उपचार की आवश्यकता पर जोर देते हुए, डॉ. बी पी सिंह, पल्मोनोलॉजिस्ट, लखनऊ ने कहा अस्थमा प्रबंधन का प्राथमिक लक्ष्य लक्षणों को नियंत्रित करना, बचाव वाली दवा पर निर्भरता कम करना, अस्पताल में भर्ती होने से रोकना और फेफड़ों की कार्यक्षमता को बनाए रखना - अंततः जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

# वी एफ एस ग्लोबल ने ब्राज़ील स्थित CiX सिटीजन एक्सपीरियंस में किया हिस्सेदारी का अधिग्रहण

**लखनऊ।** विश्वसनीय प्रौद्योगिकी सेवाओं में वैश्विक नेता और सरकारों और नागरिकों के लिए सुरक्षित वैश्विक गतिशीलता को सशक्त बनाने वाले, वी एफ एस ग्लोबल, ने ब्राज़ील में स्थित डिजिटल और भौतिक नागरिक सेवाओं के अग्रणी प्रदाता छद्मद्ध सिटीजन एक्सपीरियंस में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। यह रणनीतिक अधिग्रहण VFS Global की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है विशेष रूप से लैटिन अमेरिका में क्योंकि यह अपनी क्षमताओं को व्यापक बनाना जारी रखता है और सार्वजनिक सेवा वितरण क्षेत्र में अपने प्रभाव को गहरा करता है।

नागरिक सेवाओं में लगभग दो दशकों के अग्रणी नवाचार के साथ, CiX ने ब्राज़ील में एक मजबूत उपस्थिति स्थापित की है। VFS Global की अंतर्राष्ट्रीय पहुँच और परिचालन उत्कृष्टता का लाभ उठाते हुए, इस कामयाबी को LATAM और अन्य वैश्विक बाज़ारों में और आगे बढ़ाया जाएगा।



यह अधिग्रहण AI और डेटा-संचालित प्लेटफ़ॉर्म सहित उन्नत डिजिटल तकनीकों के माध्यम से परिवर्तन को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। CiX की अत्याधुनिक डिजिटल क्षमताओं को VFS Global के व्यापक वैश्विक बुनियादी ढाँचे और जटिल सेवा पारिस्थितिकी तंत्रों के प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ जोड़कर, हम दुनिया भर के

## पेटीएम का Q4 FY 2025 का राजस्व 1,911 करोड़ रहा

**नई दिल्ली।** पेटीएम का Q4 FY 2025 का राजस्व 1,911 करोड़ रहा। ESOP से पहले EBITDA और PAT में सुधार हुआ और यह क्रमशः 81 करोड़ और (23) करोड़ रहा। मार्जिनल के अनुसार ESOP से पहले EBITDA (UPI प्रोत्साहन को छोड़कर) लाभप्रदता हासिल की। योगदान लाभ बढ़कर 1,071 करोड़ हो गया, जो 12 प्रतिशत QoQ वृद्धि को दर्शाता है, जबकि योगदान मार्जिन में सुधार होकर 56 प्रतिशत हो गया। पेटीएम भुगतान उपकरणों के लिए मर्चेंट सब्सक्राइबर बेस में 8 लाख की वृद्धि हुई, जो मार्च 2025 तक कुल 1.24 करोड़ तक पहुँच गया। मार्च 2025 तक 12,809 करोड़ का मजबूत नकद संतुलन बनाए रखा। भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण कंपनी और मोबाइल भुगतान, क्यूआर कोड और साउंडबॉक्स की अग्रणी पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने Q4FY25 के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है, जिसमें इसके मार्गदर्शन के अनुरूप ESOP लाभप्रदता से पहले EBITDA की रिपोर्ट की गई है। कंपनी स्थायी, लाभदायक विकास के लिए भुगतान और वित्तीय सेवाओं के वितरण पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखती है।

## लोहम फाउंडेशन ने सस्टेनेबिलिटी प्रोग्राम द्वारा लिटिल एंजेल्स स्कूल के बच्चों को परिवर्तन लाने की प्रेरणा दी



**सुल्तानपुर।** लोहम फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबिलिटी एजुकेशन ने उत्तर प्रदेश में सस्टेनेबिलिटी की शिक्षा का प्रसार करने के लिए आज लिटिल एंजेल्स स्कूल, सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश में एक कार्यशाला का आयोजन किया। सस्टेनेबिलिटी की शिक्षा बढ़ाने का यह राज्यव्यापी अभियान पूर्वी उत्तर प्रदेश से शुरू किया गया है। लोहम भारत में महत्वपूर्ण सस्टेनेबल सामग्री का सबसे बड़ा उत्पादक है।

लोहम फाउंडेशन का उद्देश्य सस्टेनेबिलिटी की शिक्षा को हर पृष्ठभूमि के बच्चों के लिए सुलभ, रोचक और मनोरंजक बनाना है। यह अभियान उत्तर प्रदेश सरकार के प्रगतिशील लक्ष्य के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत पर्यावरण की जागरुकता और हरित अभियानों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल हुई है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के मामले में उत्तर प्रदेश का हिस्सा 19% है। उत्तर प्रदेश के स्कूलों में पर्यावरण की शिक्षा को अनिवार्य कर दिया गया है। लोहम फाउंडेशन को अपने शैक्षणिक अभियानों द्वारा इस पहल में सहयोग देने और इसका विस्तार करने पर गर्व है। लोहम के संस्थापक व सीईओ, रजत वर्मा ने कहा, "लोहम फाउंडेशन में हमारा मानना है कि बच्चों को सस्टेनेबिलिटी की शिक्षा प्रदान करना, एक बेहतर भविष्य के निर्माण और इनोवेटर्स एवं लीडर्स की अगली पीढ़ी का विकास करने के सबसे प्रभावशाली तरीकों में से एक है।

# कुशीनगर मेडिकल कालेज समेत प्रदेश के पांच कॉलेजों पर लगा 50 हजार का जुर्माना

## घोषणा पत्र और शुल्क जमा न करने पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने लगाया है जुर्माना

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने वार्षिक घोषणा पत्र जमा नही किए जाने के कारण जनपद के मेडिकल कालेज पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। हालांकि मेडिकल कालेज के प्राचार्य का कहना है कि घोषणा पत्र जमा किया गया है जो उनके यहां वेबसाइट पर शो नही कर रहा है, पत्राचार किया गया है। यहां बताना जरूरी है कि एनएमसी ने प्रदेश के पांच मेडिकल कालेजों पर जुर्माना लगाया है। इसमें कुशीनगर का मेडिकल कालेज भी शामिल है। 9 मई तक शुल्क सहित घोषणा पत्र और जुर्माना की राशि जमा नही की जाती है तो इन मेडिकल

**9 मई तक घोषणा पत्र के साथ शुल्क और जुर्माना की राशि करना होगा जमा**

कालेज को वर्ष 2025-26 की एमबीबीएस के सीटो की मान्यता नही मिलेगी। बता दें कि मेडिकल कॉलेजों की ओर से जमा किए जाने वाले वार्षिक घोषणा पत्र में एमबीबीएस की सीटों के आधार पर कॉलेज में आधारभूत सुविधाओं, संकाय सदस्यों की संख्या, लैब आदि का ब्योरा देना होता है। इसके आधार पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की टीम मौका-ए- मुआयना करने के बाद संबंधित कॉलेज की एमबीबीएस की सीटों को मान्यता देती है। एनएमसी की ओर से जारी नोटिस में बताया गया है कि देश के 15 मेडिकल कॉलेजों में से सर्वाधिक उत्तर प्रदेश के पांच कॉलेजों ने वार्षिक घोषणा पत्र नहीं सौंपा है। **बोले कुशीनगर मेडिकल कालेज के प्राचार्य-** स्वशासी राज्य मेडिकल कालेज कुशीनगर के प्राचार्य डॉ. एके शाही से मेडिकल कालेज के जुर्माना के संबंध में बातचीत की गई तो उन्होने कहा कि जुर्माना लगा है लेकिन यहां से घोषणा पत्र और शुल्क जमा कर दिया गया है जो उनके यहां वेबसाइट व कम्प्यूटर पर शो नही कर रहा है इसके लिए पत्राचार किया जा रहा है।

### इन मेडिकल कालेजों पर लगा है जुर्माना

शुल्क सहित घोषणा पत्र नही जमा करने के कारण राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने सूबे के जिन मेडिकल कालेजों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। उसमे सौ सीटो वाला स्वशासी राज्य मेडिकल कालेज कुशीनगर, सौ सीटो वाला इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस वाराणसी, महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज झांसी (100 सीट) एमबीबीएस के दो सौ सीट वाला मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराज, सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज हापुड़ (250 सीट) शामिल है। एनएमसी ने अपने नोटिस मे इन सभी मेडिकल कालेजों को स्पष्ट चेतावनी दिया है कि 9 मई तक घोषणा पत्र के साथ 3 लाख 54 हजार रुपए शुल्क और जुर्माना राशि जमा नही किया गया तो वर्ष 2025-26 की एमबीबीएस सीटो की मान्यता नही मिलेगी।

## किसानों को सभी योजनाओं का लाभ समय से दिलाएं अधिकारी : डीएम

**अमेठी।** जिले में विभिन्न विभागों की विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को कलेक्ट्रेट में डी एम की बैठकों का क्रम जारी है। मंगलवार को डी एम ने कृषि, पशुपालन,उद्यान और मत्स्य विभाग की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। डी एम ने कहा कि किसानों के हितार्थ चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ किसानों को समय से मिलना चाहिए। सभी अधिकारी लाभार्थी परक योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। बैठक में डीएम संजय चौहान व सीडीओ सूरज पटेल ने विभागवार योजनाओं की गहन समीक्षा किया एवं प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितार्थ चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ किसान भाइयों को समय से मिले यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए पात्रों को लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में डीएम ने कहा कि किसानों की फसल की उपज के सापेक्ष विक्रय हेतु मार्केट की भी सुविधा उपलब्ध कराएं।

## मुस्लिम समाज के बीच डैमेज कंट्रोल को भाजपा ने किया अल्पसंख्यक संवाद सभा का आयोजन

### वक्फ बोर्ड कानून से मुस्लिम समाज का कोई नुकसान नहीं : हाजी अनवार अंसारी

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद मुस्लिम समाज के बीच डैमेज कंट्रोल को भाजपा ने मुस्लिम समाज के बीच जनजागरण अभियान शुरू किया है। मंगलवार को सिधियांवा में अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से कार्यक्रम आयोजित करके बिल के प्राविधानों के बारे में मुस्लिम समाज को जागरूक किया गया।

अल्पसंख्यक संवाद सभा के नाम से आयोजित कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी अनवार अंसारी ने कहा कि वक्फ बोर्ड कानून से मुस्लिम समाज का कोई नुक्सान नहीं है। यह कानून मुस्लिमों को बेघर करने, मदरसों और कब्रिस्तानों को हटाने के लिए नहीं है। इस कानून से वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों पर अवैध कब्जे हटेंगे। सम्पत्तियों का उपयोग होने पर वाजिब किराया भी मिलेगा। जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने कहा कि 2013में वक्फ बोर्ड अधिनियम पास करने वाली कांग्रेस ने सच्चर कमेटी के रिपोर्ट को लागू नहीं किया। वक्फ बोर्ड की जमीन का किराया 120 करोड़ रु है,यह किराया 12000 करोड़ रु होना चाहिए। विधायक सुरेश पासी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम कर रही है। वक्फ बोर्ड बिल गरीब मुसलमानों के कल्याण के लिए पारित किया गया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष तौसीफ खान, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्र, जिला मंत्री प्रभात शुक्ल, इकबाल हैदर,फैजान वारिस, मौलाना सईद, नफीस, खालिद, भाजपा जिला प्रवक्ता चंद्र मौलि सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## थाना चंदापुर में हर पीड़ित व्यक्ति को दिलाया जाएगा न्याय

**महराजगंज, रायबरेली।** जनप्रतिनिधि व आम जनमानस के सहयोग से ही लोगों को न्याय मिल पाता है। ऐसे में सभी के सहयोग की जरूरत है और आने वाले हर पीड़ित व्यक्ति को नवसृजित थाना चंदापुर में त्वरित न्याय दिलाया जाएगा यह उद्गार आज नवसृजित थाना चंदापुर में औपचारिक निरीक्षण के दौरान उपस्थित कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों व जनमानस को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा व्यक्त कर रहे थे। बताते चले की शासन व सरकार की मंशा के अनुरूप महराजगंज क्षेत्र के 23 गांवों को काटकर एक नया थाना चंदापुर बनाया गया है। जिसको सरकार ने अमलीय जामा पहनाते हुए सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए सभी कर्मचारियों की तैनाती करते हुए नए थाने के कार्यकाल का शुभारंभ किया जा चुका है। उसी के परिपेक्ष में आज दिन मंगलवार को शाम 5 बजे औपचारिक निरीक्षण करने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों से जनसंवाद कर कुशल क्षेम पूछा और आस्वस्त करते हुए कहा कि आप सभी लोग क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार व थाना प्रभारी चंदापुर प्रशांत द्विवेदी का प्राइवेट नंबर लेलें यदि किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो आप सभी लोग दूरभाष पर तुरंत सूचित करें।

## डीएम ने सड़क का किया निरीक्षण



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अमृत योजना के अंतर्गत आईटीआई से बालापुर तक बनाई जा रही सड़क का निरीक्षण कर निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सड़क की मरम्मत का कार्य होता हुआ पाया गया, अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) देवेन्द्र कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क की कुल लम्बाई 1400 मी0 है, जिसमें से लगभग 200 मीटर सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है, शेष कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुवे कहा कि 15 तारीख तक शेष बचे हुवे कार्य को गुणवत्तापूर्ण, मानक के अनुरूप, समयबद्ध पूर्ण कराया जाए।

## डीएम ने बछरावां रेलवे ओवर ब्रिज का किया निरीक्षण

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने स्टेट हाईवे के बछरावां रेलवे ओवर ब्रिज के मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह ने अवगत कराया की कार्य प्रगति पर है शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शेष बचे हुए कार्य को 15 मई तक गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण पर कराया जाए, जिससे जन सामान्य को उसका लाभ मिल सके और यातायात सुगम बन सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी महाराजगंज सचिन यादव सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



## बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर ही दर्दनाक मौत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र में फोरलेन स्थित काजीपुर चौराहे पर मंगलवार सुबह ट्रक ने बाइक सवार को रौंद डाला। शव के टुकड़े हो गए।

**फोरलेन स्थित काजीपुर चौराहे पर हुआ हादसा**



ट्रक को कब्जे में लेती पुलिस

पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक चालक गाड़ी छोड़ कर मौके से फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार फोरलेन स्थित काजीपुर चौराहे पर मंगलवार की सुबह बाइक सवार फाजिलनगर की ओर कुछ सामान लेकर जा रहा था। सामने से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर उसकी शिनाख्त तीर्थ सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी सरदारपुर बुजुर्ग कानपुर देहात उम्र (40) वर्ष के रूप में की है। बताया जा रहा है कि मृतक फेरी वाला था और तमकुही की तरफ से फाजिलनगर की तरफ जा रहा था। हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। फाजिलनगर चौकी इंचार्ज मनोज वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ट्रक पुलिस के कब्जे में है।

**अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत-** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे सलेमगढ़ चौराहे पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से शादी के निमंत्रण से घर वापस आ रहे एक 48 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की देर रात बहादुरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी शर्मा नंद शर्मा उर्फ गुली शर्मा पुत्र पारस शर्मा जो शादी के निमंत्रण से वापस अपने घर आ रहे थे कि राष्ट्रीय राज मार्ग 27 सलेमगढ़ चौराहे पर अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गई, और शव पूरी तरह से बिखर गई।

मृतक लोहार का कार्य करता था और गरीब परिवार का सदस्य था। उसका एक लड़का और एक पुत्री है। घटना की जानकारी लोगों को जैसे ही पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिखरे शव को इकट्ठा कर शिनाख्त में जुट गई।

## कसया में अवैध रूप से संचालित सूर्या गेस्ट हाउस सील, हड़कंप




सूर्या गेस्ट हाउस का आवश्यक कागजात जांच करती पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र में संचालित सूर्या गेस्ट हाउस पर मंगलवार को पुलिस ने छापेमारी कर अनियमितताओं के आधार पर कड़ी कार्रवाई की है। मौके पर आवश्यक कागजात न मिलने पर सीज कर दिया गया। इस कार्रवाई से अवैध रूप से चला रहे रेस्टोरेंट संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, सूर्या गेस्ट हाउस संचालक द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए बिना किसी वैध आईडी व रजिस्टर एंट्री के एक जोड़े को कमरा मुहैया कराया गया था। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी गौरव शुक्ला ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर गेस्ट हाउस की जांच की। सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई तब की गई जब एक युवक ने शिकायत की कि उसकी बहन एक अज्ञात लड़के के साथ सूर्या होटल में गई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल होटल पर छापा मारा। जांच के दौरान यह सामने आया कि होटल प्रबंधन द्वारा किसी भी आगंतुक की पहचान दर्ज नहीं की जा रही थी और नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा था। पुलिस ने गेस्ट हाउस संचालक के विरुद्ध एलिगेशन नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज की है और मामले की आगे की जांच की जा रही है। कसया पुलिस द्वारा की गई इस तत्पर कार्रवाई को लेकर आमजन में सुरक्षा और निगरानी को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। पुलिस ने होटल एवं लॉज संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि वे हर आगंतुक का सत्यापन कर ही रूम आवंटित करें, अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आशनाई में युवक की हत्या मामले में शामिल दो गिरफ्तार



### चचेरे जीजा की शादीशुदा महिला से मुन्ना का था प्रेम संबंध

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** रविंद्र नगर धुस थाना क्षेत्र के पटखौली गांव में रिश्तेदारी में आए एक 27 वर्षीय युवक की आशनाई के चक्कर में हुई हत्या के मुख्य आरोपी समेत पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस हत्याकांड में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

बता दें कि मृतक मुन्ना पुत्र श्रवण (27) का चचेरे जीजा की शादीशुदा बहन से प्रेम संबंध था। मुन्ना रविवार की रात उक्त महिला के साथ पटखौली गांव के पोखरे के पास आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया था जिससे नाराज महिला के पति ने डंडे से सिर पर प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस उक्त प्रकरण में सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई थी।

मंगलवार को पुलिस मुख्य आरोपी महिला के पति नथुनी उर्फ चईती पुत्र नन्दलाल निवासी बलूचहां व सागर कुमार पुत्र संजय निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल बांस का डंडा बरामद कर जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि मृतक मुन्ना अभी हाल ही में बाहर से कमाकर आया था। गिरफ्तार करने वाली टीम ने थानाध्यक्ष शरद कुमार भारती थाना रविन्द्र नगर धूस व उनकी टीम शामिल रही।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत ससुरालियों पर हत्या का लगा आरोप

### पति समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस



महिला के मौत पर रोते बिलखते परिजन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र के चंद्रपुर मलगहा निवासी कुंदन गुप्ता की 35 वर्षीय पत्नी सुंदरी देवी की संदिग्ध हालत में मंगलवार को मौत हो गई। महिला के गले पर गहरे जख्म का निशान था, पास में खून से सना एक धारदार हथियार भी मिला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार रामकोला थाना क्षेत्र के उक्त गांव निवासी सुंदरी देवी पत्नी कुंदन गुप्ता (35) की सुबह संदिग्ध हालत में लाश मिली। मौके पर धारदार हथियार मिला। घर वालों ने पुलिस को इसी हथियार पर गिरकर मौत होने की जानकारी दी। इसी बीच मायके वालों ने पुलिस के सामने हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध पुलिस क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। घटना स्थल पर फॉरेन्सिक टीम व स्थानीय पुलिस मौजूद है। प्रकरण में सभी तथ्यों की गहनता से जांच कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस पति समय चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## एक राष्ट्र एक चुनाव से राष्ट्रीय एकता और अखंडता मजबूत होगी : सभाकुंवर कुशवाहा

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी।** भाटपार रानी उपनगर स्थित मदन मोहन मालवीय पी जी कॉलेज में एक राष्ट्र एक चुनाव प्रबुद्ध समागम का आयोजन मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र गौड़ की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक वंदे मातरम गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा ने कहा कि बार-बार चुनाव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है। एक साथ चुनाव से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी सुरक्षा बलों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग व राजनीतिक दलों को बार-बार चुनाव प्रचार के लिए भारी धनराशि खर्च करनी पड़ती है। एक साथ चुनाव होने से चुनावी खर्च में कटौती होगी। एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है जो भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत पारदर्शी और कुशल बन सकता है इससे न केवल सरकार के कार्यों में निरंतरता आएगी बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी मजबूत होगी। पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कंडेय शाही ने कहा कि एक साथ चुनाव से मतदाताओं में अधिक जागरूकता और उत्साह पैदा होगा जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और लोकतंत्र को सशक्त किया जा सकेगा। प्रधानाचार्य डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि बार-बार लगने वाले आचार संहिता के कारण देश में विकास परियोजनाएं रुक जाती हैं। एक साथ चुनाव होने से यह बाधा दूर होगी और सरकार विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित सकेगी।प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने कहा कि एक साथ चुनाव राजनीतिक अस्थिरता को कम करने में मदद करेगा जिससे राष्ट्र निर्माण में स्थिरता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा। अतिथियों का स्वागत जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे के द्वारा किया गया।

## बुद्धिवादी लेखक चुन्नीलाल धम्मसेवक की मनी पुण्यतिथि

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को निर्वाण समाज कर्मी और बुद्धिवादी लेखक/ चिंतक चुन्नीलाल धम्मसेवक की नौंवी पुण्य तिथि मनाई गई। परिवार और समाज के लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कमासिन में धम्मसेवक परिवार की ओर त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के बाद निर्वाण प्राप्त चुन्नीलाल धम्मसेवक की समाजसेवाओं का स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक के रूप में गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों को शिक्षित करने के साथ धम्मसेवक जी आजीवन बामसेफ, अम्बेडकर कल्याण समिति, अम्बेडकर सेवा समिति, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति संघ और भारतीय बौद्ध महासभा जैसे सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे। उनकी पुस्तक सुखी परिवार, सुखी संसार खासी चर्चा में रही। बौद्ध गीत माला महिलाओं के बीच लोकप्रिय है।डा सुनील दत्त ने बताया कि धम्मसेवक जी ने समाज के अगुआ के रूप में काम किया और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की शिक्षाओं और बौद्ध धम्म के प्रचार प्रसार में जीवन पर्यन्त योगदान किया।



## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी : तीन अभियुक्त चोरी के माल के साथ गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविन्द कुमार वर्मा व क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय कुमार रेड्डी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 05.05.2025 को मुखबिर की सूचना पर चीनी मिल ग्राउण्ड से 02 अभियुक्तों क्रमशः 1. किशन चौहान पुत्र बिन्देश्वरी चौहान निवासी काशीराम आवास पूरवा थाना कोतवाली जनपद देवरिया 2. संदीप मद्धेशिया पुत्र बबलू गुप्ता सा0 हनुमान मंदिर सीसी रोड थाना कोतवाली जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 01 अदद पिस्टल 32 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर मय मैंगजीन, 41,800/- रूपया नगद तथा 01 अदद एण्ड्रॉयड फोन एवं 02 अदद की-पैड फोन बरामद किया गया। अभियुक्तगणों से पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि चोरी किए गए माल को स्वर्ण व्यवसायी राज वर्मा पुत्र बबलू वर्मा निवासी सीसी रोड थाना कोतवाली जनपद देवरिया को बेचकर नगद पैसा प्राप्त कर लिया जाता था। अभियुक्तगण की निशानदेही पर राज वर्मा पुत्र बब्लू वर्मा को उनके घर सीसी रोड देवरिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राज वर्मा से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि अभियुक्तगण किशन चौहान व संदीप मद्धेशिया उपरोक्त द्वारा आभूषण चोरी करके उनको बेच दिया जाता था, जिसे राज वर्मा द्वारा गलाकर परिवर्तित कर दिया जाता था । अभियुक्त राज वर्मा के पास से सफेद धातु के 05 टुकड़े जिनका कुल वजन 01 किलो 22 ग्राम एवं 05 अदद पीले धातु के टुकड़े जिनका कुल वजन 20 ग्राम 13 मि0ग्रा0 है। अभियुक्तों के पास से बरामद उक्त माल का मिलान करते पर ज्ञात हुआ कि उक्त बरामद माल थाना कोतवाली जनपद देवरिया बीएनएस से संबंधित है, जिसको कब्जे में लिया गया। इस प्रकार थाना कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त पाँचों अभियोगों का सफल अनावरण किया गया।

## अपना दल एस के जिलाध्यक्ष ने दिया त्यागपत्र

### श्रेय लेने की होड़ में सोनेलाल की नीतियों से भटक गई है पार्टी

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** अपना दल एस के जिलाध्यक्ष रविकर पटेल ने पार्टी संगठन की नीतियों से असंतुष्ट होकर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। प्रदेश अध्यक्ष को भेजे गए इस्तीफे में उन्होंने कार्यकर्ताओं का अपमान करने का आरोप लगाए। कहा कि पार्टी अपनी नीतियों से भटक गई है। संगठन में अब निष्ठावान कार्यकर्ताओं का कोई सम्मान नहीं रहा। श्रेय लेने की होड़ में शोषण किया जा रहा है। अपना दल एस के तत्कालीन जिलाध्यक्ष संजय सिंह का कार्यकाल पूरा होने के बाद 16 जून, 2023 को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने रविकर पटेल को अपना जिलाध्यक्ष बनाया था।

जिम्मेदारी मिलने के बाद रविकर पटेल ने जिला कार्यकारिणी का गठन कर पार्टी के कार्यों को जिले में मजबूती से आगे बढ़ाते हुए गांव- गांव तक संगठन को नए रूप में खड़ा किया। जिले में अनुप्रिया पटेल का सफल आयोजन भी कराया। पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं की नीतियों से असंतुष्ट और आहट होकर 3 मई को उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल के वाट्सएप पर अपना दल एस के जिलाध्यक्ष पद से त्यागपत्र लिखकर भेज दिया। इस आशय की जानकारी उन्होंने कार्यालय सचिव अतुल पटेल को भी दिया। प्रदेश अध्यक्ष को सौंपे इस्तीफे में उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी डाक्टर सोनेलाल पटेल के पदचिन्हों और उद्देश्यों से भटक गई है। निष्ठावान कार्यकर्ताओं का श्रेय लेने के नाम पर शोषण किया जा रहा है। संगठन की मजबूती पर किसी का ध्यान ही नहीं रहा।

बहन अनुप्रिया पटेल तक कार्यकर्ताओं व छोटे नेताओं की पीड़ा पहुंचने ही नहीं दी जा रही। ऐसे में कार्य करना मुश्किल हो रहा है। पार्टी नेता कौशल सिंह को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। उधर, जिलाध्यक्ष के अचानक त्यागपत्र देने की जानकारी होते ही जिला संगठन में हड़कंप मच गया।

# सांसद आनंद के पिता, पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गौड़ पर हमला





## रास्ते में खड़ी बाइक को लेकर उत्पन्न हुआ था विवाद

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद के थाना मोतीपुर क्षेत्रांन्तर्गत ग्राम मटेही कला में रामसरोज पाठक के घर जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम था जिसमें बहराइच लोक सभा के पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड भी अतिथि की रूप में सम्मिलित होने गए थे तभी एक विशेष वर्ग के लोगों द्वारा पूर्व सांसद पर हमला करने की बात सामने आई हमले के दौरान स्थानीय लोगों ने सांसद को घर में छिपा दिया लेकिन उनके सुरक्षा कर्मियों और वाहन चालक को चोट लगने की बात सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दर्जनों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इसकी जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा किये गये विवाद के सम्बन्ध में वादी रामसरोज पाठक की तरफ से लिखित तहरीर थाना मोतीपुर में दी गयी जिसके आधार पर स्थानीय पुलिस द्वारा समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचना क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा द्वारा प्रारम्भ की गयी। विवेचना के क्रम में उक्त घटना में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि रास्ते में खड़ी एक मोटरसाइकिल को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। वादी द्वारा दी गयी तहरीर में लगाये गये आरोपों के सम्बन्ध में निष्पक्ष विवेचनात्मक कार्यवाही क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा द्वारा की जा रही है तथा सम्बन्धित अभियुक्तों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है वर्तमान में किसी प्रकार की विवाद की स्थित नहीं है तथा मौके पर शान्ति एवं व्यवस्था कायम है।इसके अलावा जनपद में आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है कोई इसे मदरसों पर हुई कारवाही की नाराजगी तो कोई इसे राजनीतिक लाभ के साथ साथ अनेकों चर्चाएं की जा रही हैं। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी राम नयन सिंह के निर्देशन में बहराइच पुलिस लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी एसएसबी के साथ भ्रमणशील दिखाई दे रही हैं।

### हिंदू मुस्लिम ध्रुवीकरण करने के उद्देश्य से रचा गया प्रकरण

■ प्रश्न पूछने गए लोगों को पहले तो खदेड़ा फिर लिखवा दिया मुकदमा

**बहराइच।** जनपद के थाना मोतीपुर स्थित मटेही कलां ग्राम में बहराइच लोकसभा के पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किए गए कथित जानलेवा हमले के विषय में जिला कांग्रेस कमेटी बहराइच ने आज एक प्रेस वार्ता का आयोजन कांग्रेस भवन के सभागार में किया। इस दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा के पूर्व सांसद ने हिंदू मुस्लिम ध्रुवीकरण करने के उद्देश्य से उक्त प्रकरण को रचा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय लोगों से बातचीत के अनुसार मांगलिक कार्यक्रम में जाते समय पूर्व सांसद के काफिले के समक्ष एक बाइक आ गई थी,कार चालक द्वारा काफी देर तक लगातार हॉर्न बजाए जाने के कारण शाहिद नाम के एक युवक ने सहायता करने के उद्देश्य से बाइक हटानी चाही तो पूर्व सांसद के गनर और कार चालक ने मिलकर शाहिद की पिटाई कर दी।तत्पश्चात पूर्व सांसद का काफिला उक्त मांगलिक कार्यक्रम में रामसरोज पाठक के घर की ओर रवाना हो गया। उस कार्यक्रम में पीड़ित शाहिद के परिवार सहित गांव के लोग पूर्व सांसद से यह प्रश्न पूछने गए कि आपके कर्मचारियों ने शाहिद को अकारण क्यों पीट दिया उत्तर देने के स्थान पर प्रश्न पूछने वाले ग्रामीणों को न केवल वहां से खदेड़ दिया गया अपितु गंभीर धाराओं में मुकदमे भी दर्ज करवा दिए गए।जिसकी कांग्रेसी निंदा करते हैं हम इस प्रेस वार्ता के माध्यम से उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करते हैं। इस दौरान हमजा शफीक, शेख़ जकारिया शेखू,धर्मेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# ईको और बाइक में हुई जोरदार टक्कर में छह यात्रियों की मौत

■ बाइक पर सवार एक ही मोहल्ले के चार युवकों की दुर्घटना में मौत से कोहराम

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** इको कार की टक्कर से सड़क दुर्घटना में नगर के एक ही मोहल्ले के चार युवकों की अकस्मात मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मोहल्ले में चीख पुकार का मातमी माहौल ने सुनने देखने बालों का दिल दहला दिया। एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर चारों युवक शादी में शामिल होने के लिए मदनपुर जा रहे थे। जलालाबाद स्टेट हाइवे स्थित गांव बरखेड़ा जयपाल के पास पेट्रोल पंप के निकट ईको गाड़ी से मोटरसाइकिल की भिड़ंत होने के बाद मौके पर ही मोटरसाइकिल में आग लग गई और इस भीषण दुर्घटना में मोटर साइकिल पर चारों उनको की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। भीषड़ दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मदनापुर पुलिस ने छानवीन के बाद शव पोस्टमार्टम के जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतकों के पास से मिले कागजातों के आधार पर तिलहर कोतवाली पुलिस ने मो0 नजरपुर पहुंचकर परिवारों से संपर्क किया और पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त कर उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी जिसके बाद हर घर में चीख पुकार मच गई। घटना के बाद नजरपुर मोहल्ले की गलियों में सन्नाटा पसरा गया। इस भीषण सड़क दुर्घटना में मौत का ग्रास बने तिलहर के मोहल्ला नजरपुर के 18 वर्षीय आकाश पुत्र राजू, 19 वर्षीय दिनेश पुत्र भीमसेन, 18 वर्षीय अभिषेक पुत्र मेवाराम तथा 17 वर्षीय रवि पुत्र सूरजपाल शामिल हैं।रवि अपने पिता सूरजपाल की मोटरसाइकिल लेकर तीनों दोस्तों के साथ मदनापुर क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था अपने तीनों मित्रो के साथ एक ही मोटरसाइकिल पर साथ ही ईको पर बैठे सोनू पुत्र पुतु लाल निवासी ग्राम करनपुर कला थाना फरीदपुर जिला बरेली वा सुधीर पुत्र ओंकार उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम करणपुर कला थाना फरीदपुर जिला बरेली की मौत हो गई पुलिस ने सभी का पोस्टमार्टम कराकर आगे की कार्यबाही कर रही है।

# नियमों से बेरुखी बर्दाश्त नहीं: प्राचार्य



■ डॉ सलिल श्रीवास्तव ने मेडिकल कालेज के मरीजों से की मुलाकात

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** नियमों के अनुपालन और कर्तव्यों के निर्वाचन के पर्याय बन चुके जनपद के एकमात्र चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव एक बार फिर जनता के समस्याओं को देख कड़ा रुख अपनाया है। जनपद के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल परिसर में आज फिर से प्राचार्य के प्रशासनिक कौशल का नमूना देखने को मिला। अस्पताल में दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर शैक्षणिक परिसर में जाते हुए अचानक प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव की निगाहें पंजीकरण खिड़की पर लगी भीड़ पर पड़ी, तो देखते ही प्राचार्य ने अपने वाहन को रोक तत्काल ही सुरक्षा कर्मियों को बुला कर फटकार लगाई व कहा कि किसी भी दशा में सक्रियता और मुश्तैदी का त्याग बर्दाश्त नही किया जाएगा। खिड़की तक पंक्ति में ही पहुचें तीमारदार , सभी के परस्पर सहयोग से व्यवस्था को सुगम बनाने में सहायता मिलती है। प्राचार्य ने पंजीकरण खिड़की के बाद दावा वितरण कक्ष का रुख किया तो कर्मचारियों ने दावा वितरण प्रणाली और मौके पर उपलब्ध दवाओं से अवगत करवाया ,प्राचार्य ने मरीजों से उनका हाल चाल पूछा व दावा की उपलब्धता के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही साथ प्राचार्य द्वारा सर्जरी विभाग, अस्ति रोग व नाक कान गला विभाग की ओ0पी0डी0 में पहुंच कर उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को अवश्य निर्देश दिए। प्राचार्य द्वारा प्लास्टर कक्ष में कर्मचारियों को साफ सफाई व क्रमवार मरीजों के कक्ष में प्रवेश के निर्देश दिए। प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव के भ्रमण के दौरान सभी पटल सक्रिय व अपने अपने नियत स्थान पर मुस्तैद मिले। मरीजों एवं उनके तीमारदारों में प्राचार्य की सहज उपलब्धता को देख हर्ष उत्पन्न हुआ व कई मरीज़ों ने प्राचार्य की सक्रियता पर आभार जताया। प्राचार्य के अचानक पहुँचने से माहौल में हलचल दिखाई दी। प्राचार्य ने कर्मचारियों को बावर्दी दुरुस्त रहने व समय से नियत स्थान पर पहुचने की हिदायत दी।

# बढ़ते तापमान और बदलते मौसम से बढ़ रहीं बीमारियां और कुपोषण की समस्या

■ पाँच दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया समाधान

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जनपद में रेडआर इंडिया, मिशन समृद्धि, डॉ. रेड्डीज़ फाउंडेशन और यूनिसेफ के सहयोग से शहर के एक स्थानीय होटल में पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की तैयारी को मजबूत करना है।

इस कार्यशाला में स्वास्थ्य और पोषण पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों तथा उनसे निपटने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस सत्र का संचालन विषय विशेषज्ञ डॉ. बलराम जादव और दीपक मलिक ने किया। उन्होंने बताया कि बढ़ता तापमान, जल संकट, बाढ़ जैसी मौसमीय घटनाएं और बदलते मानसून सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। इससे डायरिया, डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों में वृद्धि हो रही है। वहीं, खेती पर असर पड़ने से खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है, जिससे बच्चों और महिलाओं में कुपोषण की समस्या गंभीर होती जा रही है।

सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्राकृतिक समाधान आधारित रणनीतियों की जानकारी दी गई, जैसे जल संरक्षण, हरियाली बढ़ाना और स्थानीय जलवायु-अनुकूल आहार को बढ़ावा देना। साथ ही, यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय और राज्य जलवायु अनुकूलन योजनाओं को विभागीय कामकाज से कैसे जोड़ा जा सकता है।उल्लेखनीय है कि इस पाँच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को एसीएमओ डॉ संतोष राना व जिला स्वास्थ्य,शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने किया। कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन की मूल अवधारणाओं से परिचित कराया गया था। प्रशिक्षकों ने बताया कि किस प्रकार वैश्विक तापमान में वृद्धि, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन, और पारिस्थितिक असंतुलन जैसे कारक जलवायु परिवर्तन को जन्म देते हैं। इसके साथ ही, जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य क्षेत्र पर इन परिवर्तनों के प्रभावों की विस्तार से चर्चा की गई। उदाहरणस्वरूप, पीने के पानी की उपलब्धता में कमी, जलस्रोतों का प्रदूषण, और मौसम जनित बीमारियों के बढ़ते खतरे जैसे मुद्दे सामने लाए गए।

मिशन समृद्धि के नीलाद्रि ने बताया कि आगामी तीन दिनों के दौरान कार्यशाला में शिक्षा, कृषि और आजीविका जैसे क्षेत्रों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और उससे जुड़ी जोखिम प्रबंधन रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, योजना निर्माता और स्वयं सेवी संस्थाएं भाग ले रही हैं। आयोजन का उद्देश्य है कि सभी विभाग मिलकर जलवायु संकट के प्रति तैयार रहें और अपनी विकास योजनाओं में जलवायु अनुकूलन को एकीकृत करें।

## दो वांछित पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध थाना सिरसागंज में 1 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधाकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.स. 237/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वाँछित 02 अभियुक्तों बाबूराम पुत्र स्व. लल्लू व अभियुक्ता गीता पत्नी स्व. रवि निवासीगण गिहार कॉलोनी कस्बा व थाना सिरसागंज को चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति /वाहन के दौरान कौरारा रोड से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह, व.उ.नि. अजेन्द्र सिंह, उ.नि. भैयालाल, प्रशि.म.उ.नि. तरूणा सिंह, प्रशि.म.उ.नि. एकता सिंह, का. 758 सुमित कुमार, म.का. 284 रचना देवी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# स्टेशन रोड पर अतिक्रमण के चलते रेलयात्रियों की छूट जाती है ट्रेनें



**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** टूंडला नगर के वीआईपी स्टेशन रोड पर ठेल धकेल वालो ने अतिक्रमण कर रखा है, वही अतिक्रमण को नगर पालिका अधिकारी इस और ध्यान नहीं देते है। रेलयात्री काफी परेशान है।

इस दौरान अतिक्रमण की बजह से स्टेशन जाने वाले यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कभी कभी तो यात्रियों की ट्रैन छूट जाती है। लेकिन प्रशासन इन मुश्किल से निजात दिलाने में ना कामयाब होता नजर आता है। लेकिन् जब कोई वीआईपी का काफिला इस मार्ग से गुजरता है तो मार्ग को खाली करवा दिया जाता है। ताकि अधिकारिओ की वाह-वाही लूटी जा सके। लेकिन पालिका प्रशासन को जो दुकानदार पैसे लेकर अपनी दुकानों के सामने अतिक्रमण करवाते है उन पर जुर्माना लगाना चाहिए ताकि वो दुकानदार ऐसी गलती ना करें। वही कुछ् लोगो ने तो बाजार के मुख्य नाले पर ही अपनी दुकाने सजा रखी है ऐसे लोगो पर कार्यवाही होनी चाहिए ताकि वीआईपी मार्ग व्यवस्थित रहे। लेकिन अधिकारियों पर कोई फर्क नही पड़ता दिखाई दे रहा है और दुकानदारो को किसी भी अधिकारी का कोई नहीं डर नहीं है। पालिका प्रशासन व तहसील प्रशासन को अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ अभियान चलाये। जिससे स्टेशन रोड पर आने जाने में दिक्क़तो का सामना ना करना पड़े।

## 6 वर्ष की बच्ची के साथ रेप के बाद हत्या की कोशिश

**शाहजहांपुर।** थाना मदनापुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नासिरपुर में एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या की कोशिश का मामला सामने आया दरसल क्षेत्र के ही निवासी ने पुलिस को बताया की उसकी छोटी बच्ची के साथ किसी ने दुष्कर्म किया है, बच्ची हालत को देखते हुए पुलिस ने उसको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहाँ उसका उपचार जारी है क्योंकि पीड़िता परिवार के शादी समारोह में इस अपराध को अंजाम दिया गया है इसलिए आरोपी की पहचान नहीं हो सकी है मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए घटना के शीघ्र अनावरण हेतु कई टीमों का गठन कर प्रभावी जांच प्रारम्भ कि गई है पुलिस अधीक्षक राजेश दुवेदी ने कहा की बहुत जल्द आरोपी क़ो पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

# एनसीआर कालेज के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली



**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** आपरेशन जागृति 4.0 के अन्तर्गत एनसीआर कालेज में निकाली गई जन जागरूकता रैली। जिसमें महिलाओ एवं बालिकाओ को सुरक्षा की जानकारी दी गई। एनसीआर कालेज के प्रांगण से थाना टूंडला द्वारा आयोजित आपरेशन जागृति 4.0 के अन्तर्गत एक जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका उद्देश्य नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा एवं महिला उत्पीडन आदि के प्रति नागरिकों में जनजागरूकता करना। रैली को संबोधित करते हुये कार्यवाहक प्रधानाचार्य एमपी सोनकर ने कहा कि नशे की लत पारिवारिक विघटन एवं आर्थिक समस्याओं का मुख्य कारण है। रैली कालेज प्रांगण से पुलिस प्रशासन की देखरेख में दीपा चौराहा से स्टेशन रोड होते हुये रामलीला मैदान से वापस कालेज में आकर सम्पन्न हुई। इस दौरान छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा एवं महिला उत्पीडन से संबंधित नारे बैनर एवं पोस्टर द्वारा नागरिकों एवं राहगीरों को जागरूक किया। रैली में कालेज के लगभग 125 छात्र छात्राओं के साथ कमल कान्त, डा. प्रतिमा यादव, भूरा लाल, मौहर सिंह शास्त्री, विनोद, दिनेश चौहान आदि के अलावा कालेज स्टॉफ उपस्थित रहा।

# के.एन.आई.सी.ई. लाल डिग्गी में छात्रों के बीच हुआ रोमांचक क्रिकेट मैच

**अवधनामा संवाददाता**

■ खेल से मानसिक और शारीरिक दोनों का होता विकास: मृदुल कुमार सिंह



**सुल्तानपुर।** कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन लाल डिग्गी, सुलतानपुर में 5 मई 2025 को संस्थान के कक्षा 10 एवं 12 के चारों हाउस के छात्रों के बीच एक क्रिकेट टूर्नामेन्ट का आयोजन किया गया। टूर्नामेन्ट का शुभारम्भ संस्थान के प्रधानाचार्य मृदुल कुमार सिंह ने फीता काटकर तथा क्रिकेट खेल कर किया। यह टूर्नामेन्ट नॉकआउट आधार पर खेला गया। टूर्नामेन्ट के पहले मैच में सी0वी0 रमन (रेड) हाउस ने ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम (ग्रीन) हाउस को 6 विकटों से पराजित किया तथा दूसरे मैंच में रवीन्द्र नाथ टैगोर (येलो) हाउस ने मदर टेरेसा (ब्लू) हाउस को 26 रनों से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच 10-10 ओवरों का सी0वी0 रमन (रेड) हाउस एवं रवीन्द्र नाथ टैगोर (येलो) हाउस के बीच खेला गया जिसमें सी0वी0 रमन (रेड) हाउस ने अपने सभी विकेट खोकर 74 रन बनाये जिसमें 12 बी2 के सैफवान अंसारी ने सर्वाधिक 34 रन बनाये। जबाव में उतरी रवीन्द्र नाथ टैगोर (येलो) हाउस की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने अपने पहले तीन विकेट मात्र 8 रन पर गवां दिये उसके बाद बैटिंग करने आये अयान हुसैन-12 बी2 शिखर पाल-10 ए4 ने अच्छी बैटिंग का प्रदर्शन किया तथा अपने टीम के लिए क्रमशः सर्वाधिक 36 एवं 28 रन बनाकर अपने हाउस को विजयी बनाया। मैच में 36 रन और 4 विकेट लेने के लिए अयान हुसैन 12 बी2 को ट्राफी एवं मेडल देकर संस्थान के प्रधानाचार्य मृदुल कुमार सिंह ने सम्मानित किया तथा पूरे टूर्नामेन्ट में 73 रन व 5 विकेट लेने वाले सैफवान अंसारी को टूर्नामेन्ट का बेस्ट खिलाड़ी घोषित किया गया। टूर्नामेन्ट में सवार्धिक 8 विवेट लेने वाले मो0 शारिब-10 ए6 को बेस्ट बॉलर घोषित किया गया। टूर्नामेन्ट का संचालन संस्थान के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यापक शशांक श्रीवास्तव एवं हिम्मत सिंह द्वारा किया गया तथा अम्पायर की भूमिका में 12 बी3 के छात्र अर्पित तिवारी तथा सार्थक रहे। इस अवसर संस्थान के उप प्रधानाचार्य शैलेश तिवारी एवं कक्षा 12 के छात्र/छात्रायें मौजूद रहे।

# डीएम ने ऑडिटोरियम और ग्लास म्यूजियम का किया निरीक्षण

■ पूरा प्रोजेक्ट दिसम्बर 25 तक पूर्ण होना चाहिए, अन्यथा होगी कार्यवाही : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने आज मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ सिविल लाइन स्थित ऑडिटोरियम और ग्लास म्यूजियम का निरीक्षण किया, इस निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी नृपेन्द्र भी मौजूद रहें, जिलाधिकारी यहां पर चल रहे कार्य की धीमी प्रगति से अन्यंत नाराज दिखें, जिलाधिकारी को असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर (एपीएम) अनीश सिंह ने अवगत कराया कि अभी 40 प्रतिशत के आस-पास कार्य हुआ है, जिलाधिकारी ने कहा कि यहा की स्थिति देखकर लग रहा है, कि यहां पर केवल 25 प्रतिशत कार्य हुआ है, जिलाधिकारी ने सख्त शब्दों में निर्देशित किया कि पूरा प्रोजेक्ट किसी भी हालत में दिसम्बर 25 तक पूर्ण होना चाहिए, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए जरूरी है कि मजदूरों की संख्या तीन गुना बढ़ायी जाए, जिलाधिकारी ने कहा कि यदि सरकार समय से आपके द्वारा कराये गये कार्यों का पैसा दे रही है तो काम में देरी क्यों, तीन दिनों के अन्दर मजदूरों की संख्या बढ़ायें अन्यथा कार्यवाही होगी, साथ ही साथ कार्यो का निरीक्षण थर्ड पार्टी से अवश्य करायें, जिससे कार्य की गुणवत्ता के सम्बन्ध में सही जानकारी मिल सके, साथ ही साथ इसमें लगने वाले मेटेरियल का सैम्पल नियमित भेजें जिससे गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग इसके निर्माण में हो, जनपद की यह एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं परवेज अब्बास आयु लगभग 38 वर्ष पुत्र हसन अहमद नि. ग्रा. कटघर कमाल पो.-सुल्तानगढ़ थाना- सम्मनपुर तह.- जलालपुर, जिला- अम्बेडकरनगर।

मेरे पासपोर्ट में नाम PARAVEZ ABBAS जन्मतिथि 01.01.1983 अंकित है जो गलत है। मेरे शैक्षिक अभिलेख, आधार कार्ड और पैन कार्ड में PARVEZ ABBAS व जन्मतिथि 05.09.1987 अंकित है जो सही है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं इंतिजार फातिमा उर्फ किरन बानो पुत्री स्व. मुस्तबा हुसैन, पत्नी सैय्यद ज़ायर हुसैन निवासिनी- ग्राम बदौलीपुर, पोस्ट- हथियागढ़, जिला- गोण्डा, वर्तमान पता- 450/257, हैदर कॉलोनी, मुफ्तिगंज, लखनऊ, उ.प्र.-226003।

मैंने जीवन बीमा पॉलिसी संख्या- 275500449 करायी थी जिसमें मेरा नाम किरन बानो दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड सं.-768886234155 में इंतिजार फातिमा दर्ज है। इंतिजार फातिमा और किरन बानो दोनो नाम मेरे ही है। मुझे दोनो नामों से जाना व पहचाना जाता है।

# कार्यालय अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या

पत्रांक : 1471/अ0वि0प्रा0/सम्पत्ति अनु0/25-26 दिनांक : 01.05.2025

## सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदको ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति जो प्राधिकरण के जानकी बिहार आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है का अन्तरण/नामांन्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है-

| क्रम सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड सं. | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता/पति का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष सं. | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत पूर्व स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | स्व0 बृजेश शर्मा पुत्र स्व0 श्रीनाथ शर्मा | EWS-68 | जानकी बिहार आवासीय योजना | श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी स्व0 बृजेश शर्मा | निवासी-मो0 दूबे बीसलपुर जिला-पीलीभीत | मृत्युपरान्त | बैनामा |
| 2 | | | | श्री अर्पण शर्मा पुत्र स्व0 बृजेश शर्मा | निवासी-मो0 दूबे बीसलपुर जिला-पीलीभीत | मृत्युपरान्त | बैनामा |
| 3 | | | | श्री अर्पित शर्मा पुत्र स्व0 बृजेश शर्मा | निवासी मो0 दूबे बीसलपुर जिला-पीलीभीत | मृत्युपरान्त | बैनामा |
| 4 | | | | श्री समर्पित पुत्र स्व0बृजेश शर्मा | निवासी-मो0 दूबे बीसलपुर जिला-पीलीभीत | मृत्युपरान्त | बैनामा |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अन्तरण/नामांन्तरण के विरूद्ध यदि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजो सहित इस नोटिस पर प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिवस के भीतर सचिव अयोध्या विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा स्तम्भ 5 में अंकित व्यक्तियो के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामांन्तरण प्राधिकरण के अभिलेखो में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा यदि कोई हो तो ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**प्र.अधि. सम्पत्ति**
**अयोध्या विकास प्राधिकरण**
**अयोध्या**

# ग़रीब छात्रों के लिए वरदान बन रही अभ्युदय योजनाः सरिता

वहाज अली निहाल



अभ्युदय योजना से समाज के सभी वर्ग के छात्रों को मिल रहा लाभः अजय कुमार गौतम

**इटावा।** राजकीय इंटर कालेज के आशा सभागार में आयोजित भव्य अभ्युदय अभिनंदन (2025) समारोह में मंगलवार को PSC /UPPCS/NEßT/JEß एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं एवं अभ्युदय योजना में कार्यरत समस्त शिक्षकगणों को मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारी सदर विधायक सरिता भदौरिया, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि, डायट प्राचार्य प्रेम पाल सिंह, प्रभारी डीआईओएस जितेंद्र कुमार प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रवज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ शुभारंभ किया। विद्यालय के हृष्ट केडेट्स ने सभी अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि ने सभी छात्र छात्राओं, शिक्षकों सहित पधारे समस्त अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि संबोधन में कहा कि, हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता सूची में सूचीबद्ध कल्याणकारी योजनाओं में शामिल यह मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना समाज के ऐसे तबके के गरीब छात्र छात्राओं के लिए आज वरदान बन रही है जो आर्थिक रूप से कमजोर है और बड़े शहरों की बड़ी बड़ी कोचिंग संस्थानों में पढ़ने का सपना देखते है आज इस योजना से समाज के हर गरीब छात्र के ऐसे अनमोल सपने साकार हो रहे है। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने अभ्युदय योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि, मुझे बहुत खुशी है कि, आज इस अभ्युदय कोचिंग के माध्यम से जनपद में विगत दो वर्षों में कुल 29 छात्र छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए है जिन्हें मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं उन्होंने अपील करते हुए कहा कि, इस योजना का लाभ उठाने के लिए सभी लोग मिलकर इसका प्रचार प्रसार जरूरतमंदो तक अवश्य ही पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि, छात्रों की विशेष मांग को देखते हुए सत्र 2025- 26 से एक दिवसीय परीक्षाओं जैसे पुलिस स्स्ष्ट आदि का भी बैच प्रारंभ किया जा रहा है।

इसी क्रम में अभ्युदय योजना में सफल छात्र छात्राओं ने अपने विचार और अनुभव भी साझा किए। कोर्स कोर्डिनेटर के पी सिंह ने विगत वर्षों की विशेष उपलब्धियों को विस्तार से सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। अंत में प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन विज्ञान शिक्षक वी के पाल ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री नीतू नारायन मिश्रा, चन्दन पोरवाल सहित राजकीय इंटर कालेज का समस्त शैक्षणिक स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# डीबीए द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज के परिनिर्वाण दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सभागार में एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में छत्रपति शाहू जी महाराज के परिनिर्वाण दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने छत्रपति शाहूजी महाराज ने दलितों और स्त्रियों के अधिकारों के लिए ठोस कदम उठाए, 1919 में उन्होंने अछूतों को इलाज के लिए अस्पताल में प्रवेश का अधिकार दिया, इसके पहले अन्य सार्वजनिक स्थानों की तरह किसी अछूत का अस्पताल में भी प्रवेश वर्जित था, इसी साल उन्होंने एक आदेश द्वारा प्राइमरी स्कूल से लेकर कॉलेजों में दलितों के साथ होने वाले अन्याय और दुर्व्यवहार को समाप्त कर दिया। अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि शाहू जी महाराज के योगदान को याद किया। 26 जून 1874 को जन्मे शाहू जी महाराज कोल्हापुर रियासत के राजा थे। उन्होंने अपने राज्य में सर्वप्रथम आरक्षण व्यवस्था लागू की। साथ ही सभी के लिए मुफ्त शिक्षा और विधवा पुनर्विवाह के लिए कानून बनाया।

# नगर पंचायत इकदिल उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार साधना दोहरे ने जीत हासिल की

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा, इकदिल।** नगर पंचायत इकदिल उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार साधना दोहरे ने समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी प्रवीन कुमारी को 1078 वोट से हराकर जीत हासिल की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सरिता कठेरिया तीसरे स्थान पर रही। नगर पंचायत इकदिल के उप चुनाव में एक बार फिर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की और समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी को करारी हार का सामना कराया। दो मई को इकदिल नगर पंचायत पर हुए उपचुनाव के लिए चार उम्मीदवारों के लिए जनता ने वोट डाले थे जिसमें समाजवादी पार्टी की तरफ से प्रवीन कुमारी, भारतीय जनता पार्टी की तरफ से सरिता कठेरिया, निर्दलीय उम्मीदवार साधना दोहरे और अनीता गोयल के लिए जनता ने वोट डालें। लेकिन जब 5 मई को मतगणना हुई तो यहां समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि निर्दलीय उम्मीदवार साधना दोहरे को जनता ने 3467 वोट दिए और सपा प्रत्याशी प्रवीन कुमारी को 2369, बीजेपी से सरिता कठेरिया को 1626 वोट मिले। जिसमें निर्दलीय उम्मीदवार साधना दोहरे ने सपा प्रत्याशी प्रवीन कुमारी को 1078 वोट से हरा दिया और जीत हासिल की। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी प्रवीन कुमारी के लिए सपा के बड़े नेताओं ने अपनी पूरी ताकत लगा दी थी और जनता से वोट मांगे थे। भाजपा की तरफ से भी जिले स्तर सभी नेता इकदिल में डेरा जमाये रहे और भाजपा प्रत्याशी सरिता कठेरिया के लिए वोट मांगें लेकिन जनता ने समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा नहीं किया और निर्दलीय उम्मीदवार साधना दोहरे को अपना कीमती वोट देकर विजयी बनाया। साधना दोहरे पूर्व चैयरमेन स्व.आशाराम गोयल व पूर्व चैयरमैन स्व.फूलन देवी की पुत्र वधू हैं। स्व.फूलन देवी के आकस्मिक निधन पर यह सीट रिक्त हुयी थी।

# सर्वजन सुखाय पार्टी ने निकाला कैंडल मार्च



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में सोमवार शाम को सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शहीद स्मारक नुमाइश ग्राउंड पहुंच कर हमले की कड़ी निंदा करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की । पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह ने इस मौके पर कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला बेहद कायराना और मानवता के खिलाफ जघन्य अपराध है उन्होंने कहा कि सर्वजन सुखाय पार्टी इस नृशंस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करती है और पूरे देश के साथ आतंक के खिलाफ एकजुट खड़ी है। पार्टी के प्रदेश महासचिव अभिलाख यादव ने सरकार से मांग की जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को और अधिक सशक्त बनाया जाए तथा आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव ने घटना की निंदा करते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री मुर्दाबाद, पाकिस्तान के सेना प्रमुख मुर्दाबाद, पाकिस्तान होश में आओ आदि नारे लगा रहे थे। इसमें प्रदेश महासचिव अभिलाख यादव जी जिलाउपाध्यक्ष मनोज यादव, विधानसभा अध्यक्ष अनिरुद्ध गोयल, नगर अध्यक्ष दीपांशु एवं दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जाम में फंसे घायल युवक की दर्दनाक मौत

राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर तड़पते हुए पियूष ने तोड़ा दम

हिफजुर्रहमान

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक युवक की जान ले ली। जाम के कारण समय पर अस्पताल न पहुंच पाने की वजह से घायल युवक ने तड़पते हुए दम तोड़ दिया। इस घटना ने जिले की ट्रैफिक व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की खामियों को फिर से उजागर किया है।

घटना सुबह करीब 6:30 बजे सुमेरपुर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर छोटे पावर हाउस के पास हुई। 26 वर्षीय पियूष शिवहरे , जो बाइक पर सवार था, को एक तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पियूष गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पियूष दर्द से तड़प रहा था और उसका शरीर खून से लथपथ था। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और उसे नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पहुंचाया। पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने पियूष की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन, यहीं से शुरू हुई असली त्रासदी। जिला अस्पताल ले जाने वाली कार राजमार्ग पर भयंकर जाम में फंस गई। करीब तीन घंटे तक कार सड़क पर ही रुकी रही, और इस दौरान पियूष कार में तड़पता रहा। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।जाम के कारणराष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर जाम की स्थिति इस हादसे का प्रमुख कारण बनी। स्थानीय लोगों और पुलिस सूत्रों के अनुसार, जाम के पीछे निम्नलिखित वजहें थीं:

**अवैध पार्किंग और अतिक्रमण है जाम की अस्ल वजह-** सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ऑटो, ट्रैक्टर, और अन्य वाहनों ने राजमार्ग को संकरा कर दिया था। दुकानों के सामने बैनर-बोर्ड और अतिक्रमण ने भी यातायात को बाधित किया।

**खनन वाहनों की भीड़:** हमीरपुर में मौरंग और बालू के अवैध खनन से जुड़े भारी वाहन, जैसे डंपर और ट्रक, राजमार्ग पर अक्सर जाम का कारण बनते हैं। हादसे के समय भी कई डंपर सड़क पर मौजूद थे, जिससे ट्रैफिक रुक गया। **पुलिस की कमी:** चेक पॉइंट्स पर ट्रैफिक पुलिस की अपर्याप्त तैनाती के कारण वाहनों का प्रबंधन नहीं हो सका।एक स्थानीय दुकानदार ने बताया, यहां सुबह के समय भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। सड़क पर जगह ही नहीं बचती, और पुलिस भी कहीं नजर नहीं आती। आज एक जवान लड़के की जान चली गई।

**परिवार का गुस्सा, प्रशासन पर सवाल-** पियूष के परिवार ने इस घटना के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस को जिम्मेदार ठहराया है। पियूष के पिता ने रोते हुए कहा, मेरा बेटा तड़पता रहा, लेकिन जाम की वजह से उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। अगर सड़क खाली होती, तो शायद वह आज जिंदा होता। परिवार ने जाम की समस्या को तत्काल दूर करने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। सुमेरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उसे हिरासत में लेने की कोशिश की जा रही है। जाम की स्थिति पर उन्होंने कहा, हम ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन संसाधनों की कमी एक चुनौती है।

**पिछली घटनाओं से नही लिया गया सबकः** अगर हम राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर होनें वाली दुर्घटनाओं को रेखांकित करे तो एक लम्बी कहानी बन जाएगी लगभग हर दिन यहां हादसे होते रहते है। मई 2024 में राठ तिराहे के पास एक ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मारी थी, जिसमें युवक की मौत हो गई थी। जनवरी 2025 में भी इसी राजमार्ग पर एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत और पांच लोग घायल हो गए थे। ये घटनाएं राजमार्ग पर ट्रैफिक प्रबंधन की बदहाल स्थिति को दर्शाती हैं। हर दिन किसी बाटे किसी भाई तो किसी का पति दुर्घटना का शिकार होजाता है। इस त्रासदी ने हमीरपुर में ट्रैफिक प्रबंधन की तत्काल जरूरत को रेखांकित किया है। स्थानीय लोग और विशेषज्ञ निम्नलिखित सुझाव दे रहे हैं:सड़कों से अतिक्रमण और अवैध पार्किंग को हटाया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर चेक पॉइंट्स पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए।खनन वाहनों की आवाजाही को समयबद्ध और व्यवस्थित किया जाए।आपातकालीन वाहनों के लिए ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था लागू की जाए।

# सुमेरपुर में डग्गामार वाहनों का बोलबाला

अवधनामा संवाददाता

यातायात नियमों की उड़ रही धज्जियां

**हमीरपुर, सुमेरपुर।** सुमेरपुर से हमीरपुर, मौदहा, बांदा सहित प्रमुख मार्गों पर रोडवेज बसों की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद डग्गामार वाहनों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ये वाहन बिना किसी रोक-टोक के मुख्य मार्गों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी भूसे की तरह सवारियां भरकर बेखौफ फर्राटा भर रहे हैं।

इससे सरकार को हर महीने लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। सुमेरपुर से हमीरपुर, जसपुरा-पैलानी होते हुए बांदा, इंगोहटा-छानी, सुमेरपुर-देवगांव, सुरौली-पचखुरा, मुण्डेरा-बांकी, नदेहरा, कुण्डौरा सहित विभिन्न मार्गों पर 200 से अधिक डग्गामार वाहन प्रतिदिन संचालित हो रहे हैं। ये वाहन यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी करते हुए सवारियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। कई बार ये वाहन दुर्घटनाओं का शिकार भी हुए हैं, जिनमें लोगों की जान गई, लेकिन न तो एआरटीओ विभाग और न ही पुलिस इन पर प्रभावी रोक लगा पा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि डग्गामार वाहनों से मासिक रकम वसूली जाती है, जिसके चलते पुलिस और एआरटीओ विभाग कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूरी करता है। मुख्य मार्गों पर डग्गामार वाहनों की भरमार के कारण रोडवेज बसों की सवारियां भी प्रभावित हो रही हैं, क्योंकि ये वाहन बसों को आगे-पीछे कर सवारियां ले जाते हैं।इस स्थिति से सरकार को हर महीने लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि अवैध रूप से संचालित हो रहे इन डग्गामार वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए।

# लोक अदालत के प्रचार के लिए प्रचार वैन रवाना, जनता को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में 10 मई 2025 को होने वाली लोक अदालत में वादकारियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रचार अभियान शुरू हुआ। जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय ने जनपद न्यायालय से प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्रचार वैन ने हमीरपुर के आकिल तिराहा, सुभाष बाजार, रमेडी, डिग्गी, लक्ष्मी बाई तिराहा, मेरापुरा, भिलावां, बस स्टैंड, अमन शहीद, कालपी चौराहा, बदनपुर, शीतलपुर, कुरारा सहित अन्य क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को लोक अदालत के लाभों के बारे में जागरूक किया। इस अभियान का उद्देश्य सुलभ और त्वरित न्याय प्रक्रिया से लोगों को जोड़ना है।कार्यक्रम में अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. एक्ट उदय वीर सिंह, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश द.प्र.क्षे. एक्ट रणवीर सिंह, नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार खरवार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, सिविल जज (सी.डि.) निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेंद्र कुमार पांडेय, सिविल जज (सी.डि.)/एफ.टी.सी. वंदना अग्रवाल, अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत प्रमोद कुमार, अधिवक्ता संघ के महामंत्री शैलेंद्र सचान, असिस्टेंट नाजिर मो. युनुस परवेज सहित अधिवक्ता और वादकारी मौजूद रहे।यह प्रचार अभियान लोक अदालत की सफलता और जन-जन तक न्याय पहुंचाने के लक्ष्य को दर्शाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने विवादों का शीघ्र और सौहार्दपूर्ण समाधान कराएं।

द्वितीय अंतरराष्ट्रीय रक्तक्रान्तिवीर सम्मान समारोह 2025

# कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन के अध्यक्ष जिरगाम सिद्दीकी सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** विगत रोज तहसील प्रांगण, दुद्धी नगर, सोनभद्र में प्रगति फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा द्वितीय अंतरराष्ट्रीय रक्तक्रान्तिवीर सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के 18 राज्यों के साथ-साथ नेपाल और भूटान के रक्तवीरों ने हिस्सा लिया और रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। देशभर की 200 से अधिक संस्थाओं के रक्तवीरों को अंतरराष्ट्रीय रक्तक्रान्तिवीर अवार्ड से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन, हमीरपुर, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जिरगाम सिद्दीकी को उनके जीवन में 41वीं बार रक्तदान करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह और मेडल भेंट कर द्वितीय अंतरराष्ट्रीय रक्तक्रान्तिवीर सम्मान अवार्ड 2025 से नवाजा गया। यह कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन का 12वां राष्ट्रीय पुरस्कार है, जो उनकी सामाजिक सेवा और रक्तदान के प्रति समर्पण को दर्शाता है।मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के विधायक भूपेश चौबे, विशिष्ट अतिथि श्रवण सिंह गौड़ और राबर्ट्सगंज चेयरमैन कमलेश मोहन ने इस समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सोनांचल इंटर कॉलेज, और राजा चंडौल इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नाट्य कला के माध्यम से उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाई और समाज को विभिन्न स्वास्थ्य खतरों से सावधान रहने का संदेश दिया। इस आयोजन ने न केवल रक्तदान के महत्व को उजागर किया।

# हमीरपुर में पर्यटन नीति कैंपः निवेशकों को प्रोत्साहन

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर में पर्यटन नीति के प्रचार-प्रसार हेतु होटल कान्हा धाम में एक दिवसीय पर्यटन नीति कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धनश्याम मीना ने अपने संबोधन में पर्यटन उद्योग में निवेश के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, विशेष रूप से नदियों के किनारे ईको-टूरिज्म स्थलों का विकास हो सकता है।जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के तहत होटल, रिसॉर्ट जैसी पर्यटन इकाइयों की स्थापना पर पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। पर्यटन विभाग जनपद के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में पर्यटन निदेशालय, लखनऊ ने वर्चुअल माध्यम से निवेशकों को पर्यटन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया और पर्यटन इकाइयों में निवेश के अवसरों की जानकारी दी।

# वक्फ सुधार कानून से मुस्लिम समाज का होगा उत्थान

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी की तरफ से घोरावल विधानसभा के उरमौरा में वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को ध्यान में रखते हुए जनजागरण अभियान चलाया गया। इसमें घोरावल विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य ने कहा कि मोदी सरकार ने वक्फ संशोधन लाकर असहाय मुस्लिमों को बड़ी राहत दी है। वर्तमान अधिनियम वक्फ प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। मनमाने ढंग से संपत्ति अधिग्रहण को रोककर धार्मिक स्वतंत्रता और समानता को आगे बढ़ाया जाएगा। वक्फ के नाम पर भू माफिया अपना व्यक्तिगत लाभ साधते थे। लेकिन अब सरकार ने वक्फ संशोधन करके भू माफिया और दबंगों की कमर तोड़ दी है। गलत वक्फ दावों के खिलाफ आदिवासियों की अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। संरक्षित स्मारक वक्फ के दायरे से बाहर होंगे, इस अधिनियम के माध्यम से महिलाओं के अधिकार में वृद्धि होगी। ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि 31 प्रतिशत से अधिक मुसलमान आज भी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि लाखों करोड़ों की वक्फ संपत्तियां उनके विकास में कोई सहायक नहीं बनती रही हैं। पूर्व में बना वक्फ बोर्ड ताकतवर लोगों के लिए हथियार बन गया था जिसका उसके पदाधिकारी अपनी सुविधानुसार दुरुपयोग करते थे। नए सुधार से पूर्व की गलतियों को सुधारकर जनहित के कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक अनवर अली ने कहा कि वक्फ अधिनियम 2025 ने हमारे तबके के कमजोर लोगों को नया जीवन दिया है। इस मौके पर सुरेश शुक्ला, आशुतोष सिंह, सदर समसुद्दीन खां, इस्तियाक अंसारी, मुस्तफा ख़ां, आशु खां, सहादत अंसारी, करीमुद्दीन, कासिम शाह आदि मौजूद थे।

# संगठन सृजन का काम शीघ्र हो : रामराज गोंड

अवधनामा ब्यूरो



संगठन में नए लोगों के साथ-साथ पुराने लोगों को भी वरिष्ठता के आधार पर जगह दिया जाएगा

**सोनभद्र।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सोनभद्र में जिला / शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड जी ने किया बैठक का संचालन पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने किया उक्त बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव प्रभारी श्री करमचंद बिंद जी रहे बैठक में संगठन सृजन व आगामी 14 .5. 2025 जिला स्तरीय, विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ सम्मेलन पर विस्तृत चर्चा की गई बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि संगठन सृजन का काम शीघ्र ही शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा संगठन में नए लोगों के साथ-साथ पुराने लोगों को भी वरिष्ठता के आधार पर जगह दिया जाएगा संविधान बचाओ सम्मेलन जो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का निर्देश है जो जोरदार ढंग से किया जाएगा जिससे जिले के लोगों को सिर्फ नेतृत्व के मनसा अनुरूप संदेश दिया जा सके,प्रदेश सचिव जिला प्रभारी श्री करमचंद बिंद ने कहा जो जाति के आधार पर संगठन चलाने वाली पार्टी जाति जनगणना कराने से भाग रही थी वही हमारे नेता माननीय श्री राहुल गांधी जी के जाति पर सवाल उठाते थे अब जाति जनगणना सरकार करवा रही है सबकी जाति का पता मिल जाएगा और उसके भागीदारी के हिसाब से जितने हिस्सेदारी इसका भी पता लग जाएगा सिर्फ सरकार ईमानदारी से जाति जनगणना करवा दे हमारे नेता ने जाति जनगणना के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष किया जिसका परिणाम की जाति जनगणना पास किया गया प्रदेश सचिव इंजीनियर जितेंद्र पासवान सरकार झुकती है झुकाने वाला चाहिए ने कहा कि दलित आदिवासी एवं पिछड़ों का हक उनके जनसंख्या के आधार पर मिल पाएंगे पूर्व प्रदेश सचिव कमले ओझा ने कहा कि जैसे आरक्षण की सीमा की प्रबंध को हटाने में सहायक होगी जिससे सभी को उनके भागीदारी के हिस्सा हिसाब से मिल पाएगी जो आज के परिदृश्य से जरूरी है पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चेतराम केसरी ने कहा कि वर्तमान में जाति जनगणना आवश्यक था जिसकी मांग हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी द्वारा वर्षों से की जा रही थी जिला अध्यक्ष सेवादल कौशलेश पाठक ने कहा कि यदि भाजपा सरकार जाति जनगणना सही ढंग से नहीं करवाया तो इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा।

# ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव होंगे इटावा के एसएसपी



**इटावा।** शासन ने एसएसपी संजय कुमार का जनपद से तबादला कर दिया है और उनके स्थान पर ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव को इटावा का एसएसपी बनाया गया है। एसएसपी इटावा संजय कुमार को शासन ने मुजफ्फरनगर का नया एसएसपी बनाकर भेजा है,उनका इटावा में लगभग दो वर्ष पांच माह का कार्यकाल रहा। कौशाम्बी के एसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव को इटावा का एसएसपी बनाया गया है।

# हिंडालको में 'स्नेह भोज' कार्यक्रम का आयोजन



स्नेह भोज में सम्मिलित होकर संविदा श्रमिकों एवं कर्मचारियों ने दिया आपसी सौहार्द और एकता का संदेश : आर पी सिंह

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** हिंडालको रेनूसागर के तत्वावधान में प्रेक्षागृह के प्रांगण में संस्थान के संविदा श्रमिको, कर्मचारियों एवं विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं के सम्मान में ऐतिहासिक 'स्नेह भोज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे तीन हजार से ज्यादा संविदा श्रमिकों एवं कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह, स्मेल्टर हेड हिंडालको रेणुकूट जयेश पवार, हेड एचआर हिंडालको रेनुसागर शैलेश विक्रम सिंह, सीओ पिपरी अमित कुमार डीएलसी ए के सिंह, ए एल सी विजय प्रताप, श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश चंद्रा, संचालन हेड मनीष जैन, मेन्टिनेंश हेड जगदीस पात्रा, एच आर हेड रेणुकूट अजय सिन्हा, विभागाध्यक्ष मानव संशाधन प्रणव सोनी सहित विभागाध्यक्ष इंजियरिंग समीर आनन्द ने गणेश भगवान की पूजा अर्चना कर हिंडालको के संस्थापक जीडी बिडला एवं आदित्य बिड़ला के चित्र पर माल्यर्पण कर किया। इस अवसर पर हिंडालको रेनूसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने अपने सन्देश में कहा कि स्नेह भोज में कर्मचारियों ने दिया सामाजिक समरसता एवं एकता का संदेश जो सराहनीय है।÷संस्थान की सफलता केवल संसाधनों एवं योजनाओं पर नहीं, बल्कि उसमें कार्यरत प्रत्येक कर्मचारियों की मेहनत, समर्पण और आपसी सामंजस्य पर निर्भर करती है। हिंडालको रेनूसागर में संविदा श्रमिकों, कर्मचारियों का योगदान प्रशंसनीय और प्रेरणास्पद है।कार्यक्रम का समापन स्नेहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हिंडालको रेनुसागर के वरिष्ठ अधिकारी, संजय श्रीमाली, मनु अरोरा, दीपक पांडेय, कुमार हर्षवर्धन, अरविंद सिंह मृदुल भारद्वाज, सुधाकर अन्नामलाई, संदीप यावले सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित सक्सेना, राजेश राय, आर के बर्मा, सदानन्द पांडेय, संजीव श्रीवास्तव, राजनाथ यादव, संतोष तिवारी रणजीत सिंह एवं सनोज का सराहनीय सहयोग रहा।

# एमएसएमई इकाइयों को रहना होगा अपडेट : सीएम योगी

अवधनामा ब्यूरो



■ राज्य की योजनाएं युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों और ग्रामीण समाज के आर्थिक सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर बनाई जाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों को बदलते बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार स्वयं को निरंतर अपडेट करते रहना होगा। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा एमएसएमई बेस है, इसलिए इस क्षेत्र से जुड़े युवाओं की क्षमता संवर्धन के लिए ठोस रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 'सीएम-युवा' योजना के अंतर्गत नए उद्यमियों को ऋण देने से पूर्व उन्हें विधिवत और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण अवश्य प्रदान किया जाए। मंगलवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र के समग्र विकास, उद्यमिता के विस्तार, रोजगार सृजन और निर्यात वृद्धि के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की एमएसएमई इकाइयाँ स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को गति देने के साथ-साथ बड़े उद्योगों के लिए एंकर यूनिट के रूप में भी कार्य कर रही हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाइयाँ सक्रिय हैं, जो राज्य के कुल निर्यात में करीब 46 प्रतिशत का योगदान कर रही हैं और 1.65 करोड़ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल', 'लोकल टू ग्लोबल' और 'ब्रांड यूपी' के मंत्र को साकार करने के लिए एमएसएमई सेक्टर को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त बनाए जाने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पारंपरिक शिल्पकला, कृषि आधारित उत्पादन और नवाचार पर आधारित उद्यमशीलता को अब वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का उपयुक्त समय है।

उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य की योजनाएं युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों और ग्रामीण समाज के आर्थिक सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर बनाई जाएं और इनकी सतत निगरानी भी सुनिश्चित हो। स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' (CM YUVA) के अंतर्गत 3.21 लाख से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है, जबकि 56 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एक लाख वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप योजना के लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से ऋण वितरण हो। इसके लिए बैंकिंग संस्थानों से समन्वय सशक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि ऋण देने से पूर्व चयनित युवाओं को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्ष 2018-19 में जहां 7,600 कारीगरों को प्रशिक्षित कर टूलकिट वितरित की गई थी, वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह संख्या बढ़कर 75,000 से अधिक हो गई है।

मुख्यमंत्री ने योजना के कवरेज को और बढ़ाने, प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने तथा टूलकिट की उपयोगिता और मजबूती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स एमएसएमई इकाइयों के लिए एक उत्कृष्ट मॉडल है, जिसमें सीमित स्थान में बहु-इकाई औद्योगिक संचालन संभव होता है। कानपुर में इसका सफल उदाहरण देखा गया है। मुख्यमंत्री ने इस मॉडल को अन्य नगरों में विस्तार देने और निजी क्षेत्र को भी इसमें भागीदार बनाने का सुझाव दिया। सीएम फेलो के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने उनके प्रदर्शन की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए।

# डॉ. अम्बेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र उनके अनुयायियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा

■ आम्बेडकर के विरोधी उनका चेहरा लगाकर बाबा साहब के समकक्ष खड़े होने का दु:शाहस कर रहे हैं : जयवीर सिंह

■ स्मारक के आसपास के अतिक्रमण 14 मई, 2025 तक हटाने के सख्त निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज ऐशबाग स्थित भारत रत्न डा0 भीमराव आम्बेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि निर्माण संबंधी कमियों को दूर करते हुए 31 अक्टूबर, 2025 तक समस्त कार्य पूरा कर लिया जाए। इस स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का लोकार्पण बाबा साहब की परिनिर्वाण तिथि 06 दिसम्बर, 2025 को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी करेंगे। उन्होंने स्मारक के आसपास के सभी अतिक्रमण 14 मई तक हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन नगर निगम, एलडीए तथा पुलिस विभाग को निर्देश दिये।

जयवीर सिंह ने स्मारक के संग्रहालय, डारमेट्री आदि का अवलोकन किया और छोटी मोटी कमियों को दूर करने के निर्देश दिये। उन्होंने बाबा साहब का स्मरण करते हुए कहा कि देश के निर्माण में उनका अतुलनीय योगदान है। इस स्मारक से डा0 भीमराव आम्बेडकर के अनुयायियों को ताकत और प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस स्मारक से उनके यादों को सहेजने का कार्य किया गया है। उनके जीवन से जुड़े सभी प्रसंगों को म्यूरल के माध्यम से दर्शाया गया है। जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व से प्रेरणा ले सके। निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के उपरांत मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज कल एक खास पार्टी डा0 आम्बेडकर से ज्यादा लगाव प्रदर्शित कर रही है, जबकि उ.प्र. में कई बार उनके सरकार के कार्यकाल में बाबा साहब के अनुयायियों की वजीफा रोका तथा शोषण, उत्पीड़न के साथ ही उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया तथा प्रोन्नति में आरक्षण में रोड़े अटकाये।

## मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत मारुति सुजुकी द्वारा 305 युवाओं का चयन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 5 व 6 मई 2025 को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा रोजगार कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय चयन प्रक्रिया का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। इस संबंध में संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस रोजगार मेले का आयोजन किया गया। दिनांक 5 मई को लिखित परीक्षा संपन्न हुई और 6 मई को लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया गया। उन्होंने कम्पनी के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक प्रशिक्षार्थियों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाए। काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम.ए. खाँ ने बताया कि मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा अस्थायी कामगार पद हेतु कुल 1013 युवाओं का पंजीकरण हुआ।

**वित्तमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के कोषागारों की समीक्षा की**

# ऋणधारक पेंशनर्स से कुशलक्षेम जानने के उपरांत ही पेंशन का भुगतान करें

■ पेंशनर्स की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए समस्याओं का समाधान करें



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रदेश के समस्त कोषागारों को निर्देश दिया है कि कोषागारो से पेंशन आहरित करने वाले ऐसे पेंशनर्स जिन्होंने बैंक से किसी प्रकार का लोन लिया है उनकी पेंशन उनके खाते में भेजने से पहले प्रत्येक माह उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए ऋणधारक पेंशनर्स से कुशलक्षेम जानने के उपरांत ही पेंशन का भुगतान करें। वित्तमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के कोषागारों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी कोषागारों को निर्देश दिया है कि पेंशनर्स की शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करें। पेंशनरों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसी भी कोषागार में पेंशनरों को परेशान करने जैसी शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि बिलों को पास करने में अकारण बिलंब न किया जाए। वित्तमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी कोषागारों में पेंशनर्स के बैठने की जगह, स्वच्छ पेयजल एवं पंखा इत्यादि की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रहे। उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त कोषागारों में शौचालय एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने निर्देश दिया कि पेंशनर्स के खाते भेजी गई आधिक्य पेंशन की शत प्रतिशत रिकवरी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जहां पेंशनर्स एसोशिएशन हैं, वहां पर संगठनों के पदाधिकारियों से संपर्क में रहे जिससे उनके माध्यम से भी पेंशनरों के बारे में जानकारी मिल सकती है।

# उ.प्र. नगर निगम पार्किंग स्थान का सन्निर्माण

■ अनुरक्षण एवं प्रचालन नियमावली 2025 को कैबिनेट की मंजूरी

■ सभी नगर निगमों में लोगों की मांग के अनुरूप पार्किंग की व्यवस्था होगी

■ प्रथम चरण में प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में नियमावली के तहत पार्किंग व्यवस्था की जायेगी

■ सभी पार्किंग में तकनीकी आधारित स्मार्ट व्यवस्था की सुविधा मिलेगी




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ते शहरीकरण, निजी वाहनों की संख्या बढ़ने तथा पार्किंग की मांग को पूरा करने के लिए सभी 17 नगर निगमों में पीपीपी माडल आधारित व्यवस्था संचालित करने के लिए उ.प्र. नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण एवं प्रचालन) नियमावली 2025 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लोकभवन में हुई कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रथम चरण में नियमावली के तहत प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी। सभी पार्किंग स्थलों में तकनीकी आधारित स्मार्ट व्यवस्था की सुविधा मिलेगी।

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने मंगलवार को लोकभवन के मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शहरों में पार्किंग स्थलों की कमी के कारण लोग अपने वाहनों को सड़क के किनारे, फुटपाथों व खाली स्थलों पर अनियोजित ढंग से पार्क कर देते हैं। जिससे शहरों में टैऊफिक की समस्या, एक्सीडेंट की संभावना तथा शहरों में अक्सर जाम लगने व वाहनों में तोड़ फोड़ की स्थिति पैदा हो जाती है। पार्किंग की व्यवस्था होने से लोगों को इन सभी समस्याओं से निजात मिलेगी। साथ ही निगमों को भी अपने राजस्व में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सभी पार्किंग स्थलों में आईटी आधारित मल्टीलेबल की व्यवस्था की जायेगी। सार्वजनिक परिवहन के संसाधनों को और बढ़ाया जायेगा। अच्छी व्यवस्थायें लोगों को प्रदान की जायेगी। पार्किंग स्थलों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग की व्यवस्था की जायेगी, साथ ही गाड़ियों की धुलाई, सफाई और टायरों में हवा भरने आदि की भी व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी पार्किंग स्थलों को पीपीपी के माध्यम से निगरानी एवं व्यवस्थापन के लिए प्रबंधकीय समिति बनाई जायेगी। जो पार्किंग जगहों का सीमांकन कर चिन्हित करेगी और निजी संस्थान इन स्थलों को विकसित करेंगे। दरों को तय करने के लिए बिडिंग भी की जायेगी और निजी संस्थानों से निगरानी एवं व्यवस्थापन के लिए पांच वर्ष का अनुबंध किया जायेगा। इससे लोगों को सुगम पार्किंग की सुविधा मिलेगी और एक समान पार्किंग शुल्क होने से लोगों का शोषण भी नहीं हो पायेगा तथा पार्किंग शुल्क से होने वाली आय से शहरों का नियोजित विकास भी हो सकेगा।

# हिमांशु अवस्थी ने मेडिकल सुरक्षा ग्रुप तैयार किया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** किसी भी आपात स्थिति या युद्ध जैसी स्थिति के दौरान शहरवासियों को तुरंत राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हिमांशु अवस्थी ने मेडिकल सुरक्षा ग्रुप तैयार किया गया है। यह पहल जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के जिला प्रवक्ता और वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु अवस्थी की अगुवाई में शुरू की गई है। हिमांशु अवस्थी ने जानकारी दी कि वर्तमान वैश्विक और राष्ट्रीय हालातों को देखते हुए, अगर देश पर किसी प्रकार की आपदा या युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न होती है तो यह टीम लखनऊ में स्थानीय स्तर पर लोगों की सहायता के लिए पूरी तरह तैयार है। इस हिमांशु अवस्थी मेडिकल सुरक्षा ग्रुप में फिलहाल 15 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें 5 डॉक्टर, 5 निजी अस्पताल और 5 मेडिकल स्टोर के प्रतिनिधि हैं। यह सभी एक समर्पित

■ हिमांशु अवस्थी मेडिकल सुरक्षा ग्रुप में फिलहाल 15 सदस्य शामिल किए गए हैं

व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जुड़े हुए हैं, जहां किसी भी आपात कॉल या जरूरत पर तुरंत प्रतिक्रिया देने की व्यवस्था की गई है। हिमांशु अवस्थी ने कहा, देश की सेवा करना सिर्फ सीमा पर जाकर ही नहीं होता, बल्कि अपने शहर की जिम्मेदारी उठाकर भी हम देशभक्ति दिखा सकते हैं। हम लखनऊ के लोगों के लिए हर परिस्थिति में खड़े हैं। इस योजना का उद्देश्य है युद्धकाल या आपातकाल की स्थिति में घायल नागरिकों को त्वरित इलाज, दवाओं की उपलब्धता और अस्पतालों तक शीघ्र पहुंच सुनिश्चित कराना। इस पहल को स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। कई युवा भी इस ग्रुप से जुडने् की इच्छा जता रहे हैं।

# भाषा विवि में हुआ थायराइड शिविर का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय और एबट मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड के सहयोग से विश्वविद्यालय मे निःशुल्क थायराइड जांच शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर का उदघाटन माननीय कुलपति महोदय प्रो. अजय तनेजा द्वारा किया गया। थायराइड शिविर में 103 ब्लड सैंपल थायराइड जांच के लिए एकत्र किए गये जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, विद्यार्थियों के अभिभावक,आचार्य एवं कर्मचारी शामिल हुए। भेषजी संकाय की निदेशिका प्रो. शालिनी त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में थायराइड की सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं में देखने को मिल रही है इसके दृष्टिगत स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य थायरॉइड के प्रति जागरूकता एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था एवं भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर के सफल आयोजन में फार्मेसी संकाय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कौशल विकास मंत्री ने 'हुनर मित्र' पत्रिका के प्रवेशांक का किया विमोचन

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षण प्रदाता व प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसीज हुई सम्मानित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मंगलवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ के मार्स ऑडिटोरियम में आयोजित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा ÷उद्यमिता विकास की ओर उत्तर प्रदेश÷ विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कौशल विकास से जुड़े समस्त स्टेकहोल्डर, जिसमें सेक्टर स्किल काउंसिल, उद्योग, उद्यमी, सरकार तथा एकेडमिक्स सम्मिलित है, को एक मंच पर लाकर कौशल विकास मिशन कार्यक्रमों को सही दिशा में लागू करने की राजनीति का निर्धारण करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मंत्री अग्रवाल ने सबसे पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सरकार हर मोर्चे पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश कौशल विकास, रोजगार सृजन और युवाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं के कौशल विकास, रोजगारपरकता और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की पूर्ति में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की अहम भूमिका होगी। इसके लिए सरकार उद्योग जगत से नवाचार, कौशल विकास में निवेश और सहभागिता बढ़ाने का आह्वान कर रहीं है।

## ग्रामीण महिलाओं के आजीविका संवर्धन कार्यों में तेजी लायी जाय

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण महिलाओं के आजीविका संवर्धन कार्यों में और अधिक तेजी लायी जाय। स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय व प्रभावी बनाकर समूहों से जुड़ी दीदियों को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने की ठोस कार्यवाही की जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि समूहों द्वारा निर्मित सामग्री की ब्रांडिंग करने व उनके विपणन की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाय। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में गति लाने के लिए जरूरी है, कि योजनाओ व कार्यक्रमो की नियमित रूप से गहन समीक्षा की जाय। योजनाओं की ग्राउंड रियलिटी पता करने व उन्हें धरातल पर प्रभावी तरीके से उतारने के लिए जरूरी है कि फील्ड भ्रमण किया जाय और सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों की जवाबदेही फिक्स की जाय। उन्होंने समूहों की सक्रियता पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश दिए हैं।

# 25 मई तक भूसा प्रबंधन का कार्य पूरा किया जाए : धर्मपाल सिंह

■ पशुधन विभाग के सभी भवनों में गोबर से निर्मित पेंट का प्रयोग किया जाएगा

■ मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गरीब परिवारों को गाय उपलब्ध कराई जाए: धर्मपाल सिंह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है 25 मई तक भूसा प्रबंधन का कार्य पूरा किया जाए। पूरे वर्ष गौशालाओं में चारे भूसे की कमी न हो। पशुधन विभाग के सभी भवनों में गोबर से निर्मित पेंट का प्रयोग किया जाए। जनपद बदायूं में गो पेंट हेतु किए जा रहे कार्यो को मॉडल बनाकर गौ पेंट प्लांट्स की इकाइयां सभी जनपदों में लगाने की कार्ययोजना तैयार की जाए। पशु चिकित्सा अधिकारी सप्ताह में एक बार अनिवार्य रूप से गौशालाओं का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था को जांचे परखे और कमी पाए जाने पर उसको दूर करें। गोआश्रय स्थलों में गोवंश को धूप ,लू से सुरक्षित रखा जाए,भूसा, हरा चारा, चोकर, पानी, विद्युत एवं औषधियों आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। कोई भी गोवंश भूखा प्यास न पाया जाए साथ ही बेहतर व्यवस्था वाले गोआश्रय स्थलों को सम्मानित किया जाए।

धर्मपाल सिंह ने आज विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में भूसा प्रबंधन, निराश्रित गोवंश संरक्षण, गोशालाओं का रख-रखाव, पशुओं को हरा चारा, पानी, भूसा तथा चारागाह भूमि को कब्जामुक्त कराकर हरे चारे की बुआई की समीक्षा कर रहे थे। पशुधन मंत्री ने मुख्यमंत्री जी द्वारा पशुपालन के क्षेत्र में दिए गए मार्गदर्शन एवं सुझावों के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिंह ने कहा कि विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रम के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति की जाए और गुणात्मक सुधार सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश की सभी गौशालाओं में सीसीटीवी लगाने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र कैमरे लगवाए जाए।

सिंह ने निर्देश दिए कि पशुओं हेतु उपलब्ध कराई जाने वाली दवाओं और वैक्सीन की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता ना किया जाए।

# निजीकरण के विरोध में अनशन जारी

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** निजीकरण के पहले मिर्जापुर में अडानी से बहुत मंहगी दरों पर बिजली खरीद करार निजीकरण के बाद मंहगी बिजली करने की तैयारी ¬ अडानी का सलाहकार ग्रान्ट थॉटर्न उप्र में विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के दस्तावेज बना रहा है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर आज लगातार पांचवे दिन शक्तिभवन मुख्यालय पर बिजली कर्मचारियों का क्रमिक अनशन जारी रहा। आज ताप विद्युत परियोजनाओं के बिजली कर्मी अनशन में सम्मिलित हुए। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण के पहले मिर्जापुर में अडानी से बहुत मंहगी दरों पर बिजली खरीद करार निजीकरण के बाद आम उपभोक्ताओं को मंहगी बिजली देने की तैयारी है। संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु अवैध ढंग से झूठा शपथ पत्र देने वाले नियुक्त किये गया ट्रांजैक्शन कन्सलटेंट ग्रान्ट थॉटर्न अडानी पॉवर का भी कंसलटेंट है जिससे मंहगी बिजली खरीद का करार होने वाला है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि निजीकरण के बाद निजी घरानों को मदद करने हेतु आम उपभोक्ताओं के लिए बिजली मंहगी करने की तैयारी है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सोनभद्र जनपद में उत्पादन निगम की अनपरा 'ए' परियोजना से 2.816 रूपये प्रति यूनिट, अनपरा 'बी' परियोजना से 2.502 रूपये प्रति यूनिट तथा अनपरा 'डी' परियोजना से 3.574 रूपये प्रति यूनिट की दर से बिजली मिल रही है। अडानी पॉवर के साथ 25 वर्षो की अवधि के लिए किये जाने वाले बिजली क्रय करार के अनुसार 5.383 रूपये प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलेगी जो सरकारी क्षेत्र के उत्पादन निगम से मिलने वाली बिजली की तुलना में कहीं अधिक मंहगी है। उन्होंने कहा कि ग्रान्ट थॉर्टन अडानी पॉवर का भी सलाहकार है। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की दृष्टि से ही अडानी पावर के साथ मंहगी बिजली खरीदने का करार किया गया है। स्पष्ट है कि निजीकरण के बाद पूर्वांचल की गरीब जनता के लिए बिजली की दरें बढ़ने वाली है। संघर्ष समिति ने उपभोक्ताओं को आगाह किया कि निजीकरण प्रदेश को लालटेन युग में ले जायेगा। क्रमिक अनशन के पांचवे दिन आज ओबरा, पिपरी, अनपरा, हरदुआगंज, पारीछा, जवाहरपुर और पनकी विद्युत पिरयोजनाओं के तथा लखनऊ नगर के 200 से अधिक बिजली कर्मचारी और अभियन्ता क्रमिक अनशन में सम्मिलित हुए। क्रमिक अनशन कल भी जारी रहेगा। कल क्रमिक अनशन में बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, रायबरेली, सीतापुर और लखनऊ क्षेत्र तथा लखनऊ नगर के बिजली कर्मी सम्मिलित होंगे। कल पंजाब और हरियाणा के बिजली कर्मचारी और अभियन्ता उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में क्रमिक अनशन में सम्मिलित होंगे।

आज प्रदेश के अन्य जनपदों और परियोजनाओं पर निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी रहा। शक्ति भवन पर क्रमिक अनशन के पांचवे दिन आज मुख्यतया मो0 वसीम, विशम्भर सिंह, योगेन्द्र कुमार लाखा, सत्या उपाध्याय, सुबोध कुमार, शैलेन्द्र सिंह, जितेन्द्र यादव, गौरव वर्मा, गणेश दत्त, अरविन्द कुमार यादव, विवेक सक्सेना, प्रदीप कनौजिया, रूपेन्द्र शर्मा, निर्भय सिंह, पवन कुमार, अंकित कुमार इत्यादि सम्मिलित हुए।